# वार्षिक रिपोर्ट
# 2005-2006

एनएचपीसी






नैशनल हाइड्रोइलैक्ट्रिक पावर कारपोरेशन लि०

(भारत सरकार का उद्यम)



*280 मेगावाट धौलीगंगा पावर स्टेशन (उत्तरांचल)-बांध का दृश्य*



# विषय सूची

## एनएचपीसी


| | | |
|---|---|---|
| निगम का दृष्टिकोण व लक्ष्य | - | 2 |
| निदेशक मंडल | - | 5 |
| कारपोरेट रूपरेखा | - | 6 |
| महत्वपूर्ण आंकड़ों का सार (दस वर्ष) | - | 8 |
| अध्यक्षीय वक्तव्य | - | 11 |
| निदेशकों की रिपोर्ट | - | 15 |
| लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट | - | 27 |
| वार्षिक लेखे | - | 34 |


## एनएचडीसी


| | | |
|---|---|---|
| निदेशकों की रिपोर्ट | - | 75 |
| लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट | - | 80 |
| वार्षिक लेखे | - | 90 |

निगम का

# दृष्टिकोण

सुदृढ़ पर्यावरणीय संचेतना के साथ जल विद्युत तथा जल संसाधनों का निरंतर विकास करने वाला विश्व स्तरीय, बहुविद्य एवं राष्ट्रव्यापी संगठन बनना।



# निगम का

# लक्ष्य

- जल विद्युत एवं विविध व्यावसायिक क्षेत्रों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की उत्कृष्टता प्राप्त करना।
- परियोजनाओं का निष्पादन एवं संचलान कम लागत, पर्यावरण हितैषी एवं सामाजिक-आर्थिक जिम्मेदारी को निभाते हुए करना।
- सक्षम, प्रशिक्षित तथा विविध क्षेत्रों में कुशल जनशक्ति को बढ़ावा देना।
- नए अनुसंधान व विकास के माध्यम से आधुनिकतम तकनीक का निरंतर विकास करना तथा सर्वश्रेष्ठ कार्यपद्धति को अपनाना।
- कारपोरेट शासन की सर्वोत्तम पद्धति को अपनाना तथा मजबूत निगम की पहचान के लिए संगठन में मूल्य-आधारित प्रबंधन करना।
- आंतरिक निधि जुटाने तथा संसाधनों के प्रभावी प्रबंधन के माध्यम से अधिकतम संपत्ति की व्यवस्था करना।





# निदेशक मण्डल

# निदेशक मण्डल

**28.07.2006 को**



**श्री एस.के. गर्ग**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक



**श्री एस.के. चतुर्वेदी**
निदेशक (कार्मिक)



**श्री एस.पी. सेन**
निदेशक (तकनीकी)



**श्री गुरुदयाल सिंह**
सदस्य (हाइड्रो), सीईए



**श्री अनिल कुमार कुट्टी**
संयुक्त सचिव (हाइड्रो), विद्युत मंत्रालय



**श्री विजय गुप्ता**
कम्पनी सचिव

**कम्पनी सचिव**
श्री विजय गुप्ता

**सांविधिक लेखापरीक्षक**
**वत्रा सप्रा एण्ड कंपनी**
एफ-14, शिवम हाउस, अमर चैम्बर्स,
अपार्टमेंट नं.17 कनॉट सर्कस,
नई दिल्ली-110001

**शाखा लेखापरीक्षक**
**ओ.पी. गर्ग एण्ड कम्पनी**
40ए/डी, गांधी नगर,
जम्मू-180004

**ए.आर. मैती एण्ड कंपनी**
इण्डिया स्टीम शिप हाउस,
21 ओल्ड कोर्ट, हाउस स्ट्रीट,
कोलकाता-700001
पश्चिम बंगाल

**भूषण बंसल जैन एसोसिएट्स**
4648/21 सेधुमल बिल्डिंग, 21, अंसारी रोड,
दरियागंज, नई दिल्ली-110002

**बैंकर्स**
स्टेट बैंक ऑफ इंडिया
इंडियन ओवरसीज बैंक
देना बैंक
बैंक ऑफ इंडिया
जे. एण्ड के. बैंक लि.
आईसीआईसीआई बैंक लि.
ड्यूश बैंक लि.
यू.टी.आई. बैंक लिमिटेड
बैंक ऑफ भूटान
केनरा बैंक
स्टैण्डर्ड चार्टर्ड बैंक
आई.डी.बी.आई बैंक लि.

पंजीकृत कार्यालय : एनएचपीसी, ऑफिस कॉम्पलेक्स, सेक्टर-33, फरीदाबाद-121003 (हरियाणा)

# कारपोरेट रूपरेखा

| वित्तीय | | 2005-06 | 2004-05 | 2003-04 |
|---|---|---|---|---|
| बिक्री | ** | 1614.11 | 1449.98 | 1276.09 |
| विविध आय | @ | 359.55 | 393.80 | 551.69 |
| ब्याज, मूल्यह्रास एवं कर पूर्व लाभ | $ | 1454.71 | 1438.86 | 1477.37 |
| ब्याज एवं मूल्यह्रास के बाद लाभ | | 812.16 | 777.53 | 643.48 |
| ब्याज, मूल्यह्रास व कर के बाद लाभ | | 742.75 | 684.58 | 621.38 |
| लाभांश | | 223.00 | 140.00 | 120.00 |
| आरक्षित एवं अधिशेष (संचयी) | | 4709.89 | 4168.49 | 3594.27 |
| **कारपोरेशन के स्वामित्व में क्या है** | | | | |
| सकल नियत परिसंपत्तियां | | 12755.52 | 10876.28 | 10342.71 |
| मूल्यह्रास | | 2527.83 | 2148.20 | 1882.95 |
| शुद्ध नियत परिसंपत्तियां | | **10227.69** | **8728.08** | **8459.76** |
| चालू पूंजीगत कार्य | | 8844.19 | 8787.19 | 6975.83 |
| निर्माण भंडार एवं अग्रिम | | 778.95 | 770.14 | 805.55 |
| निवेश | | 3832.81 | 3769.43 | 3660.87 |
| शुद्ध चालू परिसंपत्तियां | | -225.34 | 138.69 | 107.76 |
| बट्टे खाते न डाला गया विविध व्यय | | 24.55 | 1.18 | 0.71 |
| | | **23664.15** | **22194.71** | **20010.48** |
| **कारपोरेशन द्वारा क्या देय है** | | | | |
| शुद्ध मूल्य | | | | |
| - अंश पूंजी | | 10576.09 | 9933.27 | 8629.03 |
| - आरक्षित | | 4709.89 | 4168.49 | 3594.27 |
| आकस्मिकताओं के लिए स्वबीमा | | 1030.18 | 1071.15 | 939.40 |
| मूल्यह्रास के प्रति अग्रिम के कारण अग्रिम प्राप्त आय | | | | |
| उधार | | 7166.69 | 7021.80 | 6847.78 |
| | | **23482.85** | **22194.71** | **20010.48** |

| प्रचालन कार्यनिष्पादन | 2005-2006 | 2004-2005 | 2003-2004 |
|---|---|---|---|
| उत्पादन (मि. यू.) | 12567 | 11286 | 11046 |
| मशीन उपलब्धता (प्रतिशत) | 98.16 | 95.30 | 96.82 |
| बिक्री (करोड़ रुपए) | 1614.11 | 1449.98 | 1276.09 |
| जनशक्ति (संख्या) | 13118 | 13470 | 13648 |

** बिक्री प्रभार समायोजन और मूल्यह्रास के प्रति अग्रिम के पश्चात शुद्ध है
@ संविदाओं के प्रति प्राप्ति शामिल है
$ पूर्वावधि समायोजनों के पश्चात

(करोड़ रुपए)

| 2002-03 | 2001-02 | 2000-01 | 1999-2000 | 1998-99 | 1997-98 | 1996-97 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1172.23 | 1221.00 | 1179.90 | 1075.70 | 1194.40 | 993.00 | 534.40 |
| 302.96 | 330.40 | 575.70 | 202.60 | 39.10 | 4.40 | 21.70 |
| 1153.39 | 1183.50 | 1209.70 | 1070.70 | 999.20 | 849.10 | 481.10 |
| 555.00 | 513.10 | 484.20 | 401.20 | 305.30 | 299.40 | 106.70 |
| 510.50 | 470.90 | 443.40 | 401.20 | 305.30 | 299.40 | 106.70 |
| 75.00 | 50.00 | 30.00 | 15.00 | 15.00 | 15.00 | 15.00 |
| 3065.70 | 2598.50 | 2139.10 | 1690.60 | 1272.10 | 948.60 | 634.50 |
| | | | | | | |
| 8280.95 | 8113.50 | 7892.70 | 7752.70 | 7090.40 | 6903.60 | 3893.80 |
| 1672.19 | 1526.70 | 1280.10 | 1029.00 | 811.10 | 598.60 | 622.80 |
| **6608.76** | **6586.80** | **6612.60** | **6723.70** | **6279.30** | **6305.00** | **3271.00** |
| 7078.00 | 5218.30 | 3710.80 | 2768.60 | 2576.00 | 2073.10 | 4895.70 |
| 621.74 | 525.50 | 613.00 | 511.50 | 322.80 | 332.00 | 116.70 |
| 2415.66 | 1965.00 | 679.90 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 1889.77 | 1512.20 | 1864.20 | 2100.90 | 1471.80 | 1252.50 | 486.80 |
| 1.20 | 2.00 | 9.80 | 1.90 | 0.40 | 1.70 | 5.00 |
| **18615.13** | **15809.80** | **13490.30** | **12106.60** | **10650.30** | **9964.30** | **8775.20** |
| | | | | | | |
| 7240.61 | 6345.70 | 5188.20 | 4446.20 | 3825.00 | 3393.00 | 2917.40 |
| 3065.70 | 2598.50 | 2139.10 | 1690.60 | 1272.10 | 948.60 | 634.50 |
| 801.06 | 648.40 | 519.90 | 386.10 | 245.50 | 130.50 | - |
| | | | | | | |
| 7507.76 | 6217.20 | 5643.10 | 5583.70 | 5307.70 | 5492.20 | 5223.30 |
| **18615.13** | **15809.80** | **13490.30** | **12106.60** | **10650.30** | **9964.30** | **8775.20** |

| 2002-2003 | 2001-2002 | 2000-2001 | 1999-2000 | 1998-1999 | 1997-1998 | 1996-1997 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 9863 | 8912 | 8774 | 8691 | 9917 | 8816 | 5614 |
| 96.62 | 96.86 | 92.09 | 91.05 | 88.39 | 83.00 | 83.25 |
| 1172.23 | 1221.00 | 1179.90 | 1075.70 | 1194.40 | 993.00 | 534.40 |
| 13017 | 13054 | 11850 | 12150 | 11860 | 11799 | 12119 |

# महत्वपूर्ण वित्तीय आंकड़ों का सार (दस वर्ष)

| वित्तीय | | | 2005-06 | 2004-05 | 2003-04 |
|---|---|---|---|---|---|
| क | ऊर्जा की बिक्री | $ | 1661.99 | 1581.73 | 1414.43 |
| ख | मूल्यह्रास के प्रति अग्रिम | | 47.88 | 131.75 | 138.34 |
| ग | अन्य आय (निर्माण व परामर्श शुल्क की प्राप्ति सहित) | # | 359.55 | 393.80 | 551.69 |
| **घ** | **कुल आय (क) - (ख) + (ग)** | | **1973.66** | **1843.78** | **1827.78** |
| ङ | उत्पादन एवं अन्य व्यय (संविदा एवं परामर्शी प्राप्ति शामिल है) | | 518.95 | 404.92 | 350.41 |
| च | **सकल मार्जिन (घ)-(ड)** | | **1454.71** | **1438.86** | **1477.37** |
| छ | मूल्यह्रास | | 269.57 | 248.97 | 208.14 |
| ज | **सकल लाभ (च)-(छ)** | | **1185.14** | **1189.89** | **1269.23** |
| झ | ब्याज एवं वित्त प्रभार | | 372.98 | 412.36 | 625.75 |
| ञ | **शुद्ध लाभ (ज)-(झ)** | | **812.16** | **777.53** | **643.48** |
| ट | कर | | 69.41 | 92.95 | 22.10 |
| ठ | **कर पश्चात शुद्ध लाभ (ञ)-(ट)** | | **742.75** | **684.58** | **621.38** |
| ड | **सृजित आंतरिक संसाधन (छ)+(ठ)+(ख)** | | **1060.20** | **1065.30** | **967.86** |
| ढ | प्राधिकृत पूंजी | | 15000.00 | 15000.00 | 15000.00 |
| ण | इक्विटी प्रदत्त पूंजी | ** | 10576.09 | 9933.27 | 8629.03 |
| त | आरक्षित एवं अधिशेष | | 4709.89 | 4168.49 | 3594.27 |
| थ | ऋण निधि | | 7166.69 | 7021.80 | 6847.78 |
| द | मूल्यह्रास के प्रति अग्रिम प्राप्त आय (ककघ) | | 1030.18 | 1071.15 | 939.40 |
| ध | सकल नियत परिसम्पत्तियां | | 12755.52 | 10876.28 | 10342.71 |
| न | मूल्यह्रास | | 2527.83 | 2148.20 | 1882.95 |
| प | **शुद्ध नियत परिसम्पत्तियां (ध)-(न)** | | **10227.69** | **8728.08** | **8459.76** |
| फ | चालू पूंजीगत कार्य | | 8844.19 | 8787.19 | 6975.83 |
| ब | निर्माण भंडार एवं अग्रिम | | 778.95 | 770.14 | 805.55 |
| भ | निवेश | | 3832.81 | 3769.43 | 3660.87 |
| म | कार्यकारी पूंजी | | -225.34 | 138.69 | 107.76 |
| य | बट्टे खाते न डाला गया विविध व्यय | | 24.55 | 1.18 | 0.71 |
| कक | **सकल नियोजित पूंजी (प)+(फ)+(ब)+(भ)+(म)** | | **23458.30** | **22193.53** | **20009.77** |
| कख | **शुद्ध मूल्य (ण)+(त)-(य)** | | **15261.43** | **14100.58** | **12222.59** |
| कग | पावर स्टेशनों में माल सूचीयों की खपत | | 12.02 | 7.73 | 2.67 |
| कघ | **मूल्यवर्धन (क)-(ख)-(कग)** | | **1602.09** | **1442.25** | **1273.42** |

$ प्रभार समायोजन, व्हीलिंग प्रभार और संदेहास्पद ऋणों हेतु प्रावधान सहित।
** अंश जमा और इक्विटी में समंजनीय भारत सरकार की निधि शामिल है।
# संविदाओं के प्रति प्राप्तियां शामिल हैं।

| | अनुपात | 2005-06 | 2004-05 | 2003-04 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नियोजित संकल पूंजी पर आय (ज)/(कक) | 5.05% | 5.36% | 6.34% |
| 2 | शुद्ध मूल्य पर आय (ठ)/(कख) | 4.87% | 4.85% | 5.08% |
| 3 | नियोजित सकल पूंजी में शुद्ध बिक्री (क)-(ख)/(कक) | 6.88% | 6.53% | 6.38% |
| 4 | शुद्ध बिक्री में मूल्यवर्धन (क घ)/(क)-(ख) | 99.26% | 99.47% | 99.79% |
| 5 | इक्विटी में ऋण का अनुपात (थ)/(ण)+(त)+(द) | 0.44 | 0.46 | 0.52 |
| 6 | शुद्ध बिक्री में शुद्ध लाभ (ठ)/(क)-(ख) | 46.02% | 47.21% | 48.69% |

(करोड़ रुपए)

| 2002-03 | 2001-02 | 2000-01 | 1999-2000 | 1998-99 | 1997-98 | 1996-97 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1324.86 | 1349.60 | 1313.70 | 1216.30 | 1309.40 | 1123.50 | 534.40 |
| 152.63 | 128.60 | 133.80 | 140.60 | 115.00 | 130.50 | 0.00 |
| 302.96 | 330.40 | 575.70 | 202.60 | 39.10 | 4.40 | 21.70 |
| **1475.19** | **1551.40** | **1755.60** | **1278.30** | **1233.50** | **997.40** | **556.10** |
| 321.80 | 367.90 | 545.90 | 207.60 | 234.30 | 148.30 | 75.00 |
| **1153.39** | **1183.50** | **1209.70** | **1070.70** | **999.20** | **849.10** | **481.10** |
| 140.36 | 231.60 | 238.70 | 219.80 | 215.20 | 114.00 | 111.10 |
| **1013.03** | **951.90** | **971.00** | **850.90** | **784.00** | **735.10** | **370.00** |
| 458.03 | 438.80 | 486.80 | 449.70 | 478.70 | 435.70 | 263.30 |
| **555.00** | **513.10** | **484.20** | **401.20** | **305.30** | **299.40** | **106.70** |
| 44.50 | 42.20 | 40.80 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| **510.50** | **470.90** | **443.40** | **401.20** | **305.30** | **299.40** | **106.70** |
| **803.49** | **831.10** | **815.90** | **761.60** | **635.50** | **543.90** | **217.80** |
| 10000.00 | 7000.00 | 7000.00 | 5000.00 | 5000.00 | 3500.00 | 3500.00 |
| 7240.61 | 6345.70 | 5188.20 | 4446.20 | 3825.00 | 3393.00 | 2917.40 |
| 3065.70 | 2598.50 | 2139.10 | 1690.60 | 1272.10 | 948.60 | 634.50 |
| 7507.76 | 6217.20 | 5643.10 | 5583.70 | 5307.70 | 5492.20 | 5223.30 |
| 801.06 | 648.40 | 519.90 | 386.10 | 245.50 | 130.50 | 0.00 |
| 8280.95 | 8113.50 | 7892.70 | 7752.70 | 7090.40 | 6903.60 | 3893.80 |
| 1672.19 | 1526.70 | 1280.10 | 1029.00 | 811.10 | 598.60 | 622.80 |
| **6608.76** | **6586.80** | **6612.60** | **6723.70** | **6279.30** | **6305.00** | **3271.00** |
| 7078.00 | 5218.30 | 3710.80 | 2768.60 | 2576.00 | 2073.10 | 4895.70 |
| 621.74 | 525.50 | 613.00 | 511.50 | 322.80 | 332.00 | 116.70 |
| 2415.66 | 1965.00 | 679.90 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 1889.77 | 1512.20 | 1864.20 | 2100.90 | 1471.80 | 1252.50 | 486.80 |
| 1.20 | 2.00 | 9.80 | 1.90 | 0.40 | 1.70 | 5.00 |
| **18613.93** | **15807.80** | **13480.50** | **12104.70** | **10649.90** | **9962.60** | **8770.20** |
| **10305.11** | **8942.20** | **7317.50** | **6134.90** | **5096.70** | **4339.90** | **3546.90** |
| 2.65 | 6.90 | 7.10 | 6.00 | 13.30 | 6.00 | 4.80 |
| **1169.58** | **1214.10** | **1172.80** | **1069.70** | **1181.10** | **987.00** | **529.60** |

| 2002-03 | 2001-02 | 2000-01 | 1999-2000 | 1998-99 | 1997-98 | 1996-97 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5.44% | 6.02% | 7.20% | 7.03% | 7.36% | 7.38% | 4.22% |
| 4.95% | 5.27% | 6.06% | 6.54% | 5.99% | 6.90% | 3.01% |
| 6.30% | 7.72% | 8.75% | 8.89% | 11.22% | 9.97% | 6.09% |
| 99.77% | 99.43% | 99.40% | 99.44% | 98.89% | 99.40% | 99.10% |
| 0.68 | 0.65 | 0.72 | 0.86 | 0.99 | 1.23 | 1.47 |
| 43.55% | 38.57% | 37.58% | 37.30% | 25.56% | 30.15% | 19.97% |



690 मेगावाट सलाल पावर स्टेशन (जम्मू व कश्मीर)-बांध

# अध्यक्षीय वक्तव्य



# अध्यक्षीय वक्तव्य

प्रिय शेयरधारको,

मुझे आपके निगम की 30वीं वार्षिक आम बैठक में आप सभी का स्वागत करते हुए अत्यधिक हर्ष हो रहा है । वार्षिक रिपोर्ट, जिसमें लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट और नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियों के साथ 31 मार्च, 2006 को समाप्त वर्ष हेतु लेखा परीक्षित लेखे पहले से ही आपके पास विचार तथा अंगीकरण के लिए हैं, आपकी अनुमति से मैं इसे पढ़ा गया समझता हूँ ।

निगम ने वर्ष के दौरान प्रचालनात्मक तथा वित्तीय दोनों पक्षों में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन किया । सबसे पहले तो इसने उत्तरांचल में धौलीगंगा जल विद्युत परियोजना (280 मेगावाट) प्रारम्भ की



*श्री सुशीलकुमार शिंदे, माननीय केन्द्रीय विद्युत मंत्री तथा श्री एन.डी.तिवारी, माननीय मुख्यमंत्री, उत्तरांचल एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति, 280 मेगावाट धौलीगंगा पावर स्टेशन राष्ट्र को समर्पित करने के अवसर पर*

जिससे वाणिज्यिक उत्पादन अक्तूबर में प्रारम्भ हुआ । यह इस तथ्य के मद्देनजर एक बड़ी उपलब्धि है कि इसके निष्पादन के दौरान सामने आई भू-वैज्ञानिक बाध्यताओं के कारण ले आउट में मुख्य परिवर्तन आवश्यक हो गए थे। इस परियोजना को 08.04.2006 को माननीय केन्द्रीय विद्युत मंत्री श्री सुशीलकुमार शिंदे द्वारा एक भव्य समारोह में राष्ट्र को समर्पित किया गया था । मैं इस उपलब्धि पर सभी कार्मिकों, विशेषकर धौलीगंगा में तैनात कार्मिकों को, बधाई देता हूँ ।

प्रचालनात्मक रूप से निगम ने पिछले वर्षो के दौरान हुए कार्य निष्पादन में सुधार किया है । निगम ने वर्ष के दौरान 12567 मिलियन यूनिट का उत्पादन किया जो कि पिछले वर्ष के दौरान के उत्पादन में 11.35 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है । इसके अधिकांश विद्युत स्टेशनों ने अपने उत्पादन लक्ष्यों से अधिक उत्पादन किया है और 98.16 प्रतिशत का एक रिकार्ड क्षमता सूचकांक प्राप्त किया है ।

आपके निगम ने वर्ष के दौरान 1713.79 करोड़ रुपए का टर्नओवर प्राप्त किया और 742.75 करोड़ रुपए का अब तक का सबसे अधिक शुद्ध लाभ अर्जित किया है । आपके निदेशकों ने पिछले वर्ष घोषित किए गए 140 करोड़ रुपए के कुल लाभांश की तुलना में 64 करोड़ रुपए के अंतरिम लाभांश सहित 223 करोड़ रुपए के लाभांश की संस्तुति की है । घोषित किया गया लाभांश निगम के शुद्ध लाभ का 30 प्रतिशत है और यह अभी तक घोषित किया गया सबसे अधिक लाभांश है ।

वर्ष के दौरान आपके निगम ने लाभग्राहियों को बेची गई ऊर्जा के लिए 1911.30 करोड़ रुपए के मूलधन को प्राप्त किया । बिक्री उगाहियों का वसूल किया जाना बिलिंग के 97 प्रतिशत से अधिक था, जो कि विद्युत मंत्रालय द्वारा समझौता ज्ञापन में निर्धारित किए गए लक्ष्य से अधिक था । वर्ष के दौरान 33.38 करोड़ रुपए की देयताओं का एकमुश्त निपटान एनएचपीसी के पक्ष में जारी किए गए बॉण्ड के माध्यम से प्राप्त हुआ था । निगम ने बकाया




देयताओं के प्रतिभूतिकरण के प्रति पहले प्राप्त बॉण्ड पर 249.47 करोड़ रुपए की ब्याज आय भी अर्जित की है

सभी निर्माणाधीन परियोजनाओं पर कार्य की प्रगति संतोषजनक रही है । दुलहस्ती जल विद्युत परियोजना (390 मेगावाट) और तीस्ता-V जल विद्युत परियोजना (510 मेगावाट) पूर्णता के निकट हैं और इन्हें क्रमश: नवम्बर, 2006 तथा फरवरी, 2007 के दौरान संचालित कर दिया जाना है। अन्य निर्माणाधीन परियोजनाओं पर भी कार्य की प्रगति संतोषजनक है ।



*390 मेगावाट दुलहस्ती जल विद्युत परियोजना (जम्मू व कश्मीर) - बांध*

वर्ष के दौरान सरकार ने जम्मू एवं कश्मीर में उड़ी-II (240 मेगावाट), हिमाचल प्रदेश में चमेरा-III(231 मेगावाट), हिमाचल प्रदेश में पार्बती-III (520 मेगावाट) और पश्चिम बंगाल में तीस्ता लो डैम-IV (160 मेगावाट) को निवेश स्वीकृति प्रदान की है । इन सभी परियोजनाओं पर निर्माण कार्य प्रारम्भ हो चुके हैं ।

एफआर/डीपीआर को तैयार करने हेतु सर्वेक्षण तथा जाँच कार्य में काफी तेजी बनी रही क्योंकि एनएचपीसी ने 6085 मेगावाट की कुल संस्थापित क्षमता के साथ 8 परियोजनाओं हेतु डीपीआर को अंतिम रूप दिया और उन्हें तकनीकी- आर्थिक स्वीकृति हेतु केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण को प्रस्तुत किया था।

आपको यह जानकर हर्ष होगा कि 1630 मेगावाट की कुल संस्थापित क्षमता वाली 5 नई परियोजनाओं के निष्पादन का कार्य सौंपें जाने के साथ आपके निगम की व्यापार योजनाओं को काफी बल मिला है। इसमें उत्तरांचल सरकार की 3 परियोजनाएं अर्थात 240 मेगावाट चुंगर चल (उत्तरांचल), 630 मेगावाट गरबा तवाघाट (उत्तरांचल), 55 मेगावाट करमोली लुमटी तुली (उत्तरांचल) और सिक्किम सरकार की 2 परियोजनाएं अर्थात 495 मेगावाट की तीस्ता चरण-IV और 210 मेगावाट की लाचेंन जल विद्युत परियोजनाएं शामिल हैं। एक अन्य महत्वपूर्ण प्रगति के रूप में एनएचपीसी ने 195 मेगावाट कोटली भेल-1**ए**, 320 मेगावाट कोटली भेल-1बी और 530 मेगावाट कोटली भेल-II परियोजनाओं के निर्माण हेतु उत्तरांचल सरकार से क्रियान्वयन समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं । यह जल विद्युत परियोजनाओं के शीघ्र निष्पादन के लिए निगम की क्षमता पर राज्यों द्वारा जताए गए विश्वास को स्पष्ट दर्शाता है ।



*श्री पवन चामलिंग, माननीय मुख्यमंत्री, सिक्किम के साथ अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी तथा वरिष्ठ अधिकारी, दो नई परियोजनाओं के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के अवसर पर*

भारत सरकार राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना (आरजीजीवीवाई) के माध्यम से 2009 तक ''सभी गांवों को विद्युत'' और ''सभी के लिए विद्युत'' के उददेश्य को पूरा करने के लिए ग्रामीण विद्युतीकरण कार्य को उच्चतम प्राथमिकता दे रही है।

इस व्यापक ग्रामीण विद्युतीकरण कार्य के साथ जुड़ना आपके निगम का सौभाग्य है और इसे पांच राज्यों अर्थात बिहार, पश्चिम बंगाल, जम्मू एवं कश्मीर, छत्तीसगढ तथा उड़ीसा में कार्य सौंपा गया है । एक अन्य क्षेत्र जहाँ आपका निगम अपनी पूरी क्षमता के साथ योगदान दे रहा है वह प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत ग्रामीण सड़कों का निर्माण है, जिसके माध्यम से भारत सरकार देश के गांवों को मुख्यधारा में लाने पर विचार कर रही है। एनएचपीसी बिहार में ग्रामीण सड़कों का तेजी से निर्माण कर रही है ।

मुझे यह भी सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है कि वर्ष 2004-05 के समझौता ज्ञापन लक्ष्यों की तुलना में निगम के



*श्री एस.के.गर्ग, सीएमडी, एनएचपीसी तथा श्री आर.वी.शाही, सचिव (विद्युत) वर्ष 2006-07 के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के बाद दस्तावेजों का हस्तांतरण करते हुए*

कार्य-निष्पादन को 'उत्कृष्ट' आंका गया है । यह लगातार 11वां वर्ष है कि एनएचपीसी को इसके कार्यनिष्पादन के लिए 'उत्कृष्ट' रेटिंग प्राप्त हुई है । यह एनएचपीसी के सभी कार्मिकों द्वारा एक टीम के रूप में मिलजुल कर किए गए कठिन परिश्रम का परिणाम है और मुझे पूर्ण विश्वास है कि हम भविष्य में भी नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेंगे। आपके निगम को इंडियन इंस्टीटयूशन ऑफ इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग, मुम्बई द्वारा इसकी वित्तीय तथा प्रचालनात्मक शक्ति के लिए प्रतिष्ठित 'एंटरप्राइस एक्सीलेंस अवार्ड 2004-05' से नवाजा गया है ।

किसी भी विकासात्मक परियोजना को पूरा नहीं माना जा सकता जब तक कि परियोजना के आस-पास के क्षेत्र इस विकास का लाभ न उठाएं । एक कारपोरेट नागरिक के रूप में आपका निगम अपने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) से भली भाँति परिचित है और इसने हमारे परियोजनाओं के निकटवर्ती



*केन्द्रीय विद्यालय, उड़ी पावर स्टेशन के विद्यार्थी परिसर में प्रात: व्यायाम करते हुए*

क्षेत्रों में विकासात्मक कार्य प्रारम्भ करने के लिए एक व्यापक नीतिगत दिशा-निदेंश बनाए हैं । आपके निगम द्वारा सामुदायिक विकास पहल के कार्यों में शामिल हैं - हर्बल पार्क का निर्माण, वनीकरण, जलग्राहृय क्षेत्र सुधार (सीएटी), मछली पालन का प्रबंधन, चिकित्सा/टीकाकरण शिविरों का आयोजन, शिक्षा सुविधा, निकटवर्ती क्षेत्रों का विकास, खेल-कूद/मेले आयोजित करना आदि । आपके निगम ने भूकंप प्रभावित जम्मू एवं कश्मीर में डीजी सैट, दवाइयां, चिकित्सा उपचार, कपड़े, आश्रय आदि मुहैया करवाकर राहत कार्य किए हैं। कर्मचारियों ने भी अपना एक दिन का वेतन प्रधानमंत्री राहत कोष में दिया है ।

मुझे आपको यह सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है कि हमारी संयुक्त उद्यम कम्पनी 'नर्मदा हाइड्रोइलैक्ट्रिक डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड' भी हमारे मूल्यों में भागीदार है। एनएचडीसी द्वारा इन्दिरा सागर परियोजना को शीघ्रता से संचालित किया गया और मुझे यह सूचित करते हुए गर्व हो रहा है कि माननीय केन्द्रीय विद्युत मंत्री श्री सुशीलकुमार शिंदे ने 02.06.2006 को 1000 मेगावाट इंदिरा सागर विद्युत स्टेशन राष्ट्र को समर्पित किया । इस परियोजना ने वर्ष के दौरान तुलनात्मक रूप से सस्ती दरों पर 2573.36 मिलियन यूनिट विद्युत का उत्पादन किया और मध्य प्रदेश की अर्थव्यवस्था में मजबूती और जनता को विद्युत कटौती



*श्री सुशीलकुमार शिंदे, माननीय केन्द्रीय विद्युत मंत्री के साथ माननीय मुख्य मंत्री, मध्यप्रदेश श्री शिवराज सिंह चौहान एवं श्री एस.के.गर्ग, सीएमडी, एनएचपीसी 1000 मेगावाट इंदिरासागर परियोजना राष्ट्र को समर्पित करने के अवसर पर*

से राहत प्रदान की। ओंकारेश्वर परियोजना (520 मेगावाट) पर भी प्रगति अत्यधिक संतोषजनक है और इसके अक्तूबर, 2007 में प्रारम्भ होने की आशा है जो कि फरवरी, 2008 की इसकी लक्षित तिथि से पहले है। पूर्ण होने पर यह परियोजना 1166 मिलियन यूनिट का वार्षिक उत्पादन करेगी ।

एनएचडीसी की सफलता से उत्साहित होकर अरूणाचल प्रदेश सरकार ने एनएचपीसी तथा अरूणाचल प्रदेश सरकार के मध्य बनाई जाने वाली एक संयुक्त उद्यम कम्पनी के माध्यम से दिबांग जल विद्युत परियोजना (3000 मेगावाट) को निष्पादित करने की अपनी इच्छा दर्शाई है । इसके अतिरिक्त, संयुक्त उद्यम आधार पर जल विद्युत परियोजनाओं के निष्पादन के लिए अन्य राज्यों से भी विचार-विमर्श की प्रक्रिया चल रही है ।

मुझे यह सूचित करते हुए भी हर्ष हो रहा है कि शाही भूटान सरकार ने एनएचपीसी तथा शाही भूटान सरकार के मध्य एक संयुक्त उद्यम के माध्यम से मांगडेचू हेतु डीपीआर तैयार करने के कार्य को सौंपे जाने और 2 परियोजनाओं नामत: पुनातसांगचू (870 मेगावाट) और मांगडेचू (672 मेगावाट) के निर्माण के कार्य को आवंटित किए जाने की अपनी मंशा दर्शाई है।

आपके निगम ने अन्य विद्युत क्षेत्र कंपनियों की भागीदारी के साथ केवल जल विद्युत परामर्श हेतु सहायक कम्पनी की स्थापना का प्रस्ताव रखा है । वर्ष के दौरान निगम को 65.26 करोड़ रुपए के परामर्शी कार्य प्राप्त हुए हैं ।




*श्री एस.के.गर्ग, सीएमडी, एनएचपीसी ईआरपी पहल 'प्रोजेक्ट किरण' का शुभारम्भ करते हुए*

वर्ष के दौरान निगम ने पी5 अर्थात कार्य निष्पादन, अग्रणी, भागीदार, लोगों के प्रति संवदेनाशीलता और सकारात्मक रुख, के अंतर्गत संगठन संस्कृति की अवधारणा को अंतिम रूप दिया । निगम ने 'प्रोजेक्ट किरण' के नाम से उद्यम संसाधन योजना (ईआरपी) को भी प्रारम्भ किया है ।

मानव संसाधन किसी भी निगम की सबसे बड़ी परिसंपत्ति है और कम्पनी के समग्र उद्देश्यों के प्रति प्रतिभा का उपयोग करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं । हमारे कर्मचारियों की क्षमताओं को उभारने के लिए कई नूतन योजनाएं/नीतियां प्रारम्भ की गई हैं।



*श्री एस.के.गर्ग, सीएमडी, एनएचपीसी, श्री विलासराव देशमुख, माननीय मुख्य मंत्री, महाराष्ट्र से एनएचपीसी को प्रदत्त विजिटेक्स इंटरनेशनल कॉरपोरेट अवार्ड 'क्लीन टेकनोलॉजी विभूषण' प्राप्त करते हुए*

यह सूचित करना गर्व का विषय है कि निगम में औद्योगिक संबंधों का वातावरण सौहाद्रपूर्ण तथा शान्तिपूर्ण रहा और वर्ष के दौरान किसी भी श्रम दिवस की हानि नहीं हुई थी । आपका




*श्री एस.के.गर्ग, सीएमडी, एनएचपीसी, श्री आर.वी.शाही, सचिव (विद्युत), विद्युत मंत्रालय से एनएचपीसी को प्रदत्त 'एनटीपीसी राजभाषा शील्ड' प्राप्त करते हुए*

निगम कार्यालयीन व्यवहार में राष्ट्रभाषा के उपयोग को अत्यधिक महत्व देता है और विभिन्न नूतन योजनाओं के माध्यम से इसके प्रयोग को प्रोत्साहन दे रहा है । मुझे यह सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है कि एनएचपीसी को राजभाषा के कार्यान्वयन क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए एनटीपीसी शील्ड से नवाजा गया है अर्थात 2004-05 के दौरान प्रथम स्थान और 2001-02 के दौरान द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है।

मैं इस अवसर का उपयोग, विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दी गई सहायता तथा समर्थन हेतु, उन्हें बोर्ड का धन्यवाद देने के लिए करता हूँ । मैं वित्त मंत्रालय, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, योजना आयोग, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण, केन्द्रीय जल आयोग आदि और विद्युत बोर्डों/निगमों सहित राज्य सरकार के विभिन्न विभागों को उनके समर्थन एवं मार्गदर्शन के लिए उनका आभार प्रकट करता हूँ। मैं राष्ट्रीय तथा अंतराष्ट्रीय वित्त पोषण संस्थानों का उनके द्वारा एनएचपीसी के प्रति विश्वसनीयता बनाए रखने और उनकी सतत वित्तीय सहायता हेतु हार्दिक धन्यवाद करता हूँ।

मैं, बोर्ड के सभी निदेशकों की ओर से अपने कार्मिकों को वर्ष के दौरान संपूर्ण समर्पण, प्रतिबद्धता, सहयोग और उत्कृष्ट चहुंमुखी कार्य- निष्पादन के लिए धन्यवाद देता हूं ।

एस. के. गर्ग

**(एस.के.गर्ग)**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

**दिनांक : 28.07.2006**
**स्थान : फरीदाबाद**

# निदेशकों की रिपोर्ट

# निदेशकों की रिपोर्ट

**सेवा में सदस्यगण,**
**नैशनल हाइड्रोइलैक्ट्रिक पावर कारपोरेशन लिमिटेड**

हमें 31 मार्च, 2006 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु अपने निगम की कार्य-निष्पादन पर 30वीं वार्षिक रिपोर्ट और साथ ही लेखापरीक्षित लेखे, लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट और भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा लेखे की समीक्षा को प्रस्तुत करते हुए अत्यन्त हर्ष हो रहा है ।

## 1. वित्तीय कार्य-निष्पादन

हमारा कार्य-निष्पादन एक विकास की प्रवृत्ति दर्शाता है और हम उस पथ पर निरंतर अग्रसर हैं । वर्ष के दौरान निगम का कुल बिक्री कारोबार पिछले वर्ष के 1668.27 करोड़ रुपए की तुलना में 1713.79 करोड़ रुपए हो गया । कर पश्चात शुद्ध लाभ पिछले वर्ष के 684.58 करोड़ रुपए से बढ़कर 742.75 करोड़ रुपए हो गया जो 8.50 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है । बिक्री आय की वसूली बिलिंग के 97 प्रतिशत से अधिक थी जोकि विद्युत मंत्रालय के समझौता ज्ञापन में निर्धारित किए गए लक्ष्य से अधिक था । 30 सितम्बर, 2001 को बिहार तथा झारखण्ड राज्य के प्रति 33.38 करोड़ रुपए की बकाया राशि को वर्ष के दौरान प्रतिभूतिकरण के माध्यम से प्राप्त किया गया । हमारे निगम में बकाया देयों के प्रतिभूतिकरण के प्रति पहले जारी किए गए बॉण्ड पर ब्याज आय के रूप में 249.47 करोड़ रुपए अर्जित किए ।

31 मार्च, 2006 को वित्तीय कार्य-निष्पादन का सार निम्नानुसार है -

**सारणी - 1**
**वित्तीय विशिष्टताएं**

(करोड़ रुपए में)

| विवरण | 2005-2006 | 2004-2005 |
|---|---|---|
| विद्युत की बिक्री | 1713.79 | 1668.27 |
| मूल्यह्रास, ब्याज तथा कर से पूर्व लाभ | 1373.55 | 1355.64 |
| मूल्यह्रास | 269.57 | 248.97 |
| मूल्यह्रास के पश्चात और ब्याज तथा कर से पूर्व लाभ | 1103.98 | 1106.67 |
| ब्याज लागत | 291.82 | 329.14 |
| मूल्यह्रास तथा ब्याज के पश्चात किन्तु कर पूर्व लाभ | 812.16 | 777.53 |
| कर | 69.41 | 92.95 |
| मूल्यह्रास, ब्याज तथा कर पश्चात लाभ | 742.75 | 684.58 |
| पहले के वर्षों के लाभ तथा हानि लेखे का अधिशेष | 2369.02 | 1753.00 |
| विनियोजन हेतु उपलब्ध लाभ | 3111.77 | 2437.58 |
| **विनियोजन** | | |
| अंतरिम लाभांश | 64.00 | 60.00 |
| प्रस्तावित अंतिम लाभांश कर | 159.00 | 80.00 |
| निगमित लाभांश कर | 31.28 | 19.21 |
| लाभ से आरक्षित में विनियोजन | 27.75 | — |
| बॉण्ड रिडम्पशन आरक्षित हेतु पश्च लेखन | — | 90.65 |
| आरक्षित तथा अधिशेष में अग्रेषित शेष लाभ | 2829.74 | 2369.02 |

## 2. विद्युत उत्पादन

वर्ष के दौरान उत्तरांचल में धौलीगंगा जल विद्युत परियोजना (280 मेगावाट) की सभी इकाइयों को चालू कर दिया गया था और पावर स्टेशन ने मार्च, 2006 तक 315.46 मिलियन यूनिट (एम.यू) का उत्पादन किया था । इस परियोजना को 8 अप्रैल, 2006 को माननीय विद्युत मंत्री द्वारा राष्ट्र को समर्पित किया गया था । वर्ष के दौरान कुल उत्पादन 12567. 15 एम.यू. था जोकि 98.16 प्रतिशत क्षमता सूचकांक के साथ पिछले वर्ष की तुलना में 11.35 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है । हमारे अधिकांश पावर स्टेशनों ने अपने उत्पादन, लक्ष्यों से अधिक को प्राप्त किया है जिसमे सलाल पावर स्टेशन ने 3480.86 एम.यू. का उत्पादन करके अपने प्रारम्भ से अब तक का सबसे अधिक उत्पादन किया।



विस्तृत परियोजना-वार उत्पादन का सार निम्नानुसार है -

## पावर स्टेशन वार वार्षिक उत्पादन

**सारणी - 2**

| पावर स्टेशन | * लक्षित उत्पादन (एम.यू.) 2005-06 | वास्तविक उत्पादन(एम.यू.) 2005-06 | वास्तविक उत्पादन(एम.यू.) 2004-05 | लक्षित सीआई (%) 2005-06 | वास्तविक सीआई(%) 2005-06 |
|---|---|---|---|---|---|
| बैरास्यूल 180 मे.वा. | 779.00 | 790.99 | 689.68 | 92.33 | 95.21 |
| लोकतक 90 मे.वा | 448.00 | 586.11 | 629.67 | 92.33 | 91.98 |
| सलाल 690 मे.वा. | 3082.00 | 3480.86 | 3443.28 | 98.31 | 100.00 |
| टनकपुर 94.20 मे.वा. | 452.00 | 483.25 | 495.17 | 98.17 | 94.25 |
| चमेरा-I 540 मे.वा. | 1665.00 | 2343.17 | 2104.69 | 93.70 | 98.63 |
| उड़ी 480 मे.वा. | 2587.00 | 2724.82 | 2206.65 | 98.22 | 100.00 |
| रंगित 60 मे.वा. | 339.00 | 352.04 | 369.73 | 93.33 | 94.00 |
| चमेरा-II 300 मे.वा. | 1500.00 | 1490.46 | 1347.56 | 92.88 | 96.11 |
| धौलीगंगा 280 मे.वा. | 1080.00 | 315.46 | | 85.00 | 98.20 |
| दुलहस्ती 390 मे.वा. | 412.00 | — | | 85.00 | — |
| **कुल** | **12344.00** | **12567.15** | **11286.43** | **94.10** | **98.16** |

*** भारत सरकार के साथ हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन में ''बहुत अच्छी'' रेटिंग हेतु लक्ष्य**

### 3. प्रस्तावित लाभांश

हमने 64 करोड़ रुपए के अंतरिम लाभांश सहित वर्ष 2005-06 हेतु 223 करोड़ रुपए (लाभांश कर के अतिरिक्त) के एकमुश्त लाभांश देने की सिफारिश की है जोकि निगम के निवल लाभ का 30 प्रतिशत है ।



*श्री एस.के.गर्ग, सीएमडी, एनएचपीसी श्री सुशीलकुमार शिंदे, माननीय केन्द्रीय विद्युत मंत्री को लाभांश चैक प्रदान करते हुए*

### 4. पूंजीगत ढांचा

निगम ने वर्ष के दौरान भारत के राष्ट्रपति को 789.66 करोड़ रुपए के इक्विटी शेयर जारी किए। 31 मार्च, 2006 को निगम की कुल प्रदत्त पूंजी 10,215.28 करोड़ रुपए थी ।

### 5. ऋण रेटिंग

मैसर्स फिच रेटिंग्स ने निगम को 'एएए' की दीर्घावधि राष्ट्रीय रेटिंग की पुन: पुष्टि की है । इसी प्रकार, निगम को विदेशी मुद्रा ऋण हेतु दो रेटिंग ऐजेंसी फिच रेटिंग तथा स्टैण्डर्ड एण्ड पुअर द्वारा ''बीबी+'' की रेटिंग की पुन: पुष्टि की गई है ।

### 6. निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति

निगम की 10 विद्युत परियोजनाएं नामत: दुलहस्ती (390 मेगावाट), जम्मू एवं कश्मीर; तीस्ता चरण-V (510 मेगावाट), सिक्किम; पार्बती-II (800 मेगावाट), हिमाचल प्रदेश; सुबानसिरी लोअर (2000 मेगावाट), अरूणाचल प्रदेश; सेवा-II (120 मेगावाट), जम्मू एवं कश्मीर; तीस्ता लो डैम चरण-III (132 मेगावाट), पश्चिम बंगाल; उड़ी-II (240 मेगावाट), जम्मू एवं कश्मीर; चमेरा चरण-III (231 मेगावाट), हिमाचल प्रदेश; पार्बती-III (520 मेगावाट), हिमाचल प्रदेश तथा तीस्ता लो डैम चरण-IV (160 मेगावाट) सिक्किम निर्माणाधीन हैं।

**दुलहस्ती जल विद्युत परियोजना (390 मेगावाट), जम्मू एवं कश्मीर**

एचआरटी के अतिरिक्त अन्य सभी कार्य पूर्ण हो चुके हैं । जून, 2006 तक एचआरटी लाइनिंग का 99.11 प्रतिशत पूरा हो चुका था । परियोजना को नवम्बर, 2006 में पूर्ण किए जाने की आशा है ।

**तीस्ता जल विद्युत परियोजना चरण-V (510 मेगावाट), सिक्किम**

विद्युत गृह, केबल टनल, बस डक्ट, वातायन टनल तथा टेलरेस टनल के सभी प्रमुख सिविल कार्य पूरे हो चुके हैं । हेडरेस टनल के सभी मुखों का उपरी उत्खनन कार्य पूरे हो चुके हैं। एचआरटी की बेंचिंग तथा खुली लाइनिंग, बांध में कंकरीट लगाने और 3 उत्पादन इकाइयों को स्थापित करने के कार्य की प्रगति संतोषजनक है । परियोजना को फरवरी, 2007 तक पूर्ण करने के प्रयास किए जा रहे हैं ।

**पार्बती जल विद्युत परियोजना चरण-।।**

**(800 मेगावाट), हिमाचल प्रदेश**

एचआरटी तथा विद्युत गृह हेतु उत्खनन किया जा रहा है । बांध स्थल पर उत्खनन पूर्ण होने के पश्चात कंकरीट लगाने का कार्य प्रगति पर है । ई एण्ड एम/एचएम घटकों की आपूर्ति प्रारम्भ हो चुकी है । इन्कलाइन्ड प्रेशर शॉफ्ट (बांए सिरे) की बोरिंग पूर्ण हो चुकी है । 1546 मीटर की लम्बाई और 4.88 मीटर के उत्खनित व्यास वाली यह विश्व की पहली इन्कलाइन्ड प्रेशर शॉफ्ट है जिसे डबल शील्ड टनल बोरिंग मशीन के साथ और बाद में सेगमेंटल प्री कास्ट कंकरीट लाइनिंग के साथ स्थापित किया गया है ।



*510 मेगावाट तीस्ता जल विद्युत परियोजना चरण-V (सिक्किम) निर्माणाधीन बांध*

**सुबानसिरी लोअर (2000 मेगावाट), अरूणाचल प्रदेश**

अपवर्तन टनल, प्रेशर शॉफ्ट के एडिट्स, सर्ज शॉफ्ट तथा विद्युत गृह जैसे विभिन्न ढांचों हेतु उत्खनन कार्य प्रगति पर है । यह आशा है कि नदी का अपवर्तन अक्तूबर, 2007 तक कर लिया जाएगा।

**सेवा जल विद्युत परियोजना चरण-।। (120 मेगावाट), जम्मू एवं कश्मीर**

विभिन्न ढांचों हेतु उत्खनन कार्य निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चल रहा है और बांध की कंकरीटिंग प्रगति पर है । परियोजना के मई, 2008 तक पूरा होने की संभावना है।

**तीस्ता लो डैम जल विद्युत परियोजना चरण-।।। (132 मेगावाट), पश्चिम बंगाल**

तीस्ता नदी के चरण-। तथा चरण-।। के अपवर्तन को प्राप्त कर लिया गया है । विभिन्न ढांचों हेतु उत्खनन तथा कंकरीटिंग कार्य निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रगति पर है। परियोजना का मार्च, 2008 में पूरा होने का कार्यक्रम है।

**उड़ी जल विद्युत परियोजना चरण-।। (240 मेगावाट), जम्मू एवं कश्मीर**

भारत सरकार ने अपना निवेश अनुमोदन 01.09.2005 को प्रदान किया है। प्रमुख सिविल कार्यों हेतु संविदाएं दी जा चुकी हैं । भूमि को अधिगृहीत किया जा रहा है तथा विभिन्न सिविल ढांचों हेतु उत्खनन प्रारम्भ हो चुका है। एडिट । हेतु उत्खनन पूरा हो चुका है और एचआरटी उत्खनन प्रारम्भ किया जा चुका है ।

**चमेरा जल विद्युत परियोजना चरण-।।। (231 मेगावाट), हिमाचल प्रदेश**

अगस्त, 2010 की पूर्णता की तिथि के साथ भारत सरकार ने अपना निवेश अनुमोदन 01.09.2005 को प्रदान किया है । सिविल कार्यों के पैकेज हेतु संविदाएं दी जा चुकी हैं और उपकरणों को जुटाए जाने का कार्य प्रगति पर है । विभिन्न स्थलों पर कार्य निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रगति पर है ।

**पार्बती जल विद्युत परियोजना चरण-।।। (520 मेगावाट), हिमाचल प्रदेश**

भारत सरकार ने अपना अनुमोदन 09.11.2005 को प्रदान किया है । प्रमुख सिविल कार्यों हेतु संविदाएं दी जा चुकी हैं और कार्य निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रगति पर है । एडिट । हेतु उत्खनन पूरा हो चुका है और एचआरटी उत्खनन प्रारम्भ किया जा चुका है।



*120 मेगावाट सेवा जल विद्युत परियोजना चरण-II (जम्मू व कश्मीर) निर्माणाधीन सुरंग*



*132 मेगावाट तीस्ता लो डैम जल विद्युत परियोजना चरण-III (पश्चिम बंगाल)-निर्माणाधीन बैराज का अपस्ट्रीम दृश्य*

**तीस्ता लो डैम चरण-IV (160 मेगावाट), सिक्किम**

सितम्बर, 2009 में चालू किए जाने के साथ भारत सरकार ने अपना अनुमोदन 30.09.2005 को प्रदान किया है । सिविल कार्य पैकेज दिया जा चुका है और संविदाकर्ता ने संसाधनों को जुटाना प्रारम्भ कर दिया है । वन स्वीकृति अप्रैल, 2006 में प्राप्त हुई थी । चरण-। अपवर्तन चैनल हेतु उत्खनन प्रारम्भ किया जा चुका है ।

**सिप्पी (4 मेगावाट) और कम्बांग (6 मेगावाट), अरूणाचल प्रदेश**

एनएचपीसी ने अरूणाचल प्रदेश में जमा कार्य पर सिप्पी (4 मेगावाट) और कम्बांग (6 मेगावाट) परियोजनाओं को लिया है । कम्बांग जल विद्युत परियोजना हेतु सिविल कार्य लगभग पूरे हो चुके हैं उत्पादन इकाइयों की जाँच तथा उन्हें चालू किया जाना प्रगति पर है । सिप्पी जल विद्युत परियोजना का सिविल कार्य लगभग समापन पर है । ई एण्ड एम कार्य प्रगति पर हैं ।

## 7. नई योजनाएं

सरकार की स्वीकृति, टीईसी/टीईए की प्रतीक्षा कर रही और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने और सर्वेक्षण व अन्वेषण के अंतर्गत नई योजनाओं की स्थिति नीचे दी गई है -

### क. सरकार की स्वीकृति की प्रतीक्षा कर रही परियोजनाएं

1. **निम्मो बाजगो (45 मेगावाट) तथा चुटक (44 मेगावाट), जम्मू एवं कश्मीर** — परियोजनाओं को सिन्धु जल समझौते तथा रक्षा के अंतर्गत अनुमोदन प्राप्त हो चुका है । जम्मू एवं कश्मीर की सरकार ने अनापत्ति जारी की है क्योंकि किसी वन भूमि की आवश्यकता नही है । सम्पूर्ण विद्युत हेतु पीडीडी, जम्मू एवं कश्मीर के साथ विद्युत क्रय पर हस्ताक्षर कर लिए गए हैं । सीसीईए ने 02.06.2006 को हुई अपनी बैठक में इन परियोजनाओं के निष्पादन को अनुमोदित किया है । तथापि, स्वीकृति-पत्र अभी जारी किया जाना है ।

2. **किशनगंगा (330 मेगावाट), जम्मू एवं कश्मीर** — परियोजना को सिन्धु जल सन्धि तथा रक्षा के अंतर्गत अनुमोदन प्रदान किया जा चुका है और पर्यावरण एवं वन स्वीकृति भी प्राप्त हो चुकी है, तथापि, पीआईबी/सीसीईए का अनुमोदन प्रतीक्षित है । इस परियोजना हेतु पीपीए पर हस्ताक्षर किए जा चुके हैं ।

### ख. टीईसी/टीईए की प्रतीक्षा कर रही परियोजनाएं

1. **दिबांग (3000 मेगावाट), अरूणाचल प्रदेश** — परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट प्रस्तुत की जा चुकी है और सीईए/सीडब्ल्यूसी/जीएसआई के अभिमतों का उत्तर दिया जा रहा है। पर्यावरण प्रभाव आंकलन (ईआईए)/पर्यावरण प्रबंधन योजना (ईएमपी) अध्ययन दिए जा चुके हैं ।

2. **सियोम (1000 मेगावाट), अरूणाचल प्रदेश** — सीईए ने एनएचपीसी को परियोजना की टीईसी दिए जाने से पूर्व अरूणाचल प्रदेश सरकार की सहमति लेने को कहा है । इसी बीच अरूणाचल प्रदेश सरकार ने इस परियोजना के निष्पादन हेतु मैसर्स रिलायंस एनर्जी लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। एनएचपीसी ने इस मुददे को भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के साथ उठाया है ।



*800 मेगावाट पार्वती जल विद्युत परियोजना चरण-II (हिमाचल प्रदेश)-बांध स्थल पर कार्य प्रगति पर*



*520 मेगावाट पार्बती जल विद्युत परियोजना चरण-III (हिमाचल प्रदेश)-मुख्य पहुंच सुरंग कार्य प्रगति पर*

3. **पकल दुल (1000 मेगावाट) जम्मू तथा कश्मीर**

इस परियोजना को सिन्धु जल सन्धि के अंतर्गत एमओडब्ल्यूआर द्वारा स्वीकृति दी जा चुकी है और सीईए द्वारा तकनीकी/आर्थिक स्वीकृति को अंतिम रूप दिया जा चुका है । इस पर पत्र जारी किया जा रहा है। किश्तवाड़ हाई एल्टीट्यूड नैशनल पार्क (केएचएएनपी) से बाहर के क्षेत्र हेतु वन मंजूरी प्रदान की जा चुकी है । केएचएएनपी के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र के विआरक्षण हेतु प्रस्ताव पर एनबीडब्ल्यूएल की स्थायी समिति द्वारा उनकी 08.06.06 को हुई बैठक में चर्चा की गई थी ।

4. **बाव चरण-II (20 मेगावाट), महाराष्ट्र**

परियोजना व्यवहार्य न होने के कारण सीईए द्वारा डीपीआर को लौटा दिया गया है । इसके मद्देनजर एनएचपीसी ने महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड (एमएसईडीसीएल) से पीपीए में सहमत निबंधन तथा शर्तों और प्रशुल्क पर परियोजना से 100 प्रतिशत विद्युत के क्रय की उनकी इच्छुकता के संबंध में पुन: पुष्टि मांगी है ।

5. **कोटली भेल चरण-Iए (195 मेगावाट) और Iबी (320 मेगावाट), उत्तरांचल**

परियोजना के कार्यान्वयन हेतु एनएचपीसी तथा उत्तरांचल सरकार के मध्य समझौता ज्ञापन पर दिनांक 08.06.2006 को हस्ताक्षर किए जा चुके हैं । डीपीआर सीईए को प्रस्तुत की गई है तथा ईआईए/ईएमपी अध्ययनों के कार्यो को दिया जा चुका है और कोटली भेल-I ए की मसौदा रिपोर्ट को तैयार कर लिया गया है ।

6. **कोटली भेल चरण-II (530 मेगावाट), उत्तरांचल**

परियोजना के कार्यान्वयन हेतु एनएचपीसी तथा उत्तरांचल सरकार के मध्य समझौता ज्ञापन पर दिनांक 08.06.2006 को हस्ताक्षर किए जा चुके हैं । तकनीकी आर्थिक स्वीकृति प्रदान किए जाने के लिए डीपीआर, सीईए को प्रस्तुत की गई है तथा ईआईए/ईएमपी के कार्यो को दिया जा चुका है ।

7. **लखवार व्यासी (420 मेगावाट), उत्तरांचल**

डीपीआर सीडब्ल्यूसी को प्रस्तुत की जा चुकी है । ईआईए तथा ईएमपी अध्ययनों के कार्य को दिया जा चुका है । दिल्ली सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार आदि से क्रमश: पेयजल तथा सिंचाई घटक की लागत को बांटे जाने के संबंध में सहमति प्रतीक्षित है ।

## ग डीपीआर/एफआर तैयार किए जाने के अधीन परियोजनाएं

1. **बरसर (1020 मेगावाट), जम्मू एवं कश्मीर**

इस परियोजना को केएचएएनपी से बाहर के क्षेत्र हेतु वन मंजूरी प्राप्त हो चुकी है। केएचएएनपी के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र के विआरक्षण हेतु प्रस्ताव पर एनबीडब्ल्यूएल की स्थायी समिति द्वारा उनकी 08.06.2006 को हुई बैठक में चर्चा की गई थी। ईआईए/ईएमपी के कार्य को दिया जा चुका है ।

2. **सियांग लोअर (2000 मेगावाट), अरूणाचल प्रदेश**

डीपीआर को तैयार करने के लिए सर्वेक्षण तथा अन्वेषण कार्य लगभग पूरा हो चुका है । तथापि, अरूणाचल प्रदेश सरकार ने इस परियोजना के निष्पादन हेतु मैसर्स जे.पी एसोसिएटस के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं । एनएचपीसी ने मुद्दे को भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के साथ उठाया है ।

3. **सुबानसिरी अपर (2000 मेगावाट) तथा सुबानसिरी मिडिल (1600 मेगावाट), अरूणाचल प्रदेश**

केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण ने एनएचपीसी को डीपीआर तैयार करने और आवश्यक संरचनात्मक कार्य, सर्वेक्षण तथा अन्वेषण करने का परामर्श दिया है । डीपीआर तैयार किए जाने को रोक दिया गया है क्योंकि चरण-II की स्थल मंजूरी हेतु पर्यावरण एवं वन मंत्रालय को प्रस्तुत प्रस्ताव सुबानसिरी लोअर परियोजना के मामले में भारतीय वन्य जीव बोर्ड की इस सिफारिश के आधार पर अस्वीकार कर दिया गया है कि भविष्य में सुबानसिरी नदी के अपस्ट्रीम में किसी बांध का निर्माण नहीं होगा । पर्यावरण एवं वन मंत्रालय द्वारा चरण-II स्थल मंजूरी अभी तक प्रदान नहीं की गई है।

4. **सियांग अपर/ इंटरमीडिएट (11000 मेगावाट), अरूणाचल प्रदेश**

स्थापित क्षमता को अंतिम रूप दिए जाने के लिए मध्यवर्ती स्थल पर सर्वेक्षण तथा अन्वेषण कार्य प्रगति पर है। स्थानीय निवासियों तथा प्रशासन द्वारा विरोध के कारण कार्य प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुआ है। इसके अतिरिक्त, राज्य भण्डारण योजना पर आपत्ति कर रहा है।

### नए कार्य

उत्तरांचल सरकार तथा सिक्किम सरकार ने एनएचपीसी को निष्पादन हेतु 1630 मेगावाट की स्थापित क्षमता वाली 5 परियोजनाएं आवंटित की हैं । ये हैं -

1. 240 मेगावाट चुंगर चल (उत्तरांचल)
2. 630 मेगावाट गरबा तवाघाट (उत्तरांचल)
3. 55 मेगावाट करमोली लूमटी टूल्ली (उत्तरांचल)
4. 495 मेगावाट तीस्ता चरण-IV (सिक्किम)
5. 210 मेगावाट लाचेन (सिक्किम)

## 8. परामर्शी सेवाएं

वर्ष के दौरान 65.26 करोड़ रुपए के परामर्शी कार्य और कुल 15.04 करोड़ रुपए के भुगतान प्राप्त हुए । निगम में भारत तथा विदेश में जल विद्युत के क्षेत्र में संयुक्त रूप से परामर्शी सेवाएं मुहैया कराने के लिए मॉण्टगोमैरी वाटसन हार्जा अमेरिकास कारपोरेशन, इंटरनेशनल एनर्जी एण्ड वाटर रिसोर्सेज ग्रुप के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। एनएचपीसी एक "परामर्शदाता" के रूप में विश्व बैंक (डब्ल्यूबी), एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी), अफ्रीकन डेवलपमेंट बैंक (एएफडीबी) और कुवैत फण्ड फॉर अरब इकोनॉमिक डेवलपमेंट (केएफएईडी), कुवैत में भी पंजीकृत है।

### ग्रामीण सड़क परियोजना

एनएचपीसी ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत बिहार के 6 जिलों में ग्रामीण सड़कों के निर्माण का कार्य लिया है । 14.7.2006 के अनुसार 214.4 करोड़ रुपए की लागत के साथ 533 किलोमीटर की 75 सड़कों को ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मंजूरी दी जा चुकी है । 136 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत के साथ 343 किलोमीटर की कुल लम्बाई वाली 43 सड़कों पर कार्य प्रारम्भ किया गया है और इसके दिसम्बर, 2006 के अंत तक पूरा होने की संभावना है । 190 किलोमीटर कवर करने वाली 16 सड़कों के कार्य को दिए जाने हेतु निविदा प्रक्रिया प्रारम्भ की जा रही है ।

### ग्रामीण विद्युतीकरण (आरई) परियोजनाएं

एनएचपीसी ने राज्य सरकारों की ओर से आरई परियोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु आर ई सी लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं । निगम पश्चिम बंगाल के पुरूलिया जिले, बिहार तथा उड़ीसा प्रत्येक में 6 जिलों और छत्तीसगढ़ तथा जम्मू कश्मीर प्रत्येक में 7 जिलों में आरई परियोजना कार्यान्वयन कर रहा है ।

पुरूलिया जिले में 10 जुलाई, 2006 तक 141 गांवों का विद्युतीकरण किया जा चुका है और बीपीएल घरों को कनेक्शन सहित अन्य गांवों में कार्य प्रगति पर है । पश्चिम बंगाल तथा बिहार में गहन विद्युतीकरण हेतु अनुपूरक डीपीआर तैयार किए जाने के अधीन है । बिहार में सीतामढ़ी, मधुबनी तथा दरभंगा जिलों में आरई कार्यों हेतु संविदाएं मई, 2006 में दी जा चुकी हैं । अन्य जिलों हेतु संविदाओं को दिए जाने का कार्य प्रक्रियाधीन है । छत्तीसगढ़ में सभी 7 जिलों, जम्मू एवं कश्मीर में 5 जिलों और उड़ीसा में 2 जिलों हेतु डीपीआर आरईसी को प्रस्तुत की जा चुकी है और शेष हेतु डीपीआर तैयार की जा रही है।

## 9. सूचना प्रौद्योगिकी तथा संचार

वर्ष के दौरान इंटरप्राइस रिसोर्स प्लानिंग (ईआरपी) सॉफ्टवेयर समाधान प्रणाली को क्रियान्वित करने के लिए एक प्रमुख पहल की गई थी । एक प्रतिष्ठित परामर्शी संगठन को परामर्शदाता के रूप में नियोजित किया गया है और परियोजना का नाम 'प्रोजेक्ट किरण' रखा गया है ।

ईआरपी समाधान कार्य की गुणवत्ता, लाभप्रदत्ता तथा कार्य-निष्पादन में सुधार करने के लिए प्रमुख व्यापार प्रक्रियाओं को प्रवाही तथा इलैक्ट्रोनिक रूप से जोड़ेंगे ।

## 10. मानव संसाधन विकास

कर्मचारी किसी भी संगठन की सबसे बहुमूल्य संपत्ति होते हैं और उनके मध्य सृजनात्मकता, नूतन पहल और कार्य-निष्पादन श्रेष्ठता को विकसित करने के लिए एक अनुकूल वातावरण आवश्यक है । वर्ष के दौरान सृजनात्मकता तथा नूतन पहल को प्रोत्साहित तथा पुरस्कृत करने के लिए कार्य स्थल पर सृजनात्मकता तथा नूतन पहल को बाहर लाने के लिए एक योजना प्रारम्भ की गई थी । निजी कम्पनियों द्वारा पेश की गई चुनौतियों के मध्य अत्यधिक दक्ष प्रबंधकों तथा अच्छे तकनीशियनों का एक पूल विकसित करने पर बल दिया जा रहा है । शक्तियों तथा कमजोरियों, भविष्य की मानव संसाधन आवश्यकताओं और निगम हेतु एक उपयुक्त संगठनात्मक ढांचे के विकास की पहचान के लिए एक प्रमुख रि-इंजीनियरिंग तथा रि-स्ट्रक्चरिंग क्रिया प्रारम्भ की जा रही है । इसके अतिरिक्त, विभिन्न अन्य एचआर हस्तक्षेप अर्थात संगठन वातावरण सर्वेक्षण, दक्षता मैपिंग क्रिया को कर्मचारियों के संतुष्टि स्तर का पता लगाने तथा बेहतर कार्य-निष्पादन के लिए किया जा रहा है ।

प्रशिक्षण हेतु प्रमुख क्षेत्रों की पहचान की गई है और कर्मचारियों की क्षमता में वृद्धि करने के लिए स्वयं सहायता समूह, संगठनात्मक कैरियर निर्माण, संगठनात्मक विकास, उत्पादकता में वृद्धि, कार्यात्मक/तकनीकी उन्नयन और सूचना प्रौद्योगिकी कौशल उन्नयन किया जा रहा है । वर्ष 2005-06 के दौरान हमने 616 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए हैं जिसमें विभिन्न स्तरों के 6449 कर्मचारी प्रशिक्षित किए गए थे ।

## 11. औद्योगिक संबंध तथा कर्मचारी कल्याण

कर्मचारी तथा नियोक्ता के मध्य औद्योगिक संबंध सौहाद्रपूर्ण तथा शान्तिपूर्ण रहे थे । हड़ताल/तालाबंदी के कारण किसी श्रम दिवसों की हानि नहीं हुई थी । कर्मचारी कल्याण क्रियाकलापों पर विशेष ध्यान दिया गया था ।

## 12. सतर्कता क्रियाकलाप

एनएचपीसी का सतर्कता प्रभाग संगठन में विभिन्न प्रक्रियाविधियों और भारत सरकार तथा केंद्रीय सतर्कता आयोग से प्राप्त अनुदेशों का पालन करते हुए तन्त्र में पारदर्शिता लाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है । सतर्कता प्रभाग ने अपने आंतरिक विधियों को मानकीकृत तथा प्रलेखित किया है और सतर्कता कार्यों हेतु आईएसओ-9001:2000 गुणवत्ता प्रबंधन प्रमाणीकरण प्राप्त किया है, जिसका जनवरी, 2005 से 3 वर्षों के अवधि के लिए नवीकरण किया गया है ।



*7 नवम्बर 2005 को एनएचपीसी दिवस के अवसर पर सतर्कता पुस्तिका 'चेतना 2005' का विमोचन*




*श्री एस. के. गर्ग, सीएमडी, एनएचपीसी, निदेशक (कार्मिक), निदेशक (तकनीकी) एवं मुख्य सर्तकता अधिकारी के साथ राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में*

## 13. राजभाषा कार्यान्वयन

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान निगम ने राजभाषा अधिनियम तथा नियमों के प्रावधानों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित किया । निगम की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें नियमित रूप से आयोजित की गई थी और राजभाषा की प्रगति की समीक्षा की गई थी । 1 सितम्बर से 14 सितम्बर के दौरान कारपोरेट कार्यालय तथा परियोजना/ कार्यालयों में हिन्दी पखवाड़े का आयोजन किया गया था । प्रतियोगिताएं, हिन्दी पुस्तक प्रदर्शनी तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों को बड़े जोश के साथ आयोजित किया गया था । इंटरनेट पर राजभाषा पोर्टल और इंटरकॉम पर वाइस-मेल को हिन्दी में प्रारम्भ किया गया था।

संसदीय राजभाषा समिति ने तीस्ता लो डैम परियोजना और रंगित पावर स्टेशन का निरीक्षण किया और संबंधित परियोजना तथा पावर स्टेशन में राजभाषा कार्यान्वयन हेतु किए गए प्रयासों की सराहना की । निगम को इसके सराहनीय प्रयासों के लिए नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति द्वारा वैजयन्ती शील्ड (द्वितीय पुरस्कार) से नवाजा गया था । एनएचपीसी को भारतीय भाषा एवं संस्कृति संस्थान, नई दिल्ली द्वारा पांडिचेरी में आयोजित 9वीं अखिल भारतीय राजभाषा संगोष्ठी में राजभाषा नवरत्न पुरस्कार दिया गया था ।

## 14. कारपोरेट संचार

कारपोरेट संचार किसी संगठन की छवि को संप्रेषित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है । एनएचपीसी की उपलब्धियों को प्रिंट तथा इलैक्ट्रोनिक मीडिया के माध्यम से समूचे देश में उचित रूप से प्रचारित किया गया था । निगम ने विभिन्न राष्ट्रीय तथा क्षेत्रीय प्रदर्शनियों जैसे कि प्रगति मैदान नई दिल्ली मे "भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2005" मुम्बई में "पावर इंडिया 2005", "देहरादून में "डेस्टिनेशन उत्तरांचल" में भाग लिया था । भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला- 2005 में एनएचपीसी के पैवेलियन को थीम प्रस्तुत करने में विशेष प्रदर्शन हेतु स्वर्ण पदक दिया गया था ।



*श्री एस. के. चतुर्वेदी, निदेशक (कार्मिक) तथा श्री उपेन्द्र चोपड़ा,महाप्रबंधक (मा. सं एवं का. संचार) आई आई टी एफ 2005 में सर्वोत्कृष्ट पैवेलियन के लिए एनएचपीसी को प्रद त्त स्वर्ण पदक एवं प्रमाण-पत्र श्री ई.वी.के.एस. एलागोवन, माननीय केन्द्रीय राज्य मंत्री, वाणिज्य एवं उद्योग से प्राप्त करते हुए*

''एनएचपीसी न्यूज'' आंतरिक संचार के लिए एक प्रभावी माध्यम बना हुआ है। कर्मचारियों तक सूचना के शीघ्र प्रसार के लिए ''फ्रॉम सीएमडी डेस्क'' शीर्षक वाली एक मासिक विज्ञप्ति प्रारम्भ की गई थी ।

राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण वर्ष 2005 को मनाने के एक भाग के रूप में एनएचपीसी ने 5 राज्यों नामत: जम्मू एवं कश्मीर, मणिपुर, सिक्किम, अरूणाचल प्रदेश तथा मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय स्तर पर ऊर्जा दक्षता ब्यूरो, विद्युत मंत्रालय द्वारा आयोजित स्कूली बच्चों हेतु चित्रकला प्रतियोगिता का संयोजन किया ।

## 15. सामाजिक उत्तरदायित्व

सामुदायिक सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) और नैतिक व्यवहार के प्रति एनएचपीसी ने अपनी सतत प्रतिबद्धता के प्रति आंतरिक तथा बाहरी व्यक्तियों और समग्र समाज के आर्थिक विकास और उनके जीवन स्तर में सुधार के लिए योगदान दिया है । सीएसआर पहलू निगम के लक्ष्य कथन में भी प्रतिध्वनित होता है जो "परियोजनाओं का एक लागत प्रभावी, पर्यावरण अनुकूल तथा सामाजिक-आर्थिक प्रतिउत्तर तरीके से निष्पादन तथा प्रचालन करना है ।" इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए पावर स्टेशनों पर निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व-सामुदायिक विकास (सीएसआर-सीडी) पहल नामक एक योजना, बोर्ड द्वारा अनुमोदित की गई है । एनएचपीसी ने पावर स्टेशनों तथा निर्माण परियोजनाओं में तथा उसके आस-पास रह रहे व्यक्तियों के लिए कई सीएसआर-सीडी पहलें की हैं । अच्छे निगमित नागरिक के रूप में एनएचपीसी द्वारा कवर किए गए प्रमुख क्षेत्र बाह्य पहुंच, अपहोल्डिंग, सह-भागिता, संतुलन लाना आदि है और इसने विभिन्न सामुदायिक विकास पहलें अर्थात हर्बल पार्क बनाना, वनीकरण, कैचमेंट क्षेत्र उपचार (सीएटी), मछली पालन का प्रबंधन तथा चिकित्सा /टीकाकरण शिविर आयोजित करना, शिक्षा सुविधा, परिधीय विकास, खेल/मेले आयोजित करना आदि की हैं । वर्ष के दौरान जम्मू एवं कश्मीर राज्य के भूकंप पीड़ित क्षेत्रों में डीजी सैट, दवाइयां, चिकित्सा उपचार, कपड़े, आश्रय आदि मुहैया करवाकर बड़े पैमाने पर राहत कार्य किया । इसके अतिरिक्त, एनएचपीसी कर्मचारियों ने भी अपना एक दिन का वेतन जिसकी राशि 68,93,827/- रुपए थी, का योगदान प्रधानमंत्री राहत कोष में दिया ।

## 16. सहायक निगम

नर्मदा हाइड्रोइलैक्ट्रिक डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड एनएचपीसी तथा मध्य प्रदेश सरकार का एक संयुक्त उद्यम है । इसकी दो परियोजनाएं हैं नामत:

### इन्दिरा सागर परियोजना (1000 मेगावाट)

इन्दिरा सागर परियोजना ने 2573.45 मिलियन यूनिट विद्युत का उत्पादन किया और मध्य प्रदेश राज्य को सस्ती दर पर विद्युत मुहैया कराई जो राज्य को बाहरी बचत में परिणत हुआ ।

### ओंकारेश्वर परियोजना (520 मेगावाट)

65 मेगावाट प्रत्येक की 8 इकाइयों के साथ 520 मेगावाट ओंकारेश्वर परियोजना को वर्ष में 1166 मिलियन यूनिट का उत्पादन करने के लिए बनाया गया है । भारत सरकार ने एनएचडीसी द्वारा फरवरी, 2008 तक परियोजना के निष्पादन के लिए अनुमोदन प्रदान किया है । तथापि, परियोजना स्थल पर कार्य की प्रगति निर्धारित कार्यक्रम से आगे है । इसने मार्च, 2006 माह में 1.294 लाख घनमीटर की अधिकतम कंकरीटिंग का रिकार्ड दर्ज किया । यह आशा है कि यह परियोजना 4 वर्ष से भी कम में अर्थात अक्तूबर, 2007 तक पूरी हो जाएगी ।

## 17. निगमित अभिशासन (कारपोरेट गवर्नेंस)

हमारा निगम इस बात पर दृढ़ विश्वास करता है कि अच्छा निगमित शासन व्यवहार एक श्रेष्ठ निगम बनने का मार्ग प्रशस्त करता है। यह उद्यम तथा समग्र रूप से देश के लिए सम्पत्ति के सृजन हेतु प्रचालन में पर्याप्त नियंत्रण प्रणाली विकसित करने और व्यापार उद्यम की दक्षता में सुधार करने पर बल देता है । लेखा परीक्षा समिति सभी वित्तीय विवरणों को बोर्ड के समक्ष रखे जाने से पूर्व नियमित रूप से उनकी समीक्षा करती है तथा आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की मानिटरिंग करती है।



निगम के लेखे को; बोर्ड द्वारा रिकार्ड में लिए जाने के पश्चात नियमित रूप से राष्ट्रीय समाचार पत्रों मे प्रकाशित किया जाता रहा है। इन्हें समग्र जनता की जानकारी के लिए संचार के अन्य साधनों के साथ-साथ निगम की वेबसाइट पर भी डाला जाता है । निगम कानूनी प्रावधानों, नियामक प्राधिकरणों के दिशा-निर्देशों और नैशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के साथ हस्ताक्षरित सूचीकरण करार के प्रावधानों के अनुपालन पर भी विशेष ध्यान देता है । समीक्षाधीन अवधि के दौरान पूंजीगत बाजार से संबंधित किसी मामले में नैशनल स्टॉक एक्सचेंज/भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड या किसी अन्य सांविधिक निकाय द्वारा कोई दण्ड नहीं लगाया गया है/किसी प्रकार की आलोचना नहीं की गई है ।

## 18. सूचना अधिकार अधिनियम, 2005

प्रत्येक सार्वजनिक प्राधिकरण के कार्य में पारदर्शिता तथा उत्तरदायित्व को बढ़ाने के उद्देश्य से सूचना अधिकार अधिनियम, 2005, 12 अक्तूबर, 2005 से प्रभावी हुआ । अधिनियम के प्रावधानों के अनुपालन में निगम ने अपनी वेबसाइट पर विभिन्न दस्तावेजों/रिकार्डो को रखा और कम्पनी सचिव को निगम का जन सूचना अधिकारी (पीआईओ) नियुक्त किया गया है। सूचना पर समूचे राष्ट्र की पहुंच को समर्थ बनाने के लिए प्रत्येक पावर स्टेशन /परियोजना/क्षेत्रीय कार्यालय/ इकाई हेतु भी सहायक जन सूचना अधिकारी नियुक्त किए गए थे ।

## 19. अनु.जा./अनु.जन.जाति/अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु आरक्षण

निगम सेवा में अनु.जा. /अनु.जन.जाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु पदों के आरक्षण के संबंध में समय-समय पर कर्मचारियों की भर्ती तथा पदोन्नति हेतु जारी किए गए राष्ट्रपति के निदेशों के अनुसार अनुदेशों का पालन करता है ।

## 20. विकलांग व्यक्तियों का कल्याण

विकलांग व्यक्तियों के कल्याण पर विशेष ध्यान दिया जाता है । भारत सरकार के निदेशों के अनुसार इनके लिए रोजगार में आरक्षण प्रदान किया जाता है ।

## 21. ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी समावेश और विदेशी मुद्रा अर्जन तथा व्यय

सूचना इस रिपोर्ट के साथ अनुबंध के रूप में संलग्न है ।

## 22. कर्मचारियों के ब्यौरे

कम्पनी (कर्मचारियों के ब्यौरे) नियमावली, 1975 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 217 (2ए) के अंतर्गत अपेक्षित सूचना शून्य है।

## 23. लेखा परीक्षक

वर्ष 2005-06 हेतु लेखा परीक्षा करने के लिए मैसर्स बत्रा सप्रा एण्ड कम्पनी, चार्टर्ड एकाउन्टेंटस, नई दिल्ली को सांविधिक लेखा परीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया था। मैसर्स भूषण बंसल जैन एसोसिएटस, चार्टर्ड एकाउन्टेंटस, नई दिल्ली और मैसर्स ए.आर.मैती एण्ड कंपनी, चार्टर्ड एकाउन्टेंटस, कोलकाता और मैसर्स ओ. पी. गर्ग एण्ड कम्पनी, जम्मू को निगम के शाखा लेखा परीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया था ।

**राजस्व 2005-06 का विश्लेषण**




## 24. लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट

लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट में निगम द्वारा अनुसूची-21 में शामिल की गई विभिन्न टिप्पणियों का उल्लेख है जोकि स्वत: स्पष्ट हैं । लेखा परीक्षकों की टिप्पणियां और प्रबंधन द्वारा दिए गए उनके उत्तर **अनुबंध-II** में दिए गए हैं । भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियां और उन पर प्रबंधन के उत्तर रिपोर्ट के **अनुबंध-III** में संलग्न हैं।

31 मार्च, 2006 को समाप्त वर्ष के लेखे की भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा की गई समीक्षा इस रिपोर्ट के **अनुबंध-IV** के रूप में संलग्न है।

## 25. सहायक निगम के लेखे

हमारे निगम की एक अनुषंगी नर्मदा हाइड्रोइलैक्ट्रिक डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड के वार्षिक लेखे, लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट तथा निदेशकों की रिपोर्ट के साथ कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 212 के अंतर्गत विवरण सहित संलग्न हैं।

## 26. निदेशकों के उत्तरदायित्व का विवरण

कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 217 के अंतर्गत यथापेक्षित निदेशकगण इस बात की पुष्टि करते हैं कि –

(i) वार्षिक लेखे तैयार करने में लेखाकरण के लिए लागू मानकों का अनुपालन किया गया है और यदि कोई वास्तविक विचलन हुआ तो उसका उचित स्पष्टीकरण दिया गया है;

(ii) निदेशकों ने ऐसी लेखांकन नीतियों का चयन कर उन्हें निरन्तर लागू किया है तथा ऐसे निर्णय लिए हैं तथा अनुमान लगाए हैं जो कि तर्कसंगत तथा विवेकपूर्ण हैं, ताकि वे वित्तीय वर्ष के अंत में कम्पनी के कार्यों की स्थिति और उस अवधि हेतु कम्पनी के लाभ की वास्तविक तथा उचित तस्वीर पेश करते हैं;

(iii) निदेशकों ने अपनी पूर्ण जानकारी तथा योग्यता के अनुसार कम्पनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा करने और किसी धोखाधड़ी तथा अन्य अनियमितताओं के निवारण तथा पता लगाने के लिए कम्पनी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के अनुसार समुचित लेखांकन रिकार्डो के अनुरक्षण पर उचित तथा पर्याप्त ध्यान दिया है;

(iv) निदेशकों ने वार्षिक लेखे निरंतर संबंध आधार पर तैयार किए हैं।

## 27. निदेशक मंडल

श्री ए.के.गंगोपाध्याय, निदेशक (परियोजना), जिनके पास अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार भी था, 30.9.2005 को अपनी अधिवर्षिता की आयु पर बोर्ड में निदेशक के पद से सेवानिवृत्त हो गए ।

## आभार

निदेशक मण्डल भारत सरकार, राज्य सरकारों और उनके मंत्रालय तथा विभागों/बोर्डों से प्राप्त सहयोग और मार्गदर्शन के लिए उनके प्रति कृतज्ञतापूर्वक आभार व्यक्त करता है। निदेशक मण्डल राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय बैंकों/ वित्तीय संस्थाओं तथा साथ ही भारतीय निवेशकों का भी निगम को निरन्तर सहायता देने, उस पर अपना भरोसा तथा विश्वास बनाए रखने के लिए आभारी है ।

निदेशक मण्डल विद्युत लेने वाले उपभोक्ता राज्यों और परामर्शी कार्यों हेतु अन्य महत्वपूर्ण ग्राहकों के प्रति अपना विशेष आभार व्यक्त करता है। बोर्ड, परियोजनाओं को समय पर पूरा करने में संविदाकारों, विक्रेताओं तथा परामर्शदाताओं के योगदान के लिए उनके प्रयासों हेतु विशेष आभार व्यक्त करता है ।

निदेशक मंडल, सांविधिक लेखा परीक्षकों और भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा दिए गए सहयोग के लिए आभारी है । इसके साथ ही निदेशक मंडल एनएचपीसी परिवार के सभी सदस्यों के प्रति अपना हार्दिक धन्यवाद व्यक्त करता है जिनके उत्साह, समर्पण तथा सहयोग से संतोषजनक कार्य-निष्पादन की प्राप्ति संभव हुई है । बोर्ड को यह भी विश्वास है कि कर्मचारी आने वाले वर्षों में भी अपना श्रेष्ठ योगदान देना जारी रखेंगे ।

**निदेशक मण्डल** के लिए तथा की ओर से

एस. के. गर्ग

**(एस.के.गर्ग)**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

**दिनांक : 26.07.2006**
**स्थान : फरीदाबाद**

## कंपनी (निदेशक मण्डल की रिपोर्ट में ब्यौरों का प्रकटीकरण) नियमावली, 1988 के अनुसार ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी समावेश और विदेशी मुद्रा अर्जन पर निदेशकों की रिपोर्ट का अनुबंध

### क. ऊर्जा संरक्षण

**क) किए गए और किए जा रहे ऊर्जा उपाय –**

कार्य-निष्पादन के आंकलन तथा इसे ईष्टतम करने के उद्देश्य से सलाल पावर स्टेशन की सभी 6 इकाइयों की ऊर्जा संपरीक्षा की गई थी । इन परिणामों का विश्लेषण किया जा रहा है और उन्हें उचित समय पर कार्यान्वित किया जाएगा । वर्तमान वित्तीय वर्ष 2006-07 के दौरान लोकतक तथा टनकपुर पावर स्टेशनों की ऊर्जा संपरीक्षा की जाएगी ।

**(ख) ऊर्जा के उपभोग में कमी करने हेतु क्रियान्वित किये जा रहे अतिरिक्त निवेश तथा प्रस्ताव, यदि कोई हो ।**

परीक्षणों के परिणामों के आधार पर विभिन्न पावर स्टेशनों/परियोजनाओं में स्थित विभिन्न उपकरणों पर उनकी आवश्यकता के अनुसार आधुनिक पेट्रोलियम ईंधन बचत प्रोद्योगिकी (फिच फ्यूल कैटालिस्ट) के उपयोग की सिफारिश की गई है ।

**(ग) उपर्युक्त (क) तथा (ख) में उल्लिखित उपायों के प्रभाव से ऊर्जा उपभोग में कमी और वस्तुओं की उत्पादन लागत पर परिणामस्वरूप प्रभाव ।**

कमतर कार्य-निष्पादन वाले औजारों/उपकरणों को ऊर्जा दक्ष से प्रतिस्थापित किया जाएगा और इन्हें वित्तीय वर्ष 2006-07 के दौरान एक चरणबद्ध रूप में स्थापित किया जाएगा ।

**घ) तत्संबंधी अनुबंध के फार्म-क के अनुसार कुल ऊर्जा उपभोग और उत्पादन की प्रति यूनिट पर ऊर्जा उपभोग ।**

एनएचपीसी इस अनुसूची में वर्णित उद्योगों की श्रेणी में नहीं आती है।

### ख. प्रौद्योगिकी समावेशन

**(ङ) तकनीक समावेशन हेतु किए गए प्रयासों का ब्यौरा संलग्न फार्म-बी में दिया गया है।**

### ग. विदेशी मुद्रा अर्जन तथा व्यय

**(च) निर्यात से संबंधित क्रियाकलाप, निर्यात बढ़ाने के लिए की गई पहल, उत्पाद तथा सेवाओं हेतु नए बाजारों का विकास, और निर्यात योजनाएं ।**

एनएचपीसी की कोई निर्यात योजना नहीं हैं ।

**(छ) कुल विदेशी मुद्रा प्रयुक्त तथा अर्जित**

करोड़ रुपए में

| | विवरण | 2005-2006 | 2004-05 |
|---|---|---|---|
| 1. | सीआईएफ आधार पर आयातित | | |
| | संयंत्र तथा मशीनरी और कलपुर्जों का मूल्य | 2.27 | 20.22 |
| 2. | विदेशी मुद्रा में व्यय | | |
| | (i) जानकारियां | 1.19 | 0.28 |
| | (ii) ब्याज | 108.47 | 116.75 |
| | (iii) अन्य विविध | 335.24 | 311.37 |
| 3. | प्रचालन इकाइयों में उपभोग किए | | |
| | गए कलपुर्जों तथा घटकों का मूल्य | | |
| | आयातित | 5.12 (35 %) | 5.38 (77 %) |
| | देशीय | 9.54 (65 %) | 1.60 (23 %) |
| 4. | आय (नकद आधार पर) | | |
| (i) | ब्याज आय | – | – |
| (ii) | अन्य | – | – |

फार्म - बी

**विशिष्ट क्षेत्र, जिनमें निगम द्वारा अनुसंधान एवं विकास (आर एण्ड डी) किया जा रहा है-**

- जल विद्युत उत्पादक घटकों के सेवाकाल में सुधार हेतु तापीय स्प्रे कोटिंग- सलाल तथा बैरास्यूल पावर स्टेशनों पर परीक्षण किए गए हैं।
- एनएचपीसी परियोजनाओं हेतु सीडीएम लाभ ।
- ईंधन बचाने वाली प्रौद्योगिकी - परियोजनाओं पर परीक्षण किए गए हैं ।
- भू-तापीय ऊर्जा का विकास ।
- नवीकरण योग्य ऊर्जा संसाधनों के उपयोग को बढ़ावा देना अर्थात एनएचपीसी परियोजनाओं/संस्थापनाओं पर सौर ऊर्जा ।

2. **उपर्युक्त अनुसंधान एवं विकास के परिणामस्वरूप प्राप्त किए गए लाभ**

- एनएचपीसी स्वच्छ विकास तंत्र (सीडीएम) परियोजनाओं के तौर पर जल विद्युत परियोजनाओं के विकास में सक्रिय रूप से नियोजित है। वर्तमान में सीडीएम लाभ प्राप्त किए जाने के लिए निम्मो बाजगो, चुटक तथा कोटली भेल-। ए परियोजनाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है ।
- एनएचपीसी ने नवीनतम ईंधन बचाने वाली प्रौद्योगिकी (फिच फ्यूल कैटलिस्ट) को अपनाने के लिए क्षेत्र परीक्षण किए हैं। क्षेत्र परीक्षणों ने उत्साहजनक परिणाम तथा ईंधन में बचत दर्शाई है।
- पूगा में भू-तापीय परियोजना के विकास हेतु प्रारम्भिक रिपोर्ट जनवरी, 2006 में विद्युत मंत्रालय को प्रस्तुत की गई थी जिसके बाद मार्च, 2006 में पूगा में भू-तापीय परियोजना के ढांचे पर एनएचपीसी की टिप्पणियां/अभिमत प्रस्तुत किए गए थे ।
- हरित विद्युत को बढ़ावा देने के लिए निम्मो बाजगो जल विद्युत परियोजना पर सौर ऊर्जा को अपनाने हेतु एक पायलट परियोजना प्रारम्भ की जा रही है और इसके 2006-2007 में चालू होने की आशा है ।

3. **2006-2007 के लिए भविष्य की कार्रवाई योजना**

उपर्युक्त वर्णित अनुसंधान एवं विकास क्रियाकलापों के वर्ष 2006-07 में भी जारी रखने की योजना है ।

- हाइड्रोजनरेटर के टरबाइन हेतु गाद प्रतिरोधी पदार्थ के विकास हेतु राष्ट्रीय आर एण्ड डी योजना को आर एण्ड डी पर स्थायी समिति द्वारा अनुमोदित कर दिया गया था । एनएचपीसी के अंश को सीपीआरआई को निर्मुक्त कर दिया गया है, एनएमएल इस अनुसंधान परियोजना हेतु नोडल एजेंसी है । पूर्णता हेतु निर्धारित कार्यक्रम 3 वर्ष है ।
- नवीकरण योग्य ऊर्जा स्रोतों से उपयोग को बढ़ावा देना अर्थात एनएचपीसी आवासीय परिसर, फरीदाबाद में सड़क की रोशनी हेतु सौर ऊर्जा आदि ।
- लोकतक तथा टनकपुर पावर स्टेशनों की ऊर्जा संपरीक्षा ।
- सीएफडी प्रयोगशाला की स्थापना ।

4. **अनुसंधान एवं विकास पर व्यय**

2005-06 तक कुल - 672.19 लाख रुपए व्यय किया गया, जिसमें मई 1997 से भू-तापीय ऊर्जा के विकास पर खर्च हुए 146.39 लाख रुपए भी शामिल हैं ।

**प्रौद्योगिकी समावेश, प्रयोग और नवीनीकरण**

1. **प्रौद्योगिकी समावेश, प्रयोग और नवीनीकरण के लिए किए गए प्रयासों की संक्षेप में जानकारी -**

जल के भीतर रहने वाले टरबाइन घटकों हेतु हार्ड कोटिंग के क्षेत्र में विशेषीकृत संगठनों के साथ विभिन्न प्रयोगात्मक अध्ययन/परीक्षण किए गए ताकि गाद से कटाव के प्रति उनके कार्य-निष्पादन में सुधार किया जा सके और सम्भावित हल के रूप में तापीय स्प्रे तकनीकों की पहचान की जा सके ।

2. **उपर्युक्त प्रयासों के परिणामस्वरूप प्राप्त लाभ अर्थात उत्पाद सुधार, लागत में कमी, उत्पाद विकास, आयात प्रतिस्थापन आदि निम्नानुसार हैं -**

हार्ड कोटिंग एक जारी प्रक्रिया है और इससे लाभ हाइड्रो टरबाइन के जल के भीतर वाले घटकों हेतु लाभकारी होने वाले अन्तिम कोटिंग पदार्थ को अंतिम रूप दिए जाने के पश्चात ही प्राप्त होंगे । एचवीओएफ प्रक्रिया के साथ टंग्स्टन कार्बाइड कोबाल्ट कोटिंग ने उत्साहजनक परिणाम दर्शाए हैं ।

3. **पिछले पांच वर्षों के दौरान आयातित प्रौद्योगिकी -**

एनएचपीसी को गैर-परंपरागत ऊर्जा स्रोत मंत्रालय द्वारा देश में भू-तापीय विद्युत के विकास के लिए 'नोडल एजेंसी' के रूप में नामित किया गया है । भारत में विभिन्न भूतापीय क्षेत्रों के क्रमिक अध्ययनों को पहले ही एक अंतर्राष्ट्रीय परामर्शदाता के माध्यम से कराया जा चुका है । इसके अतिरिक्त, इस क्षेत्र में तकनोलॉजी का अंतरण केवल तभी होगा जब गैर-परंपरागत ऊर्जा स्रोत मंत्रालय (एमएनइएस) अथवा विद्युत मंत्रालय पूगा/तत्तापानी में भू-तापीय परियोजना के स्थापन को मंजूरी देगा तथा इसे एनएचपीसी को सौंपेगा ।

**(नोट - उपर्युक्त जानकारी केवल आर एण्ड डी समूह के संबंध मे है। )**

# नैशनल हाइड्रोइलैक्ट्रिक पावर कारपोरेशन लिमिटेड के सदस्यों के लिए लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट

| लेखापरीक्षकों की टिप्पणियां | प्रबंधन के उत्तर |
|---|---|
| 1. हमने **नैशनल हाइड्रोइलैक्ट्रिक पावर कारपोरेशन लिमिटेड** के 31 मार्च, 2006 के संलग्न समेकित तुलन पत्र व उसी तारीख को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए लाभ व हानि लेखा तथा कैश फ्लो विवरण की लेखापरीक्षा कर ली है। इन वित्तीय विवरणों की जिम्मेदारी कंपनी के प्रबंधन की है। हमारी जिम्मेदारी हमारी लेखापरीक्षा पर आधारित इन वित्तीय विवरणों पर अपनी राय व्यक्त करना है। | |
| 2. हमने साधारणत: भारत में प्रचलित लेखापरीक्षा मानदंडों के अनुसार लेखापरीक्षा की है। उन मानदंडों में यह अपेक्षित हैं कि हम यह उचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए लेखापरीक्षा की आयोजना तथा निष्पादन करें कि क्या वित्तीय विवरण गलत कथनों से मुक्त हैं। लेखापरीक्षा में जांच आधारित परीक्षण, राशि के समर्थन में साक्ष्य तथा वित्तीय विवरणों में प्रकटन शामिल हैं। लेखापरीक्षा में प्रयोग किए गए लेखा सिद्धांतों का निर्धारण तथा प्रबंधन द्वारा बनाए गए सार्थक अनुमानों के साथ-साथ समग्र वित्तीय विवरण के प्रस्तुतीकरण का मूल्यांकन भी शामिल है। हमें विश्वास है कि हमारी लेखापरीक्षा हमारे मत हेतु एक उचित आधार उपलब्ध कराती है। | |
| 3. जैसा कि कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 227 की उप-धारा (4क) के अनुसार यथापेक्षित भारत की केन्द्र सरकार द्वारा जारी कंपनी (लेखापरीक्षा रिपोर्ट) आदेश 2003 जिसे कंपनी (लेखा परीक्षक रिपोर्ट) संशोधन आदेश, 2004 (जिसे एतदपश्चात आदेश कहा गया है) के साथ पढ़ा जाता है, हम उक्त आदेश के पैराग्राफ 4 तथा 5 में विनिर्दिष्ट मामलों पर एक विवरण अनुबंध में संलग्न कर रहे हैं। | |
| 4. ऊपर पैराग्राफ 3 में उल्लिखित अनुबंध में हमारी टिप्पणियों के क्रम में हम आगे सूचित करते हैं कि:- | |
| (क) **स्व-बीमा आरक्षित के खाते की प्रविष्टि, एक नामितिक प्रविष्टि होने के कारण, लाभ तथा हानि विनियोजन लेखे के बजाए लाभ तथा हानि लेखे में 53.18 करोड़ रुपए के डेबिट से उस सीमा तक शुद्ध लाभ को कम आंकने में परिणत हुआ है।** | लेखांकन प्रक्रिया, जिसका नियमित रूप से अनुपालन किया जा रहा है, लेखांकन नीति संख्या 12 के अनुसार है । इस संबंध में वर्ष 1997-98 हेतु निगम के वार्षिक लेखे पर तात्कालिक सांविधिक लेखा परीक्षकों की टिप्पणी पर नियंत्रक एवं महालेखा |

परीक्षक की निम्नलिखित टिप्पणी की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है जोकि निम्नानुसार है -

| अपेक्षाएं | सी एण्ड एजी की टिप्पणी |
|---|---|
| लेखांकन नीति संख्या 10 **(अब लेखांकन नीति संख्या 12)** लाभ में से विनियोजन करने के बजाय लाभ एवं हानि लेखे में प्रभारित करके स्व-बीमा आरक्षित का सृजन । | सांविधिक लेखा परीक्षकों की अपेक्षाओं संबंधी टिप्पणी सही नहीं है क्योंकि स्व-बीमा आरक्षित का सृजन ओ एण्ड एम परियोजनाओं में असंभावित हानियों को पूरा करने के उद्देश्य से किया गया है । |

उक्त स्थिति की निगम के वर्ष 2001-02 के लेखे पर सांविधिक लेखा परीक्षकों की ऐसी ही अपेक्षाओं संबंधी टिप्पणी पर सीएजी की टिप्पणी संख्या 9 द्वारा पुन: पुष्टि की गई थी ।

5. ऊपर पैराग्राफ 4 में हमारी रिपोर्ट के अध्यधीन, हमारा कहना है कि:-

i) हमने वह सब सूचना तथा स्पष्टीकरण प्राप्त कर लिए हैं जो हमारी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार हमारी लेखापरीक्षा के प्रयोजनार्थ आवश्यक थे;

ii) लेखापरीक्षकों में कार्य का आवंटन पत्र संख्या सीए. वी/सीओवाई/केन्द्र सरकार एनएचपीसी (4)/79 दिनांक 22.08.2005, जो भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक, नई दिल्ली के कार्यालय द्वारा एनएचपीसी को सम्बोधित है, में निहित निदेश का अनुसरण करते हुए किया गया है;

iii) हमारी राय में विधि द्वारा यथापेक्षित उपयुक्त लेखाबहियों का अनुरक्षण कंपनी द्वारा किया गया है जहां तक उन बहियों की हमारी जांच से पता चलता है। शाखा लेखापरीक्षा रिपोर्ट(टें) हमें अग्रेषित की गई हैं तथा उन पर समुचित कार्रवाई की गई है;

iv) इस रिपोर्ट में संव्यवहृत तुलनपत्र, लाभ एवं हानि लेखा तथा कैश फ्लो विवरण लेखाबहियों से तथा शाखाओं से प्राप्त लेखापरीक्षित विवरणियों से मेल खाते हैं;

v) हमारी राय में इस रिपोर्ट में संव्यवहृत तुलनपत्र, लाभ एवं हानि लेखा तथा कैश फ्लो विवरण कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 211 की उप-धारा (3ग) में उल्लिखित लेखाकरण मानकों में लागू सीमा तक समनुरूप हैं;

vi) **संस्था के अंतर्नियमों की संशोधित खण्ड 33 के अनुसार स्वतंत्र निदेशकों की संख्या, बोर्ड की वास्तविक संख्या के 50 प्रतिशत से कम नहीं होनी चाहिए, इसका अनुपालन अपेक्षित है।**

vii) कंपनी कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय ने दिनांक 21 अक्तूबर, 2003 की अपनी अधिसूचना संख्या एफ सं. 08/05/2001-सीएल-वी के तहत अधिसूचित किया है कि कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 274(1) (छ) के प्रावधान किसी सरकारी कंपनी पर प्रयोज्य नहीं होंगे;

(viii) हमारी राय मे तथा हमारी जानकारी एवं हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार, उक्त लेखे जो उनके साथ की टिप्पणियों तथा महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों के साथ पढ़े जाने पर कंपनी अधिनियम, 1956 द्वारा यथापेक्षित सूचना अपेक्षित तरीके से प्रस्तुत करते हैं तथा भारत में सामान्यत: स्वीकृत लेखाकरण सिद्धांतों के समनुरूप निम्न के संबंध में एक सही एवं उचित चित्र प्रस्तुत करते हैं:-

(क) तुलनपत्र के मामले में 31 मार्च, 2006 की स्थिति के अनुसार कंपनी की कार्य स्थिति के बारे में,

(ख) लाभ एवं हानि लेखे के संबंध में उसी तिथि को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी के लाभ के बारे में, तथा

(ग) कैश फ्लो विवरण के संबंध में उसी तिथि को समाप्त वर्ष के लिए कैश फ्लो के बारे में।

**कृते बत्रा सप्रा एण्ड कंपनी**
चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स्

**(ए.एल. बत्रा)**
भागीदार
सदस्यता संख्या 16929

**स्थान : नई दिल्ली**
**दिनांक : 31 मई, 2006**

निदेशकों को भारत सरकार द्वारा नियुक्त किया जाता है ।

## लेखापरीक्षक रिपोर्ट का अनुबंध

### (समसंख्यक तिथि की हमारी रिपोर्ट के पैराग्राफ 3 में उल्लिखित)

(i) (क) कंपनी ने नियत परिसंपत्तियों के प्रमात्रात्मक विवरण तथा स्थिति सहित पूर्ण विवरण दर्शाते हुए उचित अभिलेखों का अनुरक्षण किया है।

(ख) हमें सूचित किया गया है कि वर्ष के दौरान प्रबंधन द्वारा सभी परिसंपत्तियों का वास्तविक सत्यापन किया गया है। हमारे मतानुसार सत्यापन की आवृत्ति युक्तिसंगत है। प्रबंधन द्वारा हमें दी गई सूचना के अनुसार वर्ष के दौरान वास्तविक सत्यापन की गई नियत परिसंपत्तियों के मामले में बही रिकार्डों की तुलना में कोई तथ्यात्मक विसंगतियां नहीं पाई गईं।

(ग) चूंकि वर्ष के दौरान नियत परिसंपत्तियों के किसी महत्वपूर्ण भाग का निपटान नहीं किया गया है, इसलिए चालू कंपनी आधार पर वित्तीय विवरणों को तैयार करना इस कारण से प्रभावित नहीं होता है।

(ii) (क) प्रबंधन द्वारा वर्ष के दौरान भण्डार की वस्तुसूची, कलपुर्जों, इस्पात तथा सीमेंट सिवाय उसके जो संविदाकर्ताओं के पास अथवा पारगमन में है, का वास्तविक सत्यापन किया गया है। हमारी राय में ऐसे सत्यापन की आवधिकता युक्तिसंगत है।

(ख) हमारे मतानुसार कंपनी के आकार तथा इसके व्यवसाय के स्वरूप के संदर्भ में प्रबंधन द्वारा अनुसरण की जाने वाली वस्तुसूचियों के वास्तविक सत्यापन की प्रक्रियाएं युक्तिसंगत एवं पर्याप्त हैं।

(ग) हमारे मतानुसार कंपनी वस्तुसूची के उचित अभिलेखों का अनुरक्षण कर रही है। वास्तविक स्टॉकों तथा वस्तुसूची के अभिलेखों के बीच सत्यापन पर कोई महत्वपूर्ण कमी नहीं पाई गई।

(iii) (क) हमारे द्वारा लागू की गई लेखा परीक्षा कार्यविधियों के आधार पर और हमें दी गई सूचना तथा स्पष्टीकरणों के अनुसार कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 301 के तहत अनुरक्षित रजिस्टरों में सूचीबद्ध कंपनियों, फर्मों या अन्य पार्टियों से कोई ऋण, प्रतिभूत या अप्रतिभूत नहीं लिए हैं/दिए हैं। इसको देखते हुए खण्ड (iii) के उप खण्ड (ख), (ग) और (घ) लागू नहीं होते।

(ख) कंपनी ने कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 301 के अंतर्गत रखे गए रजिस्टर के तहत आने वाली पार्टियों से कोई ऋण नहीं लिया है। इसको देखते हुए खण्ड (iii) के उप खण्ड (ङ) (च) और (छ) लागू नहीं होते।

(iv) हमारी राय में तथा हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरणों के अनुसार, वस्तुसूची क्रय, नियत परिसम्पत्तियों के संबंध में, विद्युत तथा सेवाओं की बिक्री के संबंध में कंपनी के आकार तथा इसके व्यवसाय के अनुरूप पर्याप्त आंतरिक नियंत्रण प्रक्रियाएं हैं।

(v) (क) ऐसी कोई संविदा या लेनदेन नहीं है जिसके लिए कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 301 के अन्तर्गत रखे गए रजिस्टर में प्रविष्टि करने की आवश्यकता है।

(ख) आदेश के पैरा 4 के उप पैरा (v) के उप खण्ड (ख) के प्रावधान लागू नहीं होते क्योंकि वित्तीय वर्ष के दौरान किसी भी पार्टी के साथ पाँच लाख रुपए से अधिक मूल्य का लेनदेन नहीं किया गया है।

(vi) हमारी राय में तथा हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरणों के अनुसार कंपनी ने अधिनियम, 1956 की धारा 58क तथा 58कक के प्रावधानों और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार जनता से कोई धनराशि स्वीकार नहीं की है।

हमें प्रबंधन द्वारा सूचित किया गया है कि कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 58क तथा 58कक के अंतर्गत कंपनी विधि बोर्ड अथवा राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण अथवा भारतीय रिजर्व बैंक अथवा किसी अन्य न्यायालय अथवा किसी अन्य अधिकरण द्वारा कोई आदेश पारित नहीं किया गया है।

(vii) हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरणों तथा कंपनी के रिकार्डों के अनुसार, कंपनी के व्यवसाय के आकार व प्रकार के अनुरूप आन्तरिक लेखा परीक्षा व्यवस्था है।

(viii) हमने कंपनी अधिनियम की धारा 209(1)(घ) के अन्तर्गत लागत रिकार्डों के अनुरक्षण के लिए केन्द्र सरकार द्वारा बनाए गए नियमों के अनुसरण में कंपनी द्वारा अनुरक्षित लेखाबहियों का मोटे तौर पर पुनरीक्षण किया है तथा हमारी यह राय है कि प्रथमदृष्टया निर्धारित लेखे तथा रिकार्ड बनाए गए हैं तथा अनुरक्षित किए गए हैं। तथापि, हमने इस उद्देश्य से कि वे सही अथवा पूर्ण हैं इन रिकार्डों का विस्तृत परीक्षण नहीं किया है।

(ix) (क) कंपनी के अभिलेखों के अनुसार कंपनी भविष्य निधि, निवेशक शिक्षा तथा संरक्षण निधि, आयकर, बिक्रीकर, संपत्तिकर, सेवाकर, सीमाशुल्क, उत्पाद शुल्क, उपकर तथा अन्य महत्वपूर्ण सांविधिक देयताओं सहित अविवादित सांविधिक देयताएं जिन्हें नियमित रूप से प्राधिकारियों के पास जमा कराना होता है, उन्हें सामान्यत: उचित प्राधिकारियों के पास नियमित रूप से जमा करा देती है। हमें सूचित किया गया है कि कर्मचारी राज्य बीमा योजना कंपनी पर लागू नहीं है। हमें दी गई सूचना तथा जानकारी के अनुसार 31 मार्च, 2006 को ऊपर वर्णित सांविधिक देयों के संबंध में कोई अविवादित राशि देय होने की तिथि से 6 माह से अधिक की अवधि हेतु बकाया नहीं है।

(ख) हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरण और कंपनी के रिकार्डो के अनुसार बिक्री कर, आयकर, सीमाशुल्क, संपत्तिकर, सेवाकर, उत्पाद, शुल्क, उपकर के संबंध में किसी विवाद के कारण जमा न कराई गई राशि 116.48 करोड़ रुपए है।

(x) वित्तीय वर्ष के अंत में कंपनी की कोई संचित हानियां नहीं हैं। कंपनी को हमारी लेखापरीक्षा में शामिल वित्तीय वर्ष तथा इस वित्तीय वर्ष से तत्काल पूर्व वर्ष के दौरान कोई नकद हानियां नहीं हुई हैं।

(xi) रिकार्डो के प्रमाणीकरण के आधार पर और हमें दी गई सूचना तथा स्पष्टीकरणों के अनुसार कंपनी ने किसी वित्तीय संस्था/बैंक या ऋण-पत्र धारकों को देयताओं की पुनर्अदायगी में चूक नहीं की है।

(xii) हमारे द्वारा अपनाई गई लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं और हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी ने शेयरों और डिबेंचरों या अन्य प्रतिभूतियों को दृष्टिबंधक रखकर प्रतिभूति के आधार पर कोई ऋण और अग्रिम प्रदान नहीं किया है।

(xiii) कंपनी एक चिट फंड या निधि अथवा कोई परस्पर लाभ निधि/समिति नहीं है। अत: कंपनी (लेखापरीक्षक रिपोर्ट) आदेश 2003 के खंड 4 (xiii) के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होते हैं।

(xiv) हमारी राय में कंपनी शेयरों, प्रतिभूतियों, ऋणपत्र तथा अन्य निवेशों में कारोबार नहीं कर रही है। इसलिए यह धारा xiv इस पर लागू नहीं होती।

(xv) कंपनी ने बैंकों/वित्तीय संस्थानों से अन्य द्वारा लिए गए ऋण के लिए कोई गारंटी नहीं दी है।

(xvi) हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार तथा कंपनी के तुलन पत्र की समग्र परीक्षा के आधार पर मियादी ऋणों का इस्तेमाल उसी उद्देश्य के लिए किया गया है जिसके लिए ये लिए गए थे।

(xvii) हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार और कंपनी के तुलन पत्र की समग्र परीक्षा के आधार पर, हमें संबंधित सूचना उपलब्ध कराई गई और जैसा कि प्रबंधन ने प्रस्तुत किया, वर्ष के दौरान कोई अल्पावधि निधि नहीं जुटाई गई है।

(xviii) कंपनी ने, कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 301 के तहत अनुरक्षित रजिस्टर में शामिल पार्टियों तथा कंपनियों को वर्ष के दौरान शेयरों का अधिमानी आवंटन नहीं किया है।

(xix) कंपनी ने वर्ष के दौरान कोई ऋण-पत्र जारी नहीं किए हैं और इसलिए उस संबंध में प्रतिभूति अथवा प्रभार बनाने का कोई प्रश्न नहीं उठता।

(xx) कंपनी ने वर्ष के दौरान सार्वजनिक निगमों द्वारा कोई धन नहीं जुटाया है और इसलिए सार्वजनिक निगमों द्वारा जुटायी गई राशि के अंतिम उपयोग को प्रकट करने का प्रश्न ही नहीं उठता।

(xxi) हमें सूचित किया गया है कि वर्ष के दौरान कंपनी द्वारा या उसके साथ कोई धोखाधड़ी जानकारी में नहीं आई है या सूचित की गई है।

**कृते बत्रा सप्रा एण्ड कंपनी**
चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स्

**(ए.एल. बत्रा)**
भागीदार
सदस्यता संख्या 16929

**स्थान : नई दिल्ली**
**दिनांक : 31 मई, 2006**



690 मेगावाट सलाल पावर स्टेशन
(जम्मू व कश्मीर)-पावर हाउस

# वार्षिक लेखे





## 31 मार्च 2006 की स्थिति के अनुसार तुलन-पत्र

(करोड़ रुपए)

| | अनुसूची | 31 मार्च, 2006 | | | 31 मार्च, 2005 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **निधियों के स्रोत** | | | | | | | |
| **क. अंशधारकों की निधि** | | | | | | | |
| i) हिस्सा पूंजी | 1 | | 10215.28 | | | 9425.62 | |
| ii) हिस्सा पूंजी जमाराशि | | | 20.38 | | | 158.89 | |
| iii) इक्विटी में समायोजन योग्य भारत सरकार की निधि | | | 340.43 | | | 348.76 | |
| iv) आरक्षित एवं अधिशेष | 2 | | 4709.89 | 15285.98 | | 4168.49 | 14101.76 |
| **ख. ऋण निधियां** | | | | | | | |
| i) प्रतिभूत ऋण | 3 | | 3973.50 | | | 4004.26 | |
| ii) अप्रतिभूत ऋण | 4 | | 3193.19 | 7166.69 | | 3017.54 | 7021.80 |
| **ग. मूल्यह्रास के प्रति अग्रिम के कारण अग्रिम रूप में प्राप्त आय** | | | | 1030.18 | | | 1071.15 |
| **घ. आस्थगित कर** | | | | | | | |
| शुद्ध आस्थतिग कर देयताएं | | | 1601.38 | | | 1413.48 | |
| घटाएं : वसूली योग्य आस्थगित कर | | | 1601.38 | - | | 1413.48 | - |
| **जोड़** | | | | 23482.85 | | | 22194.71 |
| **निधियों का अनुप्रयोग** | | | | | | | |
| **क. नियत पूंजी व्यय** | | | | | | | |
| i) नियत परिसम्पत्तियां | 5 | | | | | | |
| ए) सकल ब्लॉक | | 12755.52 | | | 10876.28 | | |
| घटाएं : मूल्यह्रास | | 2527.83 | | | 2148.20 | | |
| बी) शुद्ध ब्लॉक | | | 10227.69 | | | 8728.08 | |
| ii) चालू पूंजीगत कार्य | 6 | | 8844.19 | | | 8787.19 | |
| iii) निर्माण भंडार एवं अग्रिम | 7 | | 778.95 | 19850.83 | | 770.14 | 18285.41 |
| **ख. निवेश** | 8 | | | 3832.81 | | | 3769.43 |
| **ग. चालू परिसम्पत्तियां, ऋण एवं अग्रिम** | 9 | | | | | | |
| i) निवेश पर उपार्जित ब्याज | | 146.82 | | | 154.50 | | |
| ii) मालसूची | | 51.80 | | | 49.52 | | |
| iii) चालू संविदा कार्य | | 93.17 | | | 42.87 | | |
| iv) विविध देनदार | | 161.56 | | | 450.87 | | |
| v) नकद एवं बैंक शेष | | 542.20 | | | 311.68 | | |
| vi) अन्य चालू परिसम्पत्तियां | | 92.87 | | | 164.87 | | |
| vii) ऋण एवं अग्रिम | | 309.00 | 1397.42 | | 290.34 | 1464.65 | |
| **घटाएं : चालू देयताएं तथा प्रावधान** | 10 | | | | | | |
| i) देयताएं | | 700.79 | | | 652.60 | | |
| ii) प्रावधान | | 921.97 | 1622.76 | | 673.36 | 1325.96 | |
| **शुद्ध चालू परिसंपत्तियां** | | | | (225.34) | | | 138.69 |
| **घ. विविध व्यय** | | | | | | | |
| (बट्टे खाते न डाला गया या समायोजित न किया गया) | 11 | | | 24.55 | | | 1.18 |
| **जोड़** | | | | 23482.85 | | | 22194.71 |
| **लेखाकरण नीतिया** | 23 | | | | | | |
| **लेखा टिप्पणियां** | 24 | | | | | | |

**अनुसूची 1 से 24 तक लेखों का अभिन्न अंग है।**

हमारी समसंख्यक तिथि की संलग्न रिपोर्ट के अनुसार
**कृते बत्रा सप्रा एण्ड कंपनी**
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स

**निदेशक मंडल के लिए तथा की ओर से**

**(ए.एल बत्रा)**
भागीदार
सदस्यता संख्या 16929

**विजय गुप्ता**
कंपनी सचिव

**एस.पी.सेन**
निदेशक (तकनीकी)

**एस.के.गर्ग**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

**स्थान : नई दिल्ली**
**दिनांक : 31 मई, 2006**

# 31 मार्च 2006 को समाप्त वर्ष के लिए लाभ एवं हानि लेखा

(करोड़ रुपए)

| | अनुसूची | | 31 मार्च, 2006 | | | 31 मार्च, 2005 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **आय** | | | | | | | |
| i) बिक्री | 12 | | 1713.79 | | | 1668.27 | |
| घटाएं : टैरिफ समायोजन | | | 51.80 | | | 86.54 | |
| घटाएं : मूल्यह्रास के लिए पेशगी | 12 क | | 47.88 | 1614.11 | | 131.75 | 1449.98 |
| ii) संविदाएं व परामर्श आय | 13 | | | 48.81 | | | 22.61 |
| iii) पावर बांड पर ब्याज | | | | 227.91 | | | 215.14 |
| iv) दीर्घवधि अग्रिम पर बयाज | | | | 21.56 | | | 26.96 |
| v) अन्य आय | 14 | | | 61.27 | | | 129.09 |
| **कुल आय** | | | | **1973.66** | | | **1843.78** |
| **व्यय** | | | | | | | |
| i) उत्पादन, प्रशासन व अन्य व्यय | 15 | | | 240.00 | | | 155.16 |
| ii) कर्मचारियों को पारिश्रमिक व हितलाभ | 16 | | | 214.02 | | | 200.65 |
| iii) मूल्यह्रास | 17 | | | 269.57 | | | 248.97 |
| iv) ब्याज व वित्त प्रभार | 18 | | | 291.82 | | | 329.14 |
| v) प्रावधान | 19 | | | 8.45 | | | 25.58 |
| vi) संविदा व परामर्शी व्यय | 20 | | | 50.09 | | | 18.18 |
| vii) लाभानुभोगी राज्यों को प्रोत्साहन | | | | 81.16 | | | 83.22 |
| viii) पूर्व अवधि समायोजन (शुद्ध) | 21 | | | 6.39 | | | 5.35 |
| **कुल व्यय** | | | | **1161.50** | | | **1066.25** |
| **कर से पूर्व लाभ** | | | | **812.16** | | | **777.53** |
| **कराधान के लिए प्रावधान** | | | | | | | |
| i) चालू कर | | | 47.52 | | | 55.98 | |
| ii) पूर्व वर्षों से संबद्ध समायोजन | | | 16.14 | | | 36.97 | |
| iii) अनुषंगी हित लाभकर | | | 5.75 | | | - | |
| iv) आस्थगित कर | | 187.90 | | | 34.32 | | |
| घटाएं : आस्थगित कर वसूली योग्य समायोजन | | 187.90 | - | 69.41 | 34.32 | - | 92.95 |
| **कर पश्चात लाभ** | | | | **742.75** | | | **684.58** |
| पिछले वर्ष के लेखों से आगे लाया गया शेष | | | | 2369.02 | | | 1753.00 |
| **अप्रयोज्य लाभ** | | | | **3111.77** | | | **2437.58** |
| **विनियोजन** | | | | | | | |
| i) अंतरिम लाभांश | | | | 64.00 | | | 60.00 |
| ii) प्रस्तावित अंतिम लाभांश | | | | 159.00 | | | 80.00 |
| iii) कारपोरेट लाभांश कर | | | | 31.28 | | | 19.21 |
| iv) लाभ से आरक्षित में विनियोजन | | | | 27.75 | | | - |
| v) बांड शोधन आरक्षित निधि से वापस लिखी गयी राशि | | | | - | | | 90.65 |
| **तुलन-पत्र में आगे ले जाया गया शेष** | | | | **2829.74** | | | **2369.02** |
| **प्रति शेयर आय (ईक्विटी शेयर, अंकित मूल्य 1000 रु0 प्रत्येक)** | | | | | | | |
| **मूल** | | | | **75.05** | | | **77.08** |
| **परिवर्तित** | | | | **72.53** | | | **74.17** |

| | |
|---|---|
| **लेखा नीतियां** | 23 |
| **लेखों पर टिप्पणियां** | 24 |

**अनुसूची 1 से 24 तक लेखों का अभिन्न अंग है।**

हमारी समसंख्यक तिथि की संलग्न रिपोर्ट के अनुसार
**कृते बत्रा सप्रा एण्ड कंपनी**
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स

**निदेशक मंडल के लिए तथा की ओर से**

**(ए.एल बत्रा)**
भागीदार
सदस्यता संख्या 16929

**विजय गुप्ता**
कंपनी सचिव

**एस.पी.सेन**
निदेशक (तकनीकी)

**एस.के.गर्ग**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

**स्थान : नई दिल्ली**
**दिनांक : 31 मई, 2006**

## अनुसूची - 1 शेयर पूंजी

(करोड़ रुपए)

| | 31 मार्च, 2006 | 31 मार्च, 2005 |
|---|---|---|
| **क. प्राधिकृत** | | |
| प्राधिकृत पूंजी: 1000/- रुपए प्रत्येक के 150,000,000 इक्विटी शेयर (पिछले वर्ष 150,000,000) | 15000.00 | 15000.00 |
| **ख. निर्गमित** | | |
| निर्गमित पूंजी: 1000 रुपए प्रत्येक के 102,152,820 ईक्विटी शेयर (पिछले वर्ष 94,256,197) | 10215.28 | 9425.62 |
| **ग. अभिदत व प्रदत** | | |
| 1000/- रुपए प्रत्येक के पूर्ण प्रदत्त 102,152,820 इक्विटी शेयर (पिदले वर्ष 94,256,197) (इनमें से 6,29,529 शेयर भारत सरकार के साथ करार के अनुसरण मे नकद से अन्यथा प्रतिफल हेतु आवंटित कर दिए गए हैं और एक शेयर को नकदी के अलावा आंशिक प्रतिफल के लिए आवंटित किया गया है।) | 10215.28 | 9,425.62 |
| **जोड़** | **10215.28** | **9,425.62** |

## अनुसूची - 2 आरक्षित व अधिशेष

(करोड़ रुपए)

| | | अद्य शेष 01.04.05 | | वर्धन | | कटौती/ समायोजन | | अन्तिम शेष 31.03.06 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पूंजी आरक्षित | | 0.06 | | - | | - | | 0.06 |
| बांड शोधन आरक्षित | | 174.75 | | 27.75 | | - | | 202.50 |
| सामान्य आरक्षित | | 1,320.00 | | - | | - | | 1,320.00 |
| लाभ व हानि लेखा | | 2,369.02 | | 742.75 | | 282.03 | | 2,829.74 |
| स्वबीमा आरक्षित | 304.88 | | 53.19 | | 0.09 | | 357.98 | |
| घटाएं: दावों पर प्रतिपूर्ति योग्य | 0.22 | 304.66 | 0.17 | 53.02 | - | 0.09 | 0.39 | 357.59 |
| **जोड़** | | **4,168.49** | | **823.52** | | **282.12** | | **4,709.89** |

## अनुसूची - 3 ऋण निधि - संरक्षित

(करोड़ रुपए)

| | 31 मार्च, 2006 | 31 मार्च, 2005 |
|---|---|---|
| **क. बांड** | | |
| बांड/डिबेंचर संरक्षित | 1000.00 | 1028.00 |
| **ख. सावधिक ऋण** | | |
| बैंकों/वित्तीय संस्थाओं से सावधिक ऋण - भारतीय मुद्रा - संरक्षित | 2973.50 | 2976.26 |
| **कुल (परिशिष्ट देखें)** | **3973.50** | **4004.26** |

## ऋण निधि - संरक्षित

(करोड़ रुपए)

| | 31 मार्च, 2006 | | 31 मार्च, 2005 | |
|---|---|---|---|---|
| I. बांड (अपरिवर्तनीय एवं असंचयी) | | | | |
| **बांड एम सीरीज *4 व 7** | | | | |
| **(प्राइवेट प्लेसमेंट)** | | | | |
| (07.01.2007 को सममूल्य पर रिडम्पशन 100000/- रुपए प्रत्येक के 9.55% 5 वर्षीय बांड) | 430.00 | | 430.00 | |
| (एक वर्ष में रिडम्पशन के लिए देय 430 करोड) | | | | |
| **बांड एन सीरिज *7** | | | | |
| 6.50% 32 माह के बांड, एक करोड़ रु. प्रत्येक रिडम्पशन पर जो 15.11.2003 से 5 समान छमाही किस्तों में सममूल्य पर प्रतिदेय हैं। | - | | 28.00 | |
| **बांड ओ सीरिज *2** | 570.00 | 1000.00 | 570.00 | 1028.00 |
| (10 अलग-अलग हस्तांतरीय रिडम्पशन मूल हिस्सों वाले प्रतिदेय 10 करोड़ रुपए प्रत्येक के 7.7% पर 15 वर्षीय बांड तथा प्रत्येक अलग-अलग हस्तांतरणीय रिडम्पशन मूल हिस्सा जिसमें बांड के अंकित मूल्य का 1/10वां मूल्य शामिल है। ) | | | | |
| (शीघ्रतम रिडम्पशन 31.03.2009 को।) | | | | |
| (एक वर्ष में रिडम्पशन के लिए देय शून्य रुपए) | | | | |
| **कुल बांड (क)** | | 1000.00 | | 1028.00 |
| II. सावधिक ऋण | | | | |
| **बैंक ऑफ इंडिया *1** | - | | 50.00 | |
| (एक वर्ष में पुनर्अदायगी के लिए देय शून्य रुपए) (6.2.06 को चुकता किया) | | | | |
| **बैंक ऑफ महाराष्ट्र *1** | 50.00 | | 50.00 | |
| (एक वर्ष में पुनर्अदायगी के लिए देय शून्य रुपए) | | | | |
| (02.11.2007 से आगे 5 समान वार्षिक किस्तों में प्रतिदेय) | | | | |
| **केनरा बैंक *1** | - | | 60.00 | |
| (27.3.06 को चुकता किया) | | | | |
| **केनरा बैंक *1** | - | | 100.00 | |
| (14.3.06 को चुकता किया) | | | | |
| **केनरा बैंक *1** | 85.00 | - | 85.00 | |
| (एक वर्ष में पुनर्अदायगी के लिए देय शून्य रुपए) | | | | |
| (31.1.2009 से आगे 5 समान वार्षिक किस्तों में प्रतिदेय) | | | | |
| **इंडियन ओवरसीज बैंक *1** | 50.00 | | 50.00 | |
| (एक वर्ष में पुनर्अदायगी के लिए देय शून्य रुपए) | | | | |
| (06.12.2008 से आगे 4 समान वार्षिक किस्तों में प्रतिदेय) | | | | |
| **इंडियन बैंक *1** | - | | 100.00 | |
| (19.12.05 को चुकता किया) | | | | |

## अनुसूची - 3 का परिशिष्ट

## ऋण निधियां - संरक्षित

(करोड़ रुपए)

| | 31 मार्च, 2006 | 31 मार्च, 2005 |
|---|---|---|
| **भारतीय जीवन बीमा निगम *1** | - | 150.00 |
| (15.9.05 को चुकता किया) | | |
| **पंजाब नैशनल बैंक *1** | 50.00 | 50.00 |
| (एक वर्ष में पुनर्अदायगी के लिए देय शून्य रुपए) | | |
| (01.10.08 को प्रतिदेय) | | |
| **पंजाब नैशनल बैंक *1** | 50.00 | 50.00 |
| (एक वर्ष में पुनर्अदायगी के लिए देय शून्य रुपए) | | |
| (03.12.08 को प्रतिदेय) | | |
| **स्टेट बैंक ऑफ पटियाला *1** | 40.00 | 40.00 |
| (एक वर्ष में पुनर्अदायगी के लिए देय 40 करोड रुपए) | | |
| (09.1.07 को प्रतिदेय) | | |
| **स्टेट बैंक ऑफ इंदौर *1** | - | 13.33 |
| (22.12.05 को चुकता किया) | | |
| **स्टेट बैंक ऑफ सौराष्ट्र *1** | - | 50.00 |
| (7.10.05 को चुकता किया) | | |
| **स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद *1** | - | 48.00 |
| (7.10.05 को चुकता किया) | | |
| **केनरा बैंक *2** | - | 21.43 |
| (25.3.06 को चुकता किया) | | |
| **स्टेट बैंक ऑफ इंडिया *2** | 200.00 | 400.00 |
| (एक वर्ष में रिडम्पशन के लिए देय 200 करोड़ रुपए) | | |
| **बैंक ऑफ इंडिया *3** | 100.00 | 100.00 |
| (एक वर्ष में पुनर्अदायगी के लिए देय 5 करोड़ रुपए) | | |
| (24.12.2006 से 10 वर्षों में 40 समान तिमाही किस्तों में प्रतिदेय) | | |
| **सैंट्रल बैंक ऑफ इंडिया *3** | 80.00 | 90.00 |
| (एक वर्ष में पुनर्अदायगी के लिए देय 10 करोड़ रुपए) | | |
| (5 करोड़ रुपए की 20 छमाही किस्तों में प्रतिदेय) | | |
| **हाउसिंग डेवलपमेंट फाइनेंस कारपोरेशन लिमिटेड *3** | 100.00 | 100.00 |
| (एक वर्ष में पुनर्अदायगी के लिए देय 7.14 करोड़ रुपए) | | |
| (13.02.2007 से 14 समान छमाही किस्तों में प्रतिदेय) | | |
| **पंजाब एण्ड सिंध बैंक *3** | 100.00 | 100.00 |
| (एक वर्ष में पुनर्अदायगी के लिए देय 5 करोड़ रुपए) | | |
| (24.10.2006 से 10 वर्षों में 40 तिमाही किस्तों में प्रतिदेय) | | |
| **पंजाब नैशनल बैंक *3** | 127.50 | 142.50 |
| (एक वर्ष में पुनर्अदायगी के लिए देय 15 करोड़ रुपए) | | |
| (26.10.2004 से 10 वर्षों में 20 छमाही किस्तों के रुप में पुनर्अदायगी की जानी है) | | |

## ऋण निधियां - संरक्षित

(करोड़ रुपए)

| | 31 मार्च, 2006 | 31 मार्च, 2005 |
|---|---|---|
| **स्टेट बैंक ऑफ पटियाला *3** | 50.00 | 50.00 |
| (एक वर्ष में पुनर्अदायगी के लिए देय 3.57 करोड़ रुपए) | | |
| (30.01.2007 से 14 छमाही किस्तों में प्रतिदेय) | | |
| **स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद *3** | 50.00 | 50.00 |
| (एक वर्ष में पुनर्अदायगी के लिए देय 3.57 करोड़ रुपए) | | |
| (07.01.2007 से 7 वर्षों में 14 छमाही किस्तों में प्रतिदेय) | | |
| **स्टेट बैंक ऑफ इंडिया *3** | 150.00 | 150.00 |
| (एक वर्ष में पुनर्अदायगी के लिए देय 21.43 करोड़ रुपए) | | |
| (18.09.2006 से 14 छमाही किस्तों में प्रतिदेय) | | |
| **केनरा बैंक *5** | 50.00 | 50.00 |
| (एक वर्ष में पुनर्अदायगी के लिए देय शून्य रुपए) | | |
| (28.06.2009 से आगे 4 समान वार्षिक किस्तों में प्रतिदेय) | | |
| **भारतीय जीवन बीमा निगम लिमिटेड *6** | 862.00 | 232.00 |
| (एक वर्ष में पुनर्अदायगी के लिए देय शून्य रुपए) | | |
| (15.04.2009 से 12 वर्षों में 24 छमाही किस्तों में प्रतिदेय) | | |
| **केनरा बैंक * 2** | 200.00 | 200.00 |
| (एक वर्ष में पुनर्अदायगी के लिए देय शून्य रुपए) | | |
| (9.11.07 से 10 समान वार्षिक किस्तों में देय) | | |
| **सिंडिकेट बैंक *2** | 183.00 | 183.00 |
| (एक वर्ष में पुनर्अदायगी के लिए देय शून्य रुपए) | | |
| (23.02.08 से 10 समान वार्षिक किस्तों में देय) | | |
| **ओरिएन्टल बैंक ऑफ कामर्स *2** | 200.00 | 200.00 |
| (एक वर्ष में पुनर्अदायगी के लिए देय शून्य रुपए) | | |
| (1.4.08 से 10 समान वार्षिक किस्तों में देय) | | |
| **ओरिएन्टल बैंक ऑफ कामर्स *2** | 100.00 | - |
| (एक वर्ष में पुनर्अदायगी के लिए देय शून्य रुपए) | | |
| (27.12.11 से 10 समान वार्षिक किस्तों में देय) | | |
| **भारतीय जीवन बीमा निगम *8** | 96.00 | 11.00 |
| (एक वर्ष में पुनर्अदायगी के लिए देय शून्य रुपए) | | |
| (30.04.12 से 12 वर्षों में 24 छमाही किस्तों में प्रतिदेय) | | |
| **कुल संरक्षित ऋण (ख)** | 2973.50 | 2976.26 |
| **जोड़** | 3973.50 | 4004.26 |

**टिप्पणी :**

*(1) कॉरपोरेशन की हिमाचल प्रदेश राज्य में अवस्थित चमेरा पावर स्टेशन चरण-I के बही ऋण और भंडारों को छोड़कर अचल/चल परिसंपत्तियों के बदले सामयिक रेहन/बंधक रखकर समरूप प्रभाव के माध्यम से संरक्षित।

*(2) कॉरपोरेशन के जम्मू व कश्मीर राज्य में अवस्थित उड़ी पावर स्टेशन की बही ऋणों और भंडारों को छोड़कर अचल/चल परिसंपत्तियों के बदले सामचिक रेहन/बंधक रखकर समरूप प्रभार के माध्यम से संरक्षित।

*(3) कॉरपोरेशन की हिमाचल प्रदेश राज्य में अवस्थित चमेरा पावर स्टेशन -II की अचल/चल परिसंपत्तियों के बदले सामयिक रेहन/बंधक रखकर समरूप प्रभार के माध्यम से संरक्षित।

*(4) कंपनी की सिक्किम राज्य में अवस्थित रंगित पवर स्टेशन की परिसंपत्तियों के बदले बैंकरों के पूर्व प्रभारों के अधीन बही ऋणों और भंडारों के बदले सामयिक रेहन/बंधक रखकर समरूप प्रभार के माध्यम से संरक्षित।

*(5) कंपनी के मणिपुर राज्य में अवस्थित लोकतक पावर स्टेशन की अचल/चल परिसंपत्तियों के बदले साम्यापूर्ण रेहन/बंधक रखकर अन्योन्य प्रभार के माध्यम से प्रतिभूत।

*(6) कंपनी के हिमाचल प्रदेश राज्य में पार्बती जल विद्युत परियोजना चरण-II की अचल तथा चल परिसंपत्तियों के बदले सामयिक रेहन/बंधक रखकर प्रथम प्रभार के माध्यम से संरक्षित।

*(7) कंपनी के हिमाचल प्रदेश राज्य में अवस्थित बैरा स्यूल पावर स्टेशन की सभी अचल तथा चल परिसंपत्तियों पर प्रथम समरूप रेहन एवं प्रभार के माध्यम से संरक्षित।

*(8) निगम के अरूणाचल प्रदेश राज्य में स्थित सुबानसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना और सिक्किम राज्य में स्थित तीस्ता लो डैम जल विद्युत परियोजना की परिसंपत्तियों को 21.02.2005 को बंधक तथा तीस्ता लो डैम III की अचल परिसम्पतियों के रेहन द्वारा संरक्षित किया गया।

## अनुसूची - 4 ऋण निधि - असंरक्षित

(करोड़ रुपए)

| | | 31 मार्च, 2006 | 31 मार्च, 2005 |
|---|---|---|---|
| **क. सावधिक ऋण** | | | |
| i) | बैंकों / वित्तीय संस्थाओं से सावधिक ऋण - भारतीय मुद्रा-असंरक्षित | 100.00 | 100.00 |
| ii) | बैंकों / वित्तीय संस्थाओं से सावधिक ऋण - विदेशी मुद्रा-असंरक्षित | 3,093.19 | 2,917.54 |
| | **जोड़ (देखें परिशिष्ट)** | **3,193.19** | **3,017.54** |

## ऋण निधियां - असंरक्षित

(करोड़ रुपए)

| | | 31 मार्च, 2006 | | 31 मार्च, 2005 |
|---|---|---|---|---|
| **बैंकों/वित्तीय संस्थाओं से आवधिक ऋण-भारतीय मुद्रा** | | | | |
| i) **इंडियन बैंक**<br>(एक वर्ष में पुनर्अदायगी के लिए देय शून्य रुपए)<br>(28.2.2012 से 3 समान किस्तों में प्रतिदेय) | | 100.00 | | 100.00 |
| **बैंको/वित्तीय संस्थाओं से आवधिक ऋण-विदेशी मुद्रा** | | | | |
| i) **एबसेक**<br>(एक वर्ष में पुनर्अदायगी के लिए देय शून्य रुपए) | - | | 107.30 | |
| ii) **नार्डिक इनवेस्टमेंट बैंक**<br>(एक वर्ष में पुनर्अदायगी के लिए देय 22.60 करोड़ रुपए) | 113.00 | | 132.94 | |
| iii) **क्रेडिट कमर्शियल डीई फ्रांस**<br>(एक वर्ष में पुनर्अदायगी के लिए देय 92.53 करोड़ रुपए) | 416.36 | | 528.79 | |
| iv) **एक्सपोर्ट डेवलपमेंट कनाडा**<br>(एक वर्ष में पुनर्अदायगी के लिए देय 53.89 करोड़ रुपए) | 503.89 | | 513.30 | |
| v) **जापान बैंक ऑफ इंटरनैशनल कोआपरेशन ट्रांश-I**<br>(एक वर्ष में पुनर्अदायगी के लिए देय 9.29 करोड रुपए) | 185.79 | | 204.10 | |
| vi) **जापान बैंक ऑफ इंटरनैशनल कोआपरेशन ट्रांश-II**<br>(एक वर्ष में पुनर्अदायगी के लिए देय शून्य रुपए) | 624.72 | | 669.60 | |
| vii) **जापान बैंक ऑफ इंटरनैशनल कोआपरेशन ट्रांश-III**<br>(एक वर्ष में पुनर्अदायगी के लिए देय शून्य रुपए) | 402.59 | | 290.06 | |
| viii) **डयूश बैंक एवं अन्य**<br>(एक वर्ष में पुनर्अदायगी के लिए देय शून्य रुपए) | 642.05 | | 251.96 | |
| ix) **ईसीबी-बारक्लेज़ एवं एससीबी**<br>(एक वर्ष में पुनर्अदायगी के लिए देय शून्य रुपए) | 204.79 | 3,093.19 | 219.49 | 2,917.54 |
| **जोड़** | | **3,193.19** | | **3,017.54** |

## अनुसूची - 5 अचल परिसंपत्तियां

(करोड़ रुपए)

| | कुल ब्लॉक | | | | मल्य ह्रास | | | | शुद्ध ब्लॉक | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1.04.2005 | सवर्धन/ समायोजन | कटौती/ समायोजन | 31.032006 | 01.04.2005 तक | वर्ष के लिए | समा-योजन | 31.03.2006 तक | 31.03.2006 | 31.03.2005 |
| फ्रीहोल्ड भूमि | 154.89 | 29.89 | 0.16 | 184.62 | - | - | - | - | 184.62 | 154.89 |
| लीजहोल्ड भूमि | 31.94 | 6.03 | 0.29 | 37.68 | 2.26 | 0.44 | (0.29) | 2.41 | 35.27 | 29.68 |
| अवर्गीकृत भूमि/उपयोग अधिकार | 443.77 | 16.03 | 0.81 | 458.99 | 7.72 | 0.86 | - | 8.58 | 450.41 | 436.05 |
| भवन | 1,003.44 | 209.79 | 17.49 | 1,195.74 | 234.98 | 32.51 | (6.89) | 260.60 | 935.14 | 768.46 |
| सड़कें व पुल | 191.33 | 72.31 | 1.84 | 261.80 | 31.22 | 5.23 | (0.19) | 36.26 | 225.54 | 160.11 |
| रेलवे साइडिंग्स | 5.43 | 9.10 | - | 14.53 | 0.05 | 0.26 | - | 0.31 | 14.22 | 5.38 |
| हाइड्रोलिक वर्क्स/बांध, जल संवाहक सिस्टम, हाइड्रो यांत्रिक गेट, सुरंग | 5,818.35 | 1,434.37 | 227.58 | 7,025.14 | 1,078.37 | 145.09 | 6.79 | 1,230.25 | 5,794.89 | 4,739.98 |
| उत्पादन संयंत्र व मशीनरी | 2,847.24 | 422.34 | 136.25 | 3,133.33 | 620.75 | 88.00 | 86.29 | 795.04 | 2,338.29 | 2,226.49 |
| संयंत्र व मशीनरी - सब स्टेशन | 65.16 | 15.40 | 0.46 | 80.10 | 28.34 | 3.18 | (0.40) | 31.12 | 48.98 | 36.82 |
| संयंत्र व मशीनरी - पारेषण लाइनें | 29.05 | 11.42 | 0.54 | 39.93 | 13.98 | 1.78 | (0.52) | 15.24 | 24.69 | 15.07 |
| संयंत्र व मशीनरी - अन्य | 10.48 | 10.62 | 0.79 | 20.31 | 5.45 | 0.79 | 0.46 | 6.70 | 13.61 | 5.03 |
| निर्माण संयंत्र | 77.40 | 7.47 | 10.02 | 74.85 | 33.51 | 6.51 | (3.91) | 36.11 | 38.74 | 43.89 |
| जल आपूर्ति सिस्टम/जल निकास/मल निकासी | 9.19 | 6.05 | 0.07 | 15.17 | 1.24 | 0.26 | (0.03) | 1.47 | 13.70 | 7.95 |
| विद्युत संस्थापन | 1.70 | 0.66 | - | 2.36 | 0.19 | 0.13 | 0.01 | 0.33 | 2.03 | 1.51 |
| वाहन | 33.50 | 1.17 | 2.24 | 32.43 | 22.16 | 3.60 | (2.04) | 23.72 | 8.71 | 11.34 |
| एयरक्राफ्ट/नौकाएं | 1.12 | 0.09 | 0.01 | 1.20 | 0.59 | 0.18 | 0.01 | 0.78 | 0.42 | 0.53 |
| फर्नीचर व फिक्सचर | 25.84 | 3.69 | 0.62 | 28.91 | 7.47 | 1.79 | (0.39) | 8.87 | 20.04 | 18.37 |
| कम्प्यूटर | 30.10 | 5.07 | 2.83 | 32.34 | 20.98 | 4.50 | (2.21) | 23.27 | 9.07 | 9.12 |
| संचार उपस्कर | 19.33 | 2.38 | 1.00 | 20.71 | 7.88 | 2.49 | (0.14) | 10.23 | 10.48 | 11.45 |
| कार्यालय उपस्कर | 25.02 | 3.27 | 0.93 | 27.36 | 5.98 | 1.74 | (0.64) | 7.08 | 20.28 | 19.04 |
| अनुसंधान व विकास | 0.98 | 0.03 | 0.20 | 0.81 | 0.19 | 0.05 | (0.02) | 0.22 | 0.59 | 0.79 |
| अमूर्त परिसम्पत्तियां | 5.47 | 1.44 | 0.18 | 6.73 | 0.19 | 0.05 | (0.04) | 4.12 | 2.61 | 3.22 |
| अन्य परिसम्पत्तियां | 31.70 | 3.21 | 0.20 | 34.71 | 9.76 | 1.86 | (0.08) | 11.54 | 23.17 | 21.94 |
| उन परिसम्पतियों पर पूंजीगत व्यय जो एनएचपीसी के स्वामित्व में नहीं है | - | 11.35 | - | 11.35 | - | - | - | - | 11.35 | - |
| मामूली कीमत की अचल परिसम्पत्तियां > 750 और < 5000 रु0 | 12.88 | 2.32 | 1.61 | 13.59 | 12.88 | 2.27 | (1.57) | 13.58 | 0.01 | - |
| अप्रचलित परिसंपत्तियां / अतिरिक्त परिसंपत्तियां | 0.97 | 0.22 | 0.36 | 0.83 | - | - | - | - | 0.83 | 0.97 |
| **जोड़** | **10,876.28** | **2,285.72** | **406.48** | **12,755.52** | **2,148.20** | **305.43** | **74.20** | **2,527.83** | **10,227.69** | **8,728.08** |
| पिछले वर्ष | 10,342.71 | 598.85 | 65.28 | 10,876.28 | 1,882.28 | 279.65 | (14.40) | 2,148.20 | 8,728.08 | 8,459.76 |

**(पिछली अवधि के 98.49 करोड़ रुपए के समायोजन सहित)**

## अनुसूची - 6 चालू पूंजीगत कार्य

(करोड़ रुपए)

| | 1.04.2005 | वर्धन | समायोजन | पूंजीकृत | 31.03.2006 |
|---|---|---|---|---|---|
| i) भवन | 563.88 | 374.52 | (8.66) | 196.78 | 732.96 |
| ii) सड़कें और पुल | 119.53 | 40.35 | (21.32) | 62.95 | 75.61 |
| iii) रेलवे साइडिंग | 9.22 | 1.99 | - | 0.84 | 10.37 |
| iv) हाइड्रोलिक कार्य, बांध, जल संवाहक सिस्टम, हाइड्रो मैकेनिकल गेट, सुरंग | 3,014.30 | 1,282.41 | (226.34) | 1,200.89 | 2,869.48 |
| v) उत्पादन संयंत्र व मशीनरी | 1,230.47 | 450.09 | (101.02) | 301.00 | 1,278.54 |
| vi) संयंत्र व मशीनरी - सब स्टेशन | 73.40 | 1.83 | (52.70) | 4.16 | 18.37 |
| vii) संयंत्र व मशीनरी -पारेषण लाइनें | 18.46 | 9.42 | (0.13) | 4.06 | 23.69 |
| viii) संयंत्र व मशीनरी -अन्य | 1.19 | 0.39 | - | 0.54 | 1.04 |
| ix) निर्माण उपस्कर | 0.04 | 2.36 | - | 2.40 | - |
| x) जल आपूर्ति सिस्टम/जल निकासी और मल निकासी | 4.86 | 2.74 | 0.55 | 3.14 | 5.01 |
| xi) उन परिसम्पतियों पर पूंजीगत व्यय जो एनएचपीसी के स्वामित्व में नहीं हैं | 0.08 | 7.13 | 5.07 | 5.35 | 6.93 |
| xii) सर्वेक्षण अन्वेषण, परामर्श और पर्यवेक्षण प्रभार | 95.60 | 18.61 | (9.76) | - | 104.45 |

(ख) भारत सरकार के निर्णय के अनुसरण में निगम ने जेएंडके पीडीसी से उड़ी-II, किशनगंगा, पकलदुल, सेवा-II, बरसर, निम्मो-बाजगो, चुटक परियोजनाएं अधिगृहीत कर ली हैं, जिनके लिए जेएंडके पीडीसी ने 84.89 करोड़ रुपए की मांग रखी है। परियोजनाओं को अधिगृहीत कर लेने के बाद हुए व्यय के अतिरिक्त निगम ने सेवा-II परियोजना के लिए हस्तांतरित की गई परिसंपत्तियों की जांच और जेएंडके पीडीसी लेखा के समाधान के आधार पर 33.66 करोड़ रुपए का कुल व्यय दर्ज किया है, जबकि उक्त परियोजना के लिए 41.45 करोड़ रुपए का दावा किया गया था। 33.66 करोड़ रुपए में से 26 करोड़ रुपए निस्तारित किए जा चुके हैं। जेएंडके पीडीसी द्वारा मांगे गए शेष व्यय को उनके द्वारा प्रस्तुत मदों और लेखों के अंतिम समाधान के उपरांत दर्ज किया जाएगा।

(ग) एनएचपीसी द्वारा 1 नवम्बर, 2003 को उत्तरांचल सरकार के साथ हस्ताक्षर किए गए समझौता ज्ञापन के अनुपालन में लखवार व्यासी परियोजना को एनएचपीसी को सौंप दिया गया था। एनएचपीसी को दिए जाने से पूर्व उत्तरांचल सरकार द्वारा इस पर व्यय की गई 246.86 करोड़ रुपए की राशि को लेखाबहियों में समाहित नहीं किया गया है क्योंकि उक्त परियोजना के निर्माण हेतु क्रियान्वयन समझौते पर उत्तरांचल सरकार के साथ हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं।

(घ) कांमबांग लघु जल विद्युत परियोजना के संबंध में 25.03.2005 को अचानक बाढ़ के कारण इन्टेक, चैनल, बाइ पास चैनल तथा गाद हटाने वाला टैंक क्षतिग्रस्त हो गया था। क्षति को अब पूरा कर दिया गया है। 0.46 करोड़ रुपए की अनुमानित हानि हेतु कोई प्रावधान नहीं किया गया है क्योंकि ऐसी राशियों की प्रतिपूर्ति राज्य सरकार द्वारा की जाती है।

8 (क) कोयलकारो व बाव I परियोजना पर खर्च को बट्टे खाते डालने के लिए चालू वर्ष के लाभ व हानि खाते में 53.76 करोड़ रुपए की राशि डाली गई है। कोयलकारो से संबंधित 24.55 करोड़ रुपए के शेष खर्च को 'समायोजन की प्रतीक्षा में खर्च' के रूप में अनुसूची 11 में दर्शाया गया है, जिसे समान राशि की शेयर पूंजी में कमी करने की प्रक्रिया पूरी होने पर समायोजित किया जाएगा।

(ख) सुबानसिरि अपर एवं सुबानसिरि मिडिल का परियोजना कार्य आईएएस 966 और 1012 पर माननीय उच्चतम न्यायालय के उस आदेश के कारण बंद हैं, जिसमें सुबानसिरि नदी पर अपस्ट्रीम बाँध बनने पर रोक लगाई गई है। तथापि अरूणाचल प्रदेश सरकार ने परियोजनाओं के निर्माण के लिए आई ए सं. 1362-63 दर्ज की है। निगम ने माननीय उच्चतम न्यायालय में अपना उत्तर पेश किया है। मामले पर सुनवाई की तारीख अभी तक तय नहीं हुई है।

(ग) अरूणाचल प्रदेश सरकार ने सिओम (सियांग मिडिल) एवं सियांग लोअर परियोजना निजी डेवलपरों को आवंटित कर दी हैं और निगम से उचित खर्च की प्रतिपूर्ति का दावा प्रस्तुत करने को कहा है। निगम ने विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के साथ मामले को उठाया है क्योंकि एनएचपीसी ने भारत सरकार के निर्णय, उपर्युक्त टिप्पणी 7(क) में उल्लिखित, के अनुसार ब्रह्मपुत्र बोर्ड से परियोजनाएं लेने के बाद इन परियोजनाओं का विस्तृत सर्वेक्षण एवं अन्वेषण किया है। भारत सरकार का निर्णय लंबित होने के कारण क्रमश: 43.06 करोड़ एवं 33.54 करोड़ रुपए पूंजीगत खर्च को चालू पूंजीगत कार्य के रूप में दर्शाया गया है।

(घ) अरूणाचल प्रदेश सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर लंबित होने के कारण, सियांग अपर परियोजना के संबंध में 27.79 करोड़ रु. के खर्च को, जिसका सर्वेक्षण व अन्वेषण कार्य एनएचपीसी को सौंपा गया था, पूंजीगत चालू कार्य में दिखाया जा रहा है।

(ङ) लोकतक डाउन स्ट्रीम परियोजना निष्पादित करने का मामला अभी भारत सरकार के विचाराधीन है; इसलिए इस परियोजना पर खर्च किए गए 28.69 करोड़ रुपए को पूंजीगत चालू कार्य के रूप में दिखाया जा रहा है।

9. कंपनी ने 534.70 करोड़ जेपीवाई के विदेशी मुद्रा ऋण के संबंध में देय तिथियों को अर्थात् 9 जनवरी तथा 9 जुलाई को ब्याज भुगतान तथा साथ ही 5 वर्षों के अंत में मूलधन की संभावित अदायगी के लिए भी सुरक्षात्मक करार किए हैं। भारत में किसी विशिष्ट लेखाकरण मानक के अभाव में तथा 'तुलनपत्र से परे मद' होने के कारण तुलनपत्र की तिथि अनुसार किसी समायोजन की आवश्यकता नहीं समझी गई है। करार से प्रत्युत्पन्न लाभ या हानि का लेखाकरण देय तिथियों को निपटान पर किया जाएगा।

10. कार्यपालकों के संबंध में 1 जनवरी 1997 से वेतन ढाँचे में संशोधन लागू होने के कारण खातों में 73.11 करोड़ का वेतन संशोधन बकाया राशि का प्रावधान किया गया है। वर्ष में लाभ पर इसका प्रभाव 15.28 करोड़ है।

11. (क) वर्ष के दौरान विदेशी विनियम में हुए उतार-चढ़ाव का प्रभाव इस प्रकार है:-

(करोड़ रुपए)

| | वर्ष 2005-06 के लिए | वर्ष 2004-05 के लिए |
|---|---|---|
| i) मूल्यह्रास को छोड़कर लाभ एवं हानि लेखा पर प्रभारित राशि | (-) 3.10 | 0.32 |
| ii) निर्माण के दौरान आनुषंगिक व्यय पर प्रभारित राशि | (-) 24.56 | (-) 12.82 |
| iii) चल रहे पूंजीगत कार्य पर प्रभारित राशि | (-) 102.31 | 4.01 |
| iv) अचल परिसंपत्तियों की वहन राशि में बढ़ोत्तरी करके समायोजित की गई राशि | 29.42 | 38.84 |
| v) मौद्रिक परिसंपत्तियों में बढ़ोत्तरी करके समायोजित की गई राशि | 0.05 | (-) 0.39 |

(ख) इस वर्ष के दौरान 'निर्माण के दौरान आनुषंगिक व्यय' में अंतरित की गई ऋण लागत की राशि 202.97 करोड़ रुपए (पिछले वर्ष 186.79 करोड़ रुपए) है।

12. (क) विद्युत उत्पादन करना निगम का मुख्य कार्य है। अन्य कार्य अर्थात् संविदा कार्य एवं परामर्शी सेवाएं इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट ऑफ इंडिया द्वारा जारी खंड रिपोर्टिंग संबंधी लेखाकरण मानक-17 के अनुसार सूचित किए जाने के योग्य खंड के तहत नहीं आते हैं।

(ख) निगम के पावर स्टेशन देश के भीतर स्थित हैं और इसलिए भौगोलिक खंड लागू नहीं होते हैं।

(ग) निगम द्वारा अर्जित 'ब्याज' आय आपूर्ति की गई ऊर्जा के लिए उनके द्वारा देय ऋणों के परिसमापन में विभिन्न राज्य विद्युत बोर्डों द्वारा निगम को जारी किए गए बांड/दीर्घावधिक अग्रिमों के संबंध में है और यह उत्पादन संबंधी कार्यकलाप के लिए है। इसी प्रकार, लाभानुभोगी राज्यों से प्राप्त विलंबित भुगतान और अधिभार उत्पादन गतिविधि को आरोप्य है।

13. अचल परिसंपत्तियों पर मूल्यह्रास निगम की महत्वपूर्ण लेखाकरण नीति सं. 5 (अनुसूची-23) के अनुसार प्रभारित किया जाता है। भारत सरकार दिनांक 6 जनवरी 2006 के संकल्प सं. 23/2/2005 आर एंड आर (खण्ड-III) के पैरा 5.3 के उप पैरा (ग) के द्वारा पहले यह अधिसूचित कर चुकी है कि केन्द्रीय विद्युत नियामक आयोग द्वारा अधिसूचित मूल्यह्रास की दरें ही टैरिफ और लेखाकरण के संबंध में भी लागू होंगी। जहां तक लाभ व हानि खाते का संबंध है, इस वर्ष मूल्यह्रास प्रभार कंपनी अधिनियम 1956 में निर्धारित दरों की तुलना में 217.86 करोड़ रुपए कम है।

14. वर्ष के दौरान लेखांकन नीतियों में परिवर्तन के कारण लाभ पर प्रभाव निम्नानुसार है

करोड़ रुपए

| नीति | वर्ष में लाभ पर प्रभाव |
|---|---|
| उस भूमि पर पूंजीगत खर्च के संबंध में जो निगम की नहीं है, नीति सं. 2.3 शामिल करना। | कोई प्रभाव नही |
| मशीनरी कलपुर्जे के संबंध में चाहे वे मुख्य संयंत्र के साथ खरीदे गए हों या बाद में, अलग से पूंजीकरण करने तथा मूल्यह्रास के संबंध में लेखांकन नीति 3.1 में संशोधन। | (-) 26.34 |
| उस भूमि पर पूंजीगत खर्च का परिशोधन करने संबंध में, जो निगम की नहीं है, नीति सं. 5.7 शामिल करना। | कोई प्रभाव नहीं |
| जहां खर्च आस्थगित किया जाना था, विविध खर्च पर पूर्व लेखांकन नीति 8 हटाना। ग्रेच्यूटी, छुट्टी नकदीकरण और सेवानिवृत्ति पश्चात चिकित्सा स्वास्थ्य योजना के लिए | (-)0.87 |
| गेच्युटी, छुट्टी नकदीकरण तथा सेवानिवृत्ति के बाद मैडिकल हैल्थ स्कीम के लिए प्रावधान करने हेतु **बीमांकक मूल्यांकन की तारीख तक** सेवानिवृत्ति लाभों के संबंध में लेखांकन नीति सं. 9 में संशोधन करना। | कोई प्रभाव नहीं |
| निर्माण संविदा से राजस्व की मान्यता के संबंध में लेखांकन नीति सं. 10 में संशोधन | कोई प्रभाव नहीं |
| प्रदत्त सेवाओं के आधार पर समर्पित प्रभाग पर खर्च की सीमा तक आर.ई. एवं पी.एम.जी.एस.वाई. कार्य के सी ओ खर्चों के आवंटन के संबंध में लेखांकन नीति सं. 11 में संशोधन। | कोई प्रभाव नहीं क्योंकि परंपरा को नीति में परिवर्तित किया गया है। |
| स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति खर्च को राजस्व में प्रभारित करने के संबंध में लेखांकन नीति सं. 13.5 शामिल करना। | (-)2.77 |

15. चूंकि भारत सरकार ने उस अवधि और उस प्रयोज्य दर, जिस पर कंपनी अधिनियम की धारा 441ए के अन्तर्गत बिक्री पर उपकर देय है, को निर्दिष्ट करते हुए समुचित अधिसूचना जारी नहीं की है इसलिए निगम ने इसके लिए प्रावधान नहीं किया है।

16. इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउटेंट ऑफ इंडिया द्वारा जारी "आय पर कर का लेखाकरण" संबंधी लेखा मानक-22 के अनुपालन में 187.90 करोड़ रुपए (पिछले वर्ष 34.32 करोड़ रुपए) की आस्थगित कर देयता का प्रावधान चालू वर्ष के दौरान किया गया है। संचयी आस्थगित कर देयता का मदवार ब्यौरा इस प्रकार है:-

(करोड़ रुपए)

| | | 31.03.2006 | 31.03.2005 |
|---|---|---|---|
| | **आस्थागित कर देयता** | | |
| i) | मूल्यह्रास | 2082.77 | 1901.03 |
| | घटाएं : आस्थगित कर परिसंपत्तियां | | |
| ii) | संचित असमाहित मूल्यह्रास | 145.38 | 173.81 |
| iii) | कर की गणना में आय समझे जाने वाले मूल्यह्रास के लिए अग्रिम | 129.95 | 129.95 |
| iv) | संदिग्ध ऋणों, बीमा, आकस्मिक खर्च और प्रोत्साहन (बांड) हेतु प्रावधान | 150.05 | 136.89 |
| v) | कर्मचारी लाभ योजना हेतु प्रावधान | 56.01 | 46.90 |
| vi) | एमएटी का क्रेडिट | | |
| | **आस्थगित कर देयता (शुद्ध)** | **1601.38** | **1413.48** |

17. इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउटेंट ऑफ इंडिया द्वारा जारी संबंधित पार्टी प्रकटीकरण संबंधी लेखा मानक-18 के अनुपालन में अपेक्षित सूचना निम्नलिखित है:-

(क) पूर्णकालिक निदेशक:

| | |
|---|---|
| श्री एस. के गर्ग | निदेशक (वित्त) 1.10.2005 से अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार |
| श्री एस.के. चतुर्वेदी | निदेशक (कार्मिक) |
| श्री एस.पी. सेन | निदेशक (तकनीकी) 4.8.2005 को कार्यभार ग्रहण किया |
| श्री ए.के. गंगोपाध्याय | निदेशक (तकनीकी) के अतिरिक्त प्रभार के साथ निदेशक (परियोजनाएं) 03.08.2005 तक और 01.05.2005 से अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (30.09.2005 को अधिवर्षिता की आयु पर सेवानिवृत्त।) |
| श्री योगेन्द्र प्रसाद | अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (30.4.2005 को अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करने के पश्चात् सेवानिवृत्त हुए) |

(ख) संबंध

| | |
|---|---|
| संयुक्त उद्यम कंपनियां | शून्य |

(ग) व्यवसाय की सामान्य प्रक्रिया में संबंधित पार्टियों के साथ किए गए कारोबार का ब्यौरा

| | |
|---|---|
| (i) उपर्युक्त मद (क) में उल्लिखित पार्टियों से संबंधित ब्यौरे | शून्य |
| (ii) उपर्युक्त मद (ख) में उल्लिखित पार्टियों से संबंधित ब्यौरे | लागू नहीं |

18. प्रति शेयर अर्जन

प्रति शेयर अर्जन (आधारभूत तथा कम किया गया) की गणना हेतु विचार किए गए तत्व निम्नानुसार हैं-

| | वर्ष 2005-06 के लिए | वर्ष 2004-05 के लिए |
|---|---|---|
| गणक के तौर पर उपयोग किया गया कर पश्चात शुद्ध लाभ (करोड़ रु.) | 742.75 | 684.58 |
| इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या - आधारभूत | 98972844 | 88816419 |
| डिनॉमीनेटर के रूप में उपयोग की गई - कम किया गया | 102411137 | 92304045 |
| प्रति शेयर अर्जन (रुपए) - आधारभूत | 75.05 | 77.08 |
| - कम किया गया | 72.53 | 74.17 |
| प्रति शेयर अंकित मूल्य (रुपए) | 1000 | 1000 |

19. प्रबंधन का यह मत है कि लेखांकन मानक के (एएस-28) प्रावधानों के अंतर्गत 31 मार्च 2006 को हानिकरण का कोई मामला विद्यमान नहीं है।

20. (क) निदेशकों को भुगतान किए गए/देय पारिश्रमिक (करोड़ रुपए)

| | वर्ष 2005-06 के लिए | 2004-05 के लिए |
|---|---|---|
| (i) वेतन एवं भत्ते | 0.42 | 0.34 |
| (ii) भविष्य निधि में अंशदान | 0.04 | 0.03 |
| (iii) रिहायशी आवास के लिए किराया | 0.08 | 0.07 |
| (iv) अन्य लाभ | 0.03 | 0.03 |
| (v) सिटिंग शुल्क | - | - |

(ख) पूर्णकालिक निदेशकों को कार्यालय संबंधी यात्रा के लिए और वित्त वर्ष में भुगतान पर 12000 कि.मी. तक निजी यात्रा के लिए कंपनी की कार का उपयोग करने की अनुमति भी थी, जिसका ब्यौरा इस प्रकार है:-

| | गैरवातानुकूलित कार | वातानुकूलित कार |
|---|---|---|
| 16 एचपी तक | 325 रुपए प्रति महीना | 520 रुपए प्रति महीना |
| 16 एचपी से अधिक | 490 रुपए प्रति महीना | 780 रुपए प्रति महीना |

21. सांविधिक लेखापरीक्षकों को पारिश्रमिक

(करोड़ रुपए)

| | वर्ष **2005-06** के लिए | वर्ष **2004-05** के लिए |
|---|---|---|
| सांविधिक लेखापरीक्षा शुल्क | 0.20 | 0.13 |
| कर लेखापरीक्षा शुल्क | 0.04 | 0.04 |
| लेखापरीक्षा व्यय | 0.32 | 0.22 |
| अन्य मामले | 0.01 | 0.06 |
| **लागत परीक्षक** | | |
| लेखा परीक्षा शुल्क | 0.05 | – |
| लेखा परीक्षा खर्च | 0.01 | – |

22. उत्पादन की गई और बेची गई ऊर्जा से संबंधित परिमाणात्मक ब्यौरे:

| | वर्ष **2005-06** के लिए | वर्ष **2004-05** के लिए |
|---|---|---|
| (i) लाइसेंस प्राप्त क्षमता (मेगावाट) | लागू नहीं | लागू नहीं |
| (ii) संस्थापित क्षमता (मेगावाट)*** | 2729.20 | 2,449.20 |
| (iii) वास्तविक उत्पादन (मिलियन यूनिट में)* | 12567.15 | 11286.43 |
| (iv) वास्तविक बिक्री (मिलियन यूनिट में)** | 10787.46 | 9758.62 |

* अस्थिर विद्युत सहित

** गृह राज्यों को नि:शुल्क विद्युत को छोड़कर

*** लोकतक पावर स्टेशन की क्षमता 4-4-2006 से 105 मेगावाट से 90 मेगावाट की गई

23

(करोड़ रुपए)

| | वर्ष **2005-06** के लिए | वर्ष **2004-05** के लिए |
|---|---|---|
| क)* सीआईएफ आधार पर आयातित संयंत्र, मशीनरी और कल-पुर्जों का मूल्य | 2.27 | 20.22 |
| ख)* विदेशी मुद्रा में व्यय | | |
| i) जानकारी | 1.19 | 0.28 |
| ii) ब्याज | 108.47 | 116.75 |
| iii) अन्य विविध मामले | 335.24 | 311.37 |
| ग)* प्रचालनात्मक यूनिटों में उपयोग में आए कलपुर्जों एवं घटकों का मूल्य | | |
| i) आयातित | 5.12 (35%) | 5.38 (77%) |
| ii) स्वदेशी | 9.54 (65%) | 1.60 (23%) |
| घ)** विदेशी मुद्रा में आय<br>i) ब्याज<br>ii) अन्य | – | – |

* संभूति आधार

** नकद आधार

24. नकद एवं बैंक अधिशेषों में दिनांक 30.03.2006 के स्वीकृति आदेश सं. 11/12/2005 डी ओ (एनएचपीसी)के तहत इक्विटी के संबंध में विद्युत मंत्रालय से हाथ में प्राप्त 20.38 करोड़ रुपए (पिछले वर्ष 158.89 करोड़ रुपए) की चैक राशि शामिल है।

25. पिछले वर्ष के आंकड़ों/इतिशेष को, आवश्यकतानुसार यथासंभव नए लेखा वर्गीकरण करने सहित पुन: वर्गीकृत/पुन: निर्धारित किया गया है। मूल्यह्रास पर अग्रिम को नया लेखा चार्ट शुरु करने के कारण चमेरा I और उड़ी पावर स्टेशन के संबंध में 99.03 करोड़ रुपए के अतिरिक्त मूल्यह्रास प्रभाव को समायोजित करने के उद्देश्य से पूर्व अवधि की बिक्री के रूप में 88.85 करोड़ रुपए की राशि को प्रत्यावर्तित किया गया है।

| **विजय गुप्ता** | **एस. पी. सेन** | **एस. के. गर्ग** |
|---|---|---|
| कम्पनी सचिव | निदेशक (तकनीकी) | अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक |

**स्थान : नई दिल्ली**
**दिनांक : 31 मई, 2006**

## तुलन-पत्र का सार एवं कंपनी के सामान्य व्यवसाय की रूपरेखा

I **पंजीकरण विवरण**

पंजीकरण संख्या: 3 2 5 6 4

राज्य कोड: 0 5

तुलन-पत्र की तिथि: 3 1 | 0 3 | 2 0 0 6

II वर्ष के दौरान जुटाई गई पूंजी **(करोड़ रुपए में)**

सार्वजनिक निर्गम: शू न्य

राइट निर्गम: शू न्य

बॉण्ड निर्गम: शू न्य

निजी नियोजन*: 6 4 2 . 8 2

* भारत सरकार से प्राप्त हिस्सा पूंजी जमाराशि शामिल है

III निधियों के संग्रहण तथा नियोजन की स्थिति **(करोड़ रुपए में)**

कुल देयताएं: 2 5 1 0 5 . 6 1

कुल परिसंपत्तियां: 2 5 1 0 5 . 6 1

**निधियों के स्रोत**

प्रदत्त पूंजी #: 1 0 5 7 6 . 0 9

आरक्षित तथा अधिशेष $: 5 7 4 0 . 0 7

संरक्षित ऋण: 3 9 7 3 . 5 0

असंरक्षित ऋण: 3 1 9 3 . 1 9

# इसमें 20.38 रु. की शेयर पूंजी जमा तथा ईक्विटी में समायोजन-योग्य भारत सरकार की निधि के 340.43 करोड़ रु. शामिल हैं।

$ इसमें मूल्यहृास के प्रति अग्रिम के लिए प्राप्त 1030.18 करोड़ रु. की राशि की आय भी शामिल है।

**निधियों का प्रयोग**

शुद्ध नियत परिसंपत्तियां: 1 9 8 5 0 . 8 3 @

निवेश: 3 8 3 2 . 8 1

शुद्ध चालू परिसंपत्तियां: (-) 2 2 5 . 3 4

विविध व्यय: 2 4 . 5 5

संचित हानि: शू न्य

@ इसमें 8844.19 करोड़ रुपए के चालू पूंजीगत कार्य और 778.95 करोड़ रुपए के निर्माण भंडार व अग्रिम शामिल हैं।

IV **कंपनी का कार्य निष्पादन (करोड़ रुपए में)**

कारोबार

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 6 | 2 | . | 9 | 2 |

**

कुल व्यय

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | 6 | 1 | . | 5 | 0 |

कर-पूर्व लाभ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 1 | 2 | . | 1 | 6 |

कर पश्चात लाभ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 2 | . | 7 | 5 |

प्रति शेयर अर्जन रुपए में

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | - | 0 | 5 |

लाभांश राशि

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 2 | 3 | . | 0 | 0 |

** इसमें 310.73 करोड रुपए की अन्य आय शामिल नहीं है।

V **कंपनी के तीन प्रधान उत्पादों/सेवाओं के जातिगत नाम**

i) उत्पाद विवरण

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | द्यु | त | | का | | उ | त्पा | द | न | | | | | | | | | |

मद कोड संख्या

| | | |
|---|---|---|
| – | – | – |

ii) उत्पाद विवरण

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नि | र्मा | ण | | सं | वि | दा | एं | | | | | | | | | | | |

मद कोड संख्या

| | | |
|---|---|---|
| – | – | – |

iii) उत्पाद विवरण

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | रा | म | र्शी | | से | वा | एं | | | | | | | | | | | |

मद कोड संख्या

| | | |
|---|---|---|
| – | – | – |

हमारी समसंख्यक तारीख की संलग्न रिपोर्ट के अनुसार
**कृते बत्रा सप्रा एण्ड कंपनी**
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स

**निदेशक मंडल** के लिए तथा की ओर से

**(ए.एल बत्रा)**
भागीदार
सदस्यता संख्या 16929

**विजय गुप्ता**
कंपनी सचिव

**एस.पी.सेन**
निदेशक (तकनीकी)

**एस.के.गर्ग**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

**स्थान : नई दिल्ली**
**दिनांक : 31 मई, 2006**

# 31 मार्च, 2006 को समाप्त वर्ष के लिए तुलनपत्र के साथ संलग्न कैश फ्लो विवरण

(करोड़ रुपए)

| | 31 मार्च, 2006 को | | 31 मार्च, 2005 को | |
|---|---|---|---|---|
| **क. प्रचालन गतिविधियों से कैश फ्लो** | | | | |
| **कर-पूर्व शुद्ध लाभ एवं असाधारण मदें** | | 812.16 | | 777.53 |
| **जोड़ें :** | | | | |
| मूल्यह्रास | 366.55 | | 252.09 | |
| टैरिफ समायोजन | 51.80 | | 86.54 | |
| प्रदत्त ब्याज | 291.82 | | 329.14 | |
| स्वबीमा | 52.93 | | 48.86 | |
| परिशोधित आस्थगित राजस्व व्यय | 0.02 | | 0.80 | |
| माल सूचियों के मूल्य में कमी | 0.15 | | 0.11 | |
| बट्टे खाते डाले गए/प्रावधानित परियोजना व्यय | 53.76 | | | |
| प्रावधानें | 11.43 | | 25.58 | |
| संदेहास्पद ऋणों के लिए प्रावधान | 0.08 | | | |
| परिसंपत्तियों की बिक्री पर हानि | 0.13 | | 4.23 | |
| विनिमय दर अंतर | (3.10) | | 0.32 | |
| मूल्यह्रास के प्रति अग्रिम | (40.97) | | 131.75 | |
| **घटाएं** | 784.60 | | 879.42 | |
| आस्तियों की बिक्री पर लाभ | 0.71 | | 3.12 | |
| आस्थगित राजस्व व्यय | (1.15) | | 1.26 | |
| ग्राहकों को दी गई छूट | 31.26 | | 30.06 | |
| आधिक्य प्रावधान एवं देयताएं लेखे में ली गई | 1.97 | | 102.85 | |
| लाभांश आय | 4.47 | 747.34 | 2.26 | 739.87 |
| **कार्यशील पूंजी समायोजनों से पूर्व प्रचालनात्मक गतिविधियों से कैश फ्लो** | | 1559.50 | | 1517.40 |
| **कार्यशील पूंजी परिवर्तन** | | | | |
| मालसूचियों में (वृद्धि)/कमी | (7.66) | | 0.14 | |
| संविदात्मक चालू कार्य में (वृद्धि)/कमी | (50.30) | | (16.29) | |
| प्राप्यों में (वृद्धि)/कमी | 187.08 | | 174.23 | |
| कारोबार एवं अन्य संदेयों में (वृद्धि)/कमी | 106.60 | 235.72 | 203.42 | 361.50 |
| **प्रचालन गतिविधियों से कर पूर्व कैश फ्लो** | | 1795.22 | | 1878.90 |
| घटाएं : कर | | 84.89 | | 80.86 |
| **प्रचालन गतिविधियों से कर पूर्व कैश फ्लो (क)** | | **1710.33** | | **1798.04** |
| **ख. निवेश गतिविधियों से कैश फ्लो** | | | | |
| नियत परिसंपत्तियों के क्रय एवं निर्माण परियोजनाओं पर व्यय (निर्माण के दौरान आनुषंगिक व्यय सहित) | | (1995.88) | | (2476.77) |
| नियत आस्तियों के निपटान पर बिक्री प्राप्तियां | | 383.24 | | 59.06 |
| सहायक कंपनियों एवं अन्यों के | | (30.00) | | (83.16) |
| शेयरों में निवेश प्राप्त लाभांश | | 4.47 | | 2.26 |
| **निवेश गतिविधियों से शुद्ध कैश फ्लो (ख)** | | **(1638.17)** | | **(2498.61)** |
| **ग. वित्तीय गतिविधियों से कैश फ्लों** | | | | |
| अंश पूंजी निर्गम से प्राप्तियां | | 622.44 | | 1145.35 |
| अंश पूंजी जमाराशि | | 20.38 | | 158.89 |
| प्रदत्त लाभंश एवं लाभांश कर | | (164.20) | | (143.37) |
| उधारों पर प्राप्तियां (शुद्ध) | | 147.99 | | 173.70 |
| ब्याज एवं वित्तीय प्रभार | | (468.25) | | (496.69) |
| **वित्तीय गतिविधियों से शुद्ध कैश फ्लो (ग)** | | **158.36** | | **837.88** |
| नकद एवं नकद समतुल्यों में शुद्ध (वृद्धि)/कमी (क+ख+ग) | | **230.52** | | **137.31** |
| **वर्ष के आरंभ में नकद एवं नकद समतुल्य** | | 311.68 | | 174.37 |
| **वर्ष के अंत में नकद एवं नकद समतुल्य** | | 542.20 | | 311.68 |

**कैश फ्लो विवरण की स्पष्टीकरण टिप्पणियां**

1. नकद एवं नकद समतुल्यों में विद्यमान नकद तथा विद्यमान चैकों ड्राफ्टों सहित बैंक शेष शामिल हैं।
2. ऋणों के निर्वहन एवं उन पर अर्जित ब्याज के लिए आवंटित बांड जो कोर उत्पादन गतिविधि से संबद्ध हैं, को प्रचालन गतिविधियों से नकद का भाग माना गया है।
3. नियत परिसम्पत्तियों एवं चालू निर्माण कार्यों में निवेश में 208.18 करोड़ रुपए का पूंजीकृत ब्याज एवं वित्तीय प्रभार शामिल नहीं है।
4. विगत वर्ष के आंकड़ों को पुन: समूहबद्ध/पुन: व्यवस्थित/पुन: तैयार किया गया है।

हमारी समसंख्यक तिथि की संलग्न रिपोर्ट के अनुसार
**कृते बत्रा सप्रा एण्ड कंपनी**
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स

**निदेशक मंडल** के लिए तथा की ओर से

**(ए.एल.बत्रा)**
भागीदारी
सदस्यता संख्या 16929

**विजय गुप्ता**
कम्पनी सचिव

**एस.पी.सेन**
निदेशक (तकनीकी)

**एस.के.गर्ग**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

**स्थान** : नई दिल्ली
**दिनांक** : 31 मई, 2006

## 31 मार्च, 2006 को समाप्त वर्ष हेतु कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 619(4) के अंतर्गत नैशनल हाइड्रोइलैक्ट्रिक पावर कारपोरेशन लिमिटेड के लेखे पर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियां

| | टिप्पणियाँ | प्रबन्धन का उत्तर |
|---|---|---|
| क. | **तुलन-पत्र** | |
| | **चालू पूंजीगत कार्य (अनुसूची-6) - 8844.19 करोड़ रुपए** | |
| | पार्वती-II, तीस्ता-V तथा सेवा-II परियोजनाओं में इलैक्ट्रो-मैकेनिकल तथा हाइड्रो-मैकेनिकल मदों की आपूर्ति के संबंध में शेष भुगतान हेतु देयताओं के गैर-लेखांकन के कारण उक्त को 30.82 करोड़ रुपए से कम बताया गया है । यह वर्तमान देयताओं तथा प्रावधानों (अनुसूची-10) को भी 30.82 करोड़ रुपए से कम बताए जाने में परिणत हुआ है । | नोट कर लिया गया है । |
| ख. | **लाभ एवं हानि लेखा** | |
| | **कर पश्चात लाभ - 742.75 करोड़ रुपए** | |
| | कम्पनी के लाभ को निम्नलिखित कारणों से 1.75 करोड़ रुपए अधिक बताया गया है - | |
| (i) | अक्तूबर, 2005 माह हेतु गारण्टी शुल्क को धौलीगंगा परियोजना के संबंध में प्रचालन तथा अनुरक्षण अवधि और निर्माण अवधि के मध्य सही प्रकार से आवंटित नहीं किया गया है । यह अचल परिसंपत्तियों (निवल ब्लाक) को 76 लाख रुपए और वर्ष हेतु लाभ को 76 लाख रुपए अधिक बताए जाने में परिणत हुआ । | 76 लाख रुपए की राशि प्रचालन तथा अनुरक्षण और निर्माण अवधि के दौरान गारण्टी शुल्क के आवंटन हेतु भिन्न पद्धतियों को अपनाने के कारण उत्पन्न हुई है। तथापि, इस स्थिति की 2006-07 के दौरान समीक्षा की जाएगी । |
| (ii) | रंगित पावर स्टेशन में मंद और स्थिर मदों के संबंध में 53 लाख रुपए का प्रावधान नहीं किया गया है। यह वर्ष हेतु माल सूची तथा लाभ को 53 लाख रुपए अधिक बताए जाने में परिणत हुआ । | नोट कर लिया गया है |
| (iii) | कंबाग लघु परियोजना में इंटेक चैनल, बाई-पास चैनल और डीसिल्टिंग टैंक को क्षति के कारण 46 लाख रुपए की अनुमानित हानि के संबंध में प्रावधान न किए जाने वाली लेखे पर टिप्पणियों की टिप्पणी संख्या 7 (डी) की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है । चूंकि अरूणाचल प्रदेश की राज्य सरकार ने यह निर्णय लिया था कि पुनरूद्धार लागत कम्पनी द्वारा वहन की जाएगी, अनुमानित हानि का प्रावधान न किया जाना संविदाओं तथा परामर्शी व्यय को कम बताए जाने और वर्ष हेतु लाभ को 46 लाख रुपए से अधिक बताए जाने में परिणत हुआ । | निगम ने तथ्यों का पता लगाने के लिए एक समिति गठित की है और आगामी कार्रवाई 2006-07 के दौरान की जाएगी जोकि समिति की रिपोर्ट और प्रबंधन द्वारा उसे स्वीकार किए जाने पर निर्भर करती है । |
| ग. | **लेखे पर टिप्पणियां (अनुसूची-24)** | |
| (i) | **आकस्मिक देयता (टिप्पणी संख्या -1)- 3547.65 करोड़ रुपए** | |
| | सुबानसिरी लोअर परियोजना के संबंध में मुआवजे के प्रति लाइगी गांव के वासियों द्वारा किए गए 50.39 करोड़ रुपए के दावे को शामिल न किए जाने के कारण इसे कम बताया गया है । | नोट कर लिया गया है |
| (ii) | **पूंजीगत लेखे पर निष्पादित किए जाने के लिए शेष संविदाओं की अनुमानित राशि और जिनके लिए प्रावधान नहीं किया गया (टिप्पणी संख्या-2) 8359.26 करोड़ रुपए ।** | |
| | उक्त को अन्य एजेंसियों की ओर से निर्माण संविदाओं के संबंध में निष्पादन के लिए शेष संविदाओं की राशि के 142.92 करोड़ रुपए को शामिल न किए जाने के कारण अधिक बताया गया है । | नोट कर लिया गया है |

**निदेशक मण्डल** के लिए तथा की ओर से

| | |
|---|---|
| हस्ता/- | हस्ता/- |
| (मीरा स्वरूप) | (एस.के.गर्ग) |
| प्रधान निदेशक, वाणिज्य लेखा परीक्षा एवं पदेन सदस्य, लेखा परीक्षा बोर्ड- III, नई दिल्ली | अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक |
| स्थान : नई दिल्ली | स्थान : फरीदाबाद |
| दिनांक : 18 जुलाई, 2006 | दिनांक : 28 जुलाई, 2006 |

## 31 मार्च, 2006 को समाप्त वर्ष के लिए नैशनल हाइड्रोइलैक्ट्रिक पावर कारपोरेशन लि. फरीदाबाद, के लेखों की भारत के नियंत्रक व महालेखापरीक्षक द्वारा समीक्षा

नोट - लेखों की इस समीक्षा को सांविधिक लेखापरीक्षक की रिपोर्ट में दी गई अहर्यताओं और कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 619 (4) के अंतर्गत की गई टिप्पणियों को ध्यान में रखे बिना तैयार किया गया है।

### 1. वित्तीय स्थिति

नीचे दी गई तालिका में पिछले तीन वर्षों की वित्तीय स्थिति का सार मुख्य शीर्षकों के अंतर्गत प्रस्तुत किया गया है।

(करोड़ रुपए)

| देयताएं | 2003-2004 | 2004-2005 | 2005-2006 |
|---|---|---|---|
| **क) प्रदत्त पूंजी** | | | |
| i) सरकारी (इक्विटी में समंजन योग्य सरकारी निधि सहित) | 8629.03 | 9933.27 | 10576.09 |
| ii) अन्य | | | |
| **ख) आरक्षित व अधिशेष** | | | |
| i) आरक्षित व अधिशेष | 3338.40 | 3863.77 | 4352.24 |
| ii) आरक्षित पूंजी | 0.06 | 0.06 | 0.06 |
| iii) स्व बीमा | 255.81 | 304.66 | 357.59 |
| **ग) उधार** | | | |
| i) वित्तीय संस्थानों से | 3143.19 | 3076.26 | 3073.50 |
| ii) विदेशी मुद्रा ऋण | 2606.43 | 2917.54 | 3093.19 |
| iii) नकद उधार/अल्प अवधि ऋण | 42.16 | 0.00 | 0.00 |
| iv) अन्य | 1056.00 | 1028.00 | 1000.00 |
| **घ)** i) चालू देयताएं और प्रावधान | 1130.54 | 1142.05 | 1406.55 |
| ii) ग्रेच्युटी के लिए प्रावधान | 155.94 | 183.91 | 216.21 |
| **च)** आस्थगित कर देयताएं (शुद्ध) | . | . | . |
| **छ)** अग्रिम रूप में प्राप्त आय | | | |
| i) मूल्यह्रास के बदले पेशगी | 939.40 | 1071.15 | 1030.18 |
| **कुल** | **21296.96** | **23520.67** | **25105.61** |
| **परिसंपत्तियां** | | | |
| **ज)** सकल ब्लॉक | 10342.71 | 10876.28 | 12755.52 |
| **झ)** घटाएं : संचयी मूल्यह्रास | 1882.95 | 2148.20 | 2527.83 |
| **ट)** शुद्ध ब्लॉक | 8459.76 | 8728.08 | 10227.69 |
| **ठ)** निर्माण भंडार व पेशगियों सहित चालू पूंजीगत कार्य | 7781.38 | 9557.33 | 9623.14 |
| **ड)** निवेश | 3660.87 | 3769.43 | 3832.81 |
| **ढ़)** चालू परिसंपत्तियां, ऋण व पेशगियां | 1394.24 | 1464.65 | 1397.42 |
| **त)** बट्टे खाते न डाला गया विविध खर्च | 0.71 | 1.18 | 24.55 |
| **कुल** | **21296.96** | **23520.67** | **25105.61** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **थ)** कार्यकारी पूंजी (ट-घ(i)) | 263.70 | 322.60 | 09.13 |
| **द)** नियोजित पूंजी (ट+थ) | 8723.46 | 9050.68 | 10218.56 |
| **ध)** नियत मूल्य (क ख (i)-त) | 11966.72 | 13795.86 | 14903.78 |
| **न)** प्रदत्त पूंजी का प्रति रुपए शुद्ध मूल्य (रुपए में) | 1.39 | 1.39 | 1.41 |

## 2. निधियों के स्रोत और उपयोग

वर्ष के दौरान 2261.24 करोड़ रुपए की निधियां आंतरिक और बाह्य स्रोतों से एकत्र की गई और उनका नीचे दिए अनुसार उपयोग किया गया :

| | (करोड़ रुपए) |
|---|---|
| **निधियों के स्रोत** | **2005-2006** |
| संचालन से प्राप्त निधियाँ | |
| क) वर्ष के लिए लाभ | 742.75 |
| जोड़ें : वर्ष के दौरान मूल्यह्रास | 379.63 |
| जोड़े : स्व बीमा रिजर्व में वृद्धि | 52.93 |
| कुल (क) | 1175.31 |
| ख) प्रदत्त पूंजी में वृद्धि | 642.82 |
| ग) उधार निधियों में वृद्धि | 144.89 |
| घ) ग्रेच्यूटी के लिए प्रावधान में वृद्धि | 32.30 |
| च) कार्यकारी पूंजी में कमी | 252.62 |
| छ) चालू पूंजी में कमी | 13.30 |
| **कुल** | **2261.24** |
| **निधियों का उपयोग** | |
| क) स्थिर परिसंपत्तियों में वृद्धि | 1879.24 |
| ख) मूल्यह्रास के बदले पेशगी में कमी | 40.97 |
| ग) प्रदत्त लाभांश | 254.28 |
| घ) बट्टे खाते में डाला गया विविध खर्च | 23.37 |
| च) निवेश | 63.38 |
| **कुल** | **2261.24** |

## 3. कार्यकारी परिणाम

31मार्च, 2006 को समाप्त पिछले तीन वर्षों के कंपनी के कार्यकारी परिणाम नीचे दिए गए हैं :

(करोड़ रुपए)

| | **2003-2004** | **2004-2005** | **2005-2006** |
|---|---|---|---|
| i) बिक्री | 1276.09 | 1449.98 | 1614.11 |
| ii) अन्य या विविध आय | 551.69 | 393.80 | 359.55 |
| iii) कर पूर्व लाभ व पूर्व अवधि समायोजन | 641.30 | 782.88 | 818.55 |
| iv) पूर्व अवधि समायोजन | 2.18 | -5.35 | -6.39 |
| v) कर पूर्व लाभ | 643.48 | 777.53 | 812.16 |
| vi) कर के लिए प्रावधान | 22.10 | 92.95 | 69.41 |
| vii) कर के बाद लाभ | 621.38 | 684.58 | 742.75 |
| viii) प्रस्तावित लाभांश (लाभांश कर सहित) | 135.38 | 159.21 | 254.28 |

### 4. अनुपात विश्लेषण

31 मार्च, 2006 को समाप्त पिछले तीन वर्षों की समाप्ति पर कंपनी की वित्तीय स्थिति और कार्य प्रणाली के बारे में कुछ महत्वपूर्ण वित्तीय अनुपात नीचे दिए गए हैं :

(प्रतिशत में)

| | 2003-2004 | 2004-2005 | 2005-2006 |
|---|---|---|---|
| **क) लिक्विडिटी अनुपात** | | | |
| चालू अनुपात (चालू देयताओं व प्रावधान के लिए चालू परिसंपत्तियों और उपचित एवं देय ब्याज लेकिन ग्रेच्यूटी के लिए प्रावधान को छोड़कर) {ट/घ(i)} | 1.23 | 1.28 | 0.99 |
| **ख) डेबिट इक्विटी अनुपात** | 0.57 | 0.51 | 0.48 |
| दीर्घ अवधि डेबिट शुद्ध मूल्य के लिए {ग(i से iv तक लेकिन अल्प अवधि ऋणों को छोड़कर)/घ} | | | |
| **ग) लाभ अनुपात** | | | |
| निम्न के लिए लाभ (कर पूर्व) | | | |
| (i) नियोजित पूंजी | 7.38 | 8.59 | 7.95 |
| (ii) निवल मूल्य | 5.38 | 5.64 | 5.45 |
| (iii) बिक्री | 50.43 | 53.62 | 50.32 |
| (iv) इक्विटी | 7.46 | 7.83 | 7.68 |
| **घ) प्रति शेयर अर्जन (रुपए में)** | 74.57 | 77.08 | 75.05 |

### 5. वस्तुसूची स्तर

31 मार्च, 2006 को समाप्त पिछले तीन वर्षों की समाप्ति पर वस्तुसूची स्तर नीचे दिए अनुसार है :

(करोड़ रुपए)

| | 2003-2004 | 2004-2005 | 2005-2006 |
|---|---|---|---|
| भंडार, पुर्जे एवं लूज टूल्स | 53.79 | 49.52 | 51.80 |

### 6. विविध देनदार

31 मार्च, 2006 को समाप्त पिछले तीन वर्षों के विविध देनदार और बिक्री संबंधी ब्यौरे नीचे दिए अनुसार हैं :

(करोड़ रुपए)

| | विविध देनदार | | | बिक्री | प्रतिशत में |
|---|---|---|---|---|---|
| 31 मार्च को | कंसीडर्ड गुड | संदेहजनक माना गया | कुल | (उत्पाद शुल्क के सहित) | बिक्री के विविध देनदार |
| 2004 | 498.96 | 84.75 | 583.71 | 1276.09 | 45.74 |
| 2005 | 450.87 | 77.56 | 528.43 | 1449.98 | 36.44 |
| 2006 | 161.56 | 77.07 | 238.63 | 1614.11 | 14.78 |

वर्ष 2005-2006 की समाप्ति पर विविध देनदारों का अवधि के अनुसार विवरण नीचे दिए अनुसार है :

| | |
|---|---|
| **6 महीने से कम के लिए बकाया देनदार** | 26.99 |
| **6 महीने से 1 वर्ष के लिए** | 7.87 |
| **1 वर्ष से 3 वर्ष के लिए** | 3.32 |
| **3 वर्ष और उससे अधिक के लिए** | 200.45 |
| **कुल** | **238.63** |

ह/-

**(मीरा स्वरूप)**

प्रधान निदेशक वाणिज्यिक लेखा परीक्षा
व पदेन सदस्य, लेखा परीक्षा, बोर्ड-III , नई दिल्ली

**स्थान : नई दिल्ली**
**दिनांक : 18 जुलाई, 2006**

## कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 212 के अनुसरण में सहायक कंपनी से संबंधित विवरण

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कंपनी का नाम एवं पता | नर्मदा हाइड्रोइलैक्ट्रिक डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड, एनएचडीसी परिसर, होटल लेक व्यू अशोका के पास, श्यामला हिल्स, भोपाल (मध्य प्रदेश) |
| 2. | सहायक कंपनी के वित्तीय वर्ष का समापन | 31.03.2006 |
| 3. | नैशनल हाइड्रोइलैक्ट्रिक पावर कारपोरेशन लिमिटेड और इसके नामितों द्वारा उपरोक्त तारीख को धारित सहायक कंपनी का अंश | |
| | (क) शेयरों की संख्या और अंकित मूल्य | 1000/- रु. प्रत्येक के पूर्णतः प्रदत्त 100,24,200 इक्विटी शेयर |
| | (ख) धारण की सीमा | जारी किए गए 1,96,25,800 शेयरों में से 1,00,24,200 शेयर नैशनल हाइड्रोइलैक्ट्रिक पावर कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा धारित हैं। |
| 4. | सहायक कंपनी की शुद्ध सकल लाभ/(हानि) राशि, जहां तक इसका संबंध नैशनल हाइड्रोइलैक्ट्रिक पावर कारपोरेशन लिमिटेड के सदस्यों से है तथा इसे एनएचपीसी लिमिटेड के लेखे में **नहीं दर्शाया** गया है। | |
| | (i) सहायक कंपनी के लिए 31 मार्च, 2006 को समाप्त वित्तीय वर्ष | (क) तुलन-पत्र में अग्रेनीत 81.91 करोड़ रुपए का 51 प्रतिशत अर्थात् 41.77 करोड़ रुपए लाभ के रूप में<br>(ख) 10.82 करोड़ रुपए का लाभांश जो 21.22 करोड़ रुपए की अनुशंसित लाभांश राशि का 51 प्रतिशत है |
| | (ii) सहायक कंपनी के पिछले वित्तीय वर्षों के लिए, जब से यह सहायक कंपनी बनी है। | तुलन-पत्र से अग्रेनीत 35.92 करोड़ रुपए का 51 प्रतिशत अर्थात् 18.32 करोड़ रुपए लाभ के रूप में। |
| 5. | सहायक कंपनी की शुद्ध सकल लाभ/(हानि) राशि, जहां तक इसका संबंध नैशनल हाइड्रोइलैक्ट्रिक पावर कारपोरेशन लिमिटेड के सदस्यों से है तथा इसे एनएचपीसी लिमिटेड के लेखे में दर्शाया गया हो। | |
| | (i) सहायक कंपनी के लिए 31 मार्च, 2006 को समाप्त वित्तीय वर्ष | शून्य |
| | (ii) सहायक कंपनी के पिछले वित्तीय वर्षों के लिए, जब से यह सहायक कंपनी बनी है। | 4.69 करोड़ रुपए का लाभांश, जो 9.20 करोड़ रुपए की अनुशंसित लाभांश राशि का 51 प्रतिशत है। |
| 6. | सहायक कंपनी और नैशनल हाइड्रोइलैक्ट्रिक पावर कारपोरेशन लिमिटेड के वित्तीय वर्ष की समाप्ति के बीच सहायक कंपनी में नैशनल हाइड्रोइलैक्ट्रिक पावर कारपोरेशन लिमिटेड के हिस्से में परिवर्तन | शून्य |
| 7. | वर्तमान देयताओं को पूरा करने के प्रयोजन को छोड़कर अन्य प्रयोजन के लिए सहायक कंपनी की नियत परिसंपत्तियों, निवेशों, ऋण देने और लेने के लिए सहायक कंपनी और नैशनल हाइड्रोइलैक्ट्रिक पावर कारपोरेशन लिमिटेड के वित्तीय वर्ष की समाप्ति के बीच महत्वपूर्ण परिवर्तन | शून्य |

**निदेशक मंडल** के लिए तथा की ओर से

| | | |
|---|---|---|
| **विजय गुप्ता** | **एस. पी. सेन** | **एस. के. गर्ग** |
| कम्पनी सचिव | निदेशक (तकनीकी) | अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक |



1000 मेगावाट इंदिरा सागर पावर स्टेशन (मध्य प्रदेश)-पावर हाउस

एन एच डी सी

NHDC

तमसो मा ज्योतिर्गमय

# निदेशकों की रिपोर्ट

**सेवा में सदस्यगण,**

नर्मदा हाइड्रोइलैक्ट्रिक डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड

आपके निदेशकों को 31 मार्च, 2006 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु आपकी कम्पनी की छठी वार्षिक रिपोर्ट और साथ ही लेखापरीक्षित लेखे, लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट और भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की टिप्पणियों को प्रस्तुत करते हुए अत्यन्त हर्ष हो रहा है ।

वित्तीय विशिष्टताएं

(लाख रुपए में)

| विवरण | 2005-06 | 2004-05* |
|---|---|---|
| विद्युत की बिक्री | 33598 | 17767 |
| मूल्यह्रास, ब्याज (वित्तीय प्रभार सहित) तथा कर से पूर्व लाभ | 29855 | 14699 |
| मूल्यह्रास | 6013 | 3820 |
| मूल्यह्रास के पश्चात और ब्याज तथा कर से पूर्व लाभ | 23842 | 10879 |
| ब्याज तथा वित्तीय प्रभार | 12020 | 7099 |
| मूल्यह्रास तथा ब्याज के पश्चात किन्तु कर पूर्व लाभ | 11822 | 3780 |
| कर | 1212 | 385 |
| मूल्यह्रास, ब्याज तथा कर पश्चात लाभ | 10610 | 3395 |
| पहले के वर्षो के लाभ तथा हानि लेखे का अधिशेष | 3592 | 966 |
| **विनियोजन हेतु उपलब्ध लाभ** | **14202** | **4361** |

पुन: समूहबद्ध किए अनुसार

**विनियोजन**

| | | |
|---|---|---|
| प्रस्तावित लाभांश | 2122 | 680 |
| आय कर के लिए प्रावधान (लाभांश पर) | 297 | 89 |
| आरक्षित तथा अधिशेष में अग्रेषित बकाया लाभ | 11783 | 3592 |

वर्ष 2005-06 के दौरान निगम का कारोबार (टर्न ओवर) **335.98 करोड़ रुपए** था और कर पश्चात निवल लाभ **106.10 करोड़** रुपए था जबकि पिछले यह क्रमश: **177.67 करोड़ रूपए** और **33.95 करोड़ रूपए** था और इस प्रकार इसमें पिछले वर्ष की तुलना में 212.52 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई । वर्ष 2005-06 के दौरान इन्दिरा सागर परियोजना से पिछले वर्ष की 1331.85 मिलियन यूनिट की तुलना में **2573.36 मि.यू.** ऊर्जा उत्पादित की गई । एनएचडीसी ने लाभग्राही को इस ऊर्जा की बिक्री से **223.55 करोड़ रूपए** की राशि वसूल की है।

## लाभांश

कम्पनी ने वित्त वर्ष 2005-06 के दौरान **335.98 करोड़ रुपए** का राजस्व अर्जित किया है। कम्पनी की **106.10 करोड़ रूपए** की लाभप्रदता को ध्यान में रखते हुए, बोर्ड ने समीक्षाधीन वर्ष के लिए एनएचपीसी तथा मध्य प्रदेश सरकार को भुगतान के लिए कम्पनी की इक्विटी पर लाभ के **20 प्रतिशत को लाभांश** के रूप में देने की सिफारिश की है, जोकि शेयरधारकों की आगामी वार्षिक आम बैठक में अनुमोदन प्राप्त किए जाने की शर्त के अधीन है ।

## कार्यो की प्रगति

### इन्दिरा सागर परियोजना (आईएसपी)

इन्दिरा सागर परियोजना (1000 मेगावाट) की सभी 8 इकाइयां पहले से ही चालू हो चुकी थी और इस परियोजना को 2 जून, 2006 को माननीय केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री ने मध्य प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री की उपस्थिति में राष्ट्र को समर्पित किया । परियोजना ने कमी वाले मध्य प्रदेश को पूरी क्षमता से विद्युत देना प्रारम्भ कर दिया है और चालू होने से अब तक 4415 मि.यू. विद्युत मुहैया कराई जा चुकी है।



*1000 मेगावाट इंदिरासागर पावर स्टेशन (मध्य प्रदेश)-बांध*

### पुनर्वास तथा पुनर्स्थापना कार्य

इन्दिरा सागर परियोजना के निर्माण के कारण 249 गांव डूबने वाले क्षेत्र में आते है । जिसमें से केवल 38 गांवों में केवल सरकारी भूमि ही डूबने वाले क्षेत्र में आएगी । पुनर्वास किए जाने वाले कुल 39178 परियोजना प्रभावित परिवारों में से जून, 2006 तक 39081 परियोजना प्रभावित परिवारों का पुनर्वास किया जा चुका है ।


*520 मेगावाट ओंकारेश्वर परियोजना (मध्य प्रदेश)-निर्माणाधीन बांध*

### ओंकारेश्वर परियोजना (ओएसपी)

ओंकारेश्वर परियोजना मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में ओंकारेश्वर मंदिर के निकट इंदिरा सागर परियोजना से 40 किलोमीटर डाउनस्ट्रीम में नर्मदा नदी पर स्थित है और यह निर्माण के अंतिम चरण में है । 520 मेगावाट (8 x 65 मेगावाट) की स्थापित क्षमता वाली ओकारेश्वर परियोजना एक बहुउददेशीय परियोजना है जिससे प्रारम्भिक चरण में 1166 मि.यू. वार्षिक ऊर्जा उत्पादन और 1.47 लाख हेक्टेयर खेती योग्य क्षेत्र (सीसीए) पर 2.83 लाख हेक्टेयर की वार्षिक सिंचाई की जाएगी । चूंकि ओएसपी से विद्युत उत्पादन इन्दिरा सागर परियोजना से विनियमित जल की निकासी पर निर्भर करेगा इसलिए यह आईएसपी से लाभांवित परियोजनाओं में से एक होगी । बांध की कंक्रीटिंग, विद्युतगृह, एचआरसी तथा स्विचयार्ड का कार्य तेजी से चल रहा है और यह निर्धारित कार्यक्रम से आगे है । 9 रेडियल गेट, स्पाइरल केसिंग की 8 इकाइयों की खुदाई और 33 स्विचयार्ड टावर भी पूरे हो चुके हैं । हाइड्रोलिक हाइस्ट, पावर पैक, इलेक्ट्रिकल उपकरण, ड्राफ्ट टयूब गेट, इनटेक गेट, स्टॉपलॉग आदि के स्थापन का कार्य प्रगति पर है । मई, 2006 के अंत तक परियोजना पर 2224.73 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत की तुलना में 1402.84 करोड़ रुपए का व्यय किया जा चुका है ।

### पुनर्वास तथा पुनर्स्थापन कार्य

कुल 30 गांव प्रभावित हो रहे हैं, जिसमें से केवल 3 गांवों में ही सरकारी भूमि प्रभावित हो रही है । पुनर्वास किए जाने वाले सभी 27 गांवों के लिए धारा 4 तथा 6 जारी की जा चुकी है । सभी 27 गांवों हेतु कार्य दिया जा चुका है । स्थानांतरित किए जाने वाले कुल 4319 परियोजना प्रभावित परिवारों में से जून, 2006 तक 1415 परियोजना प्रभावित परिवारों का पुनर्वास पूरा किया जा चुका है ।

### नई परियोजनाएं

एनएचडीसी को मध्य प्रदेश में नर्मदा नदी पर आईएसपी के अपस्ट्रीम में 3 नई परियोजनाओं नामत: बौरास (55 मेगावाट), होशंगाबाद (60 मेगावाट ) और हण्डिया (51 मेगावाट) की डीपीआर तैयार करने का कार्य सौंपा गया है । नए स्थलों पर सर्वेक्षण तथा ड्रिलिंग का कार्य प्रगति पर है । मध्य प्रदेश सरकार के साथ इन नई परियोजनाओं हेतु समझौता ज्ञापन पर शीघ्र ही हस्ताक्षर किए जाएंगे ।

### पर्यावरण तथा वन

पर्यावरणीय पहलुओं हेतु निगमित दायित्वों को पूर्णत: मानते हुए पर्यावरण एवं वन मंत्रालय की सभी शर्तो का अनुपालन सही रूप में किया जा रहा है । 86043 हेक्टेयर के कुल लक्ष्य (नए क्षेत्र के 4587 हेक्टेयर सहित) की तुलना में 85818 हेक्टेयर के क्षेत्र पर प्रतिपूरक वनीकरण पूर्ण हो चुका है । इसी प्रकार, 62975 हेक्टेयर के लक्षित क्षेत्र पर वन तथा गैर-वन क्षेत्रों में जलग्राहय क्षेत्र उपचार कार्य लगभग पूरा हो चुका है ।

पुरातत्व रूप से महत्वपूर्ण स्मारकों के स्थान बदलने/पुनरूद्धार से संबंधित कार्य आईएसपी हेतु पूरा हो चुका है और ओएसपी हेतु यह लगभग पूरा होने को हैं । संत सिंहाजी की समाधि के पुनर्स्थापन का कार्य चल रहा है । जोगा किले की सुरक्षा दीवार का निर्माण पूरा हो चुका है । इसके अतिरिक्त, वन्यजीव हेतु प्रवास की क्षति को पूरा करने के लिए एक राष्ट्रीय पार्क तथा 2 अभ्यारण्य भी स्थापित किए जा रहे हैं ।

### सतर्कता क्रियाकलाप

एनएचडीसी का सतर्कता विभाग आम अनियमितताओं/ चूक को रोकने के लिए परियोजनाओं तथा कारपोरेट कार्यालय के विभिन्न कार्यो तथा रिकार्डो की समय-समय पर नियमित/औचक रूप से जाँच करके बिना किसी बाधा के कार्य कर रहा है ।

निवारात्मक सतर्कता के एक हिस्से के तौर पर कर्मचारियों के मध्य जागरूकता उत्पन्न करने के लिए कारपोरेट कार्यालय तथा परियोजना स्तर पर सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए गए हैं ।

### राजभाषा क्रियान्वयन रिपोर्ट

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान निगम ने राजभाषा क्रियाकलापों तथा इसके क्रियान्वयन को प्रोत्साहन देने के लिए सभी प्रयास किए । इस दिशा में राजभाषा नीति के क्रियान्वयन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान/कार्यनिष्पादन हेतु निम्नलिखित सम्मान/पुरस्कार प्राप्त हुए हैं ।

- नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम), भोपाल से एक 'विशेष पुरस्कार' ।
- अखिल भारतीय राष्ट्रभाषा विकास सम्मेलन, गाजियाबाद द्वारा सीईडी, एनएचडीसी को 'राजभाषा शिखर सम्मान' ।
- पांडिचेरी में हुए अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में 'प्रशस्ति सम्मान' से सम्मानित।
- गाजियाबाद में अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन द्वारा एनएचडीसी की 'आरोहण' पत्रिका (राजभाषा स्मारिका) को सांत्वना पुरस्कार ।

राजभाषा क्रियाकलापों को एक नया आयाम देने और राजभाषा के प्रोत्साहन के लिए एक अंतर परियोजना वृहद हिंदी कार्यशाला आयोजित की गई है जिसे विभिन्न मंचों पर काफी सराहा गया । इसके अतिरिक्त, समय-समय पर संबंधित क्रियाकलापों के आयोजन के अलावा हिंदी पखवाड़ा/दिवस के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं/क्रियाकलाप आयोजित किए गए ।

## मानव संसाधन विकास और सामाजिक विकास

मानव संसाधन विकास समूह पर्यवेक्षकीयं, प्रबंधकीय तथा तकनीकी कौशलों के उन्नयन हेतु प्रतिबद्ध है । अधिकारियों तथा स्टॉफ को नियमित रूप से तकनीकी तथा प्रबंधकीय विषयों के विभिन्न पहलुओं को कवर करने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों/संगोष्ठियों /कार्यशालाओं / पुनश्चर्या पाठ्यक्रमों के लिए भेजा जाता है । एक व्यवस्थित वार्षिक प्रशिक्षण कैलेंडर बनाया जाता है ताकि प्रत्येक कर्मचारी को उचित प्रशिक्षण प्राप्त हो। प्रबंधकीय तथा तकनीकी कौशलों के सतत उन्नयन को प्राप्त करने के लिए आंतरिक व्यावसायिक सत्र भी आयोजित किए जाते हैं । अन्य संस्थानों के विद्वानों को भी उनकी विशेषज्ञता से लाभ उठाने के लिए आंमत्रित किया जाता है । हमारे वरिष्ठ अधिकारियों ने भी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लिया है ।

पदाधिकारियों ने शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य योग आदि पर नियमित रूप से पाठयक्रमों में भाग लिया है । एनएचडीसी की आध्यात्मिक समिति, कारपोरेट कार्यालय, आईएसपी तथा ओएसपी में ध्यान हेतु नियमित सत्र आयोजित करती रहती है । इन आध्यात्मिक क्रियाकलापों से निगम के कर्मचारियों की कार्यदक्षता में काफी वृद्धि हुई है ।

एनएचडीसी अपने परियोजना स्थलों पर आधुनिक कार्यालयों और अतिथि गृह, विद्यालय, पार्क, क्लब, सामुदायिक केन्द्र तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र के साथ सुसज्जित कालोनी स्थापित कर रही है । परियोजना स्थल पर चिकित्सा सुविधाएं भी मुहैया कराई गई हैं । इन्दिरा सागर परियोजना के नर्मदा नगर में 12वीं कक्षा तक का केन्द्रीय विद्यालय भी सफलतापूर्वक चल रहा है ।

वर्ष के दौरान कल्याण संस्था के माध्यम से नियमित सामाजिक विकास के क्रियाकलाप आयोजित किए गए । एनएचडीसी अब कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व हेतु नीतियां बनाने के लिए भी कार्य कर रहा है क्योंकि यह श्रमशक्ति और उनके परिवारों तथा साथ ही व्यापक पैमाने पर स्थानीय समुदाय तथा सामाजिक जीवन की गुणवत्ता में सुधार करके नैतिक व्यवहार करने तथा आर्थिक विकास में योगदान देकर व्यापार करने की इसकी सतत प्रतिबद्धता के अनुसार है ।

## औद्योगिक संबंध

समूचे वर्ष के दौरान औद्योगिक संबंध सौहार्दपूर्ण रहे और किसी भी श्रमदिवस की कोई हानि नहीं हुई है।

## अनु.जा. /अनु.जन.जाति/ अ.पि.व. हेतु आरक्षण

निगम की सेवा में अनु.जा./अनु.जन.जाति / अ.पि.व. हेतु पदों के आरक्षण के संबंध में समय-समय पर कर्मचारियों की भर्ती तथा पदोन्नति हेतु जारी किए गए निदेशों के अनुसार अनुदेशों का पालन किया गया ।

## ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी समावेशन और विदेशी मुद्रा आय तथा व्यय

कम्पनी (निदेशक मण्डल की रिपोर्ट में ब्योरों का प्रकटीकरण) नियमावली, 1988 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 217(1) (ई) के प्रावधानों के अनुसार ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी समावेशन और विदेशी मुद्रा आय तथा व्यय के संबंध में सूचना इस रिपोर्ट के अनुबंध - 'क' में दी गई है ।

## लेखा परीक्षक

वर्ष 2005-06 हेतु लेखा परीक्षा करने के लिए मैसर्स ओ.पी. टोटला एण्ड कम्पनी, चार्टर्ड एकाउन्टेंट, इन्दौर को 'सांविधिक लेखा परीक्षक' नियुक्त किया गया था ।

## लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट

लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट, निगम की अनुसूची-24 में शामिल की गई विभिन्न टिप्पणियों का उल्लेख करती है, जो स्वत: स्पष्ट है । लेखा परीक्षकों की टिप्पणियां और उन पर प्रबंधन के उत्तर को अनुबंध- 'ख' में दिया गया है । भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियां और उन पर प्रबंधन के उत्तर इस रिपोर्ट के अनुबंध-'ग' के रूप में संलग्न किए गए हैं ।

### निदेशकों के उत्तरदायित्व का विवरण

निदेशकों के उत्तरदायित्व के विवरण, कंपनी संशोधन अधिनियम, 2000 की धारा 217 (2एए) अपेक्षा के अनुपालन में एतद्द्वारा यह पुष्टि की जाती है कि -

(i) 31 मार्च, 2006 को समाप्त वित्तीय वर्ष के वार्षिक लेखे तैयार करने में लेखाकरण के लिए लागू मानकों का अनुपालन किया गया और साथ ही वास्तविक विचलनों के संबंध में उचित स्पष्टीकरण दिए गए हैं ।

(ii) यह कि कंपनी ने ऐसी लेखांकन नीतियों का चयन कर उन्हें निरन्तर लागू किया है तथा ऐसे निर्णय लिए हैं तथा अनुमान लगाए हैं जो कि तर्कसंगत तथा विवेकपूर्ण हैं, ताकि वे वित्तीय वर्ष के अंत में कम्पनी के कार्यो की स्थिति और उस अवधि हेतु कम्पनी के लाभ का एक वास्तविक तथा उचित तस्वीर पेश करते हैं;

(iii) यह कि कम्पनी ने कम्पनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा करने और किसी धोखाधड़ी तथा अन्य अनियमितताओं के निवारण तथा पता लगाने के लिए कम्पनी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के अनुसार समुचित लेखांकन रिकार्डो के अनुरक्षण पर उचित तथा पर्याप्त ध्यान दिया है;

(iv) 31 मार्च, 2006 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष हेतु लेखे 'निरंतर संबंध' आधार पर तैयार किए गए हैं ।

### लेखा परीक्षा समिति

बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति में श्री एस.के.डोडेजा, मुख्य कार्यपालक .निदेशक, श्री आई.सी. जैन, सदस्य (विद्युत), एन.वी.डी.ए और श्री राजेश डोंगरे, निदेशक शामिल हैं । उक्त लेखा परीक्षा समिति ने कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 292क के अंतर्गत यथापेक्षित बोर्ड को प्रस्तुत किए जाने से पूर्व वार्षिक वित्तीय सारणियों की समीक्षा की है ।

### कर्मचारियों के ब्यौरे

कम्पनी (कर्मचारियों के ब्यौरे) नियमावली, 1975 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 217 (2ए) के अंतर्गत अपेक्षित सूचना शून्य मानी जाए ।

### निदेशकों के ब्यौरे

बोर्ड के संघटन में 6 अन्य निदेशकों के साथ 01 अक्तूबर, 2005 से श्री एस.के.गर्ग, कम्पनी के सीएमडी के रूप में हैं ।

मध्य प्रदेश सरकार ने अब एनवीडीए के बोर्ड में श्री उदय कुमारन वर्मा, प्रधान सचिव, एनवीडीडी तथा उपाध्यक्ष, एनवीडीए और श्री आई.सी जैन, सदस्य (विद्युत), एनवीडीए को क्रमश: 22.4.2006 तथा 9.1.2006 से बोर्ड में नामित किया है ।

श्री रणबीर सिंह, तत्कालीन अपर मुख्य सचिव, एनवीडीडी, जो मध्य प्रदेश सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे थे, अब एनएचडीसी के निदेशक नहीं हैं ।

श्री ए.के. गंगोपाध्याय 30 सितम्बर, 2005 को अधिवर्षिता की आयु पूरी होने पर एनएचडीसी के सीएमडी नहीं रहे ।

एनएचपीसी ने 2 नवम्बर, 2005 से एनएचडीसी के बोर्ड में श्री टी.एन. गोपालकृष्ण, जोकि अब कम्पनी के निदेशक नहीं रहे हैं, के स्थान पर श्री आर.के.तनेजा को नामित किया है ।

यह बोर्ड, कम्पनी से सेवानिवृत्त हुए निदेशकों के योगदान एवं मार्गदर्शन के लिए अपना आभार प्रकट करता है ।

### आभार

बोर्ड विभिन्न मंत्रालयों, राज्य सरकार और अन्य सरकारी एजेंसियों द्वारा कार्य के विभिन्न स्तर पर दिए गए मार्ग-दर्शन तथा सहयोग के लिए कृतज्ञता पूर्ण आभार व्यक्त करता है ।

बोर्ड सांविधिक लेखा परीक्षकों, बैंकरों एवं अन्य संबंधित प्राधिकरणों द्वारा सहयोग की सराहना करता है ।

साथ ही बोर्ड, निगम के उन सभी समर्पित कर्मचारियों को भी इस अवसर पर धन्यवाद देता है, जिनके बहुमूल्य योगदान और पूर्ण सहयोग के बिना कम्पनी की उपलब्धियां संभव नहीं हो पाती ।

**निदेशक मण्डल** के लिए तथा की ओर से
**अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक**

**दिनांक : 07.07.2006**
**स्थान : दिल्ली**

**ऊर्जा संरक्षण**

| क्रम सं. | मांगी गई सूचना | उत्तर |
|---|---|---|
| क. | किए गए और किए जा रहे ऊर्जा संरक्षण उपाय | (1) ऊर्जा उपभोग में कमी हेतु एनएचडीसी कार्यालय भवन में सीएफएल स्थापित किए गए हैं।<br>(2) ऊर्जा संरक्षण के संबंध में जागरूकता बढाने हेतु कार्यालय/परियोजना में रोशनी प्रणाली तथा अन्य विद्युत उपकरणों में ऊर्जा बचत हेतु सामान्य दिशा-निर्देश परिचालित किए गए हैं । |
| ख.<br>ग. | ऊर्जा की खपत के लिए किए जा रहे अतिरिक्त निवेश तथा प्रस्ताव, यदि कोई हो।<br>ऊर्जा उपभोग की कमी हेतु उपर्युक्त (क) तथा (ख) पर उल्लिखित उपायों का प्रभाव और इसके परिणामस्वरूप सामान के उत्पादन की लागत पर प्रभाव; | वर्तमान में एनएचडीसी द्वारा में प्रत्यक्ष निवेश का कोई प्रस्ताव नहीं है।<br>यह ऊर्जा उपभोग में कमी करने में सहायता करेगा। |
| घ. | तत्संबंधी अनुसूची में विनिर्दिष्ट उद्योगों के संबंध में तत्संबंधी अनुबंध के फार्म -क के अनुसार कुल ऊर्जा उपभोग और उत्पादन की प्रति यूनिट पर ऊर्जा की खपत। | एनएचडीसी इस अनुसूची में उल्लखित उद्योगों की श्रेणी में नहीं आती है । |

**फार्म -बी**

| क्र.सं. | मांगी गई सूचना | उत्तर |
|---|---|---|
